www.livehindustan.com

1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# हिन्दुस्तान

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
9 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

• पांच प्रदेश • 21 संस्करण



विदेश मंत्री ने टोक्यो में कहा, ग्लोबल साउथ के देश भारत पर विश्वास जताते हैं

सत्यमेव जयते
असम सरकार

## प्रधानमंत्री के विजन को साकार करते हुए
## उत्तर पूर्व को भारत की अष्टलक्ष्मी के रूप में सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम



**प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 73,000 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश के साथ उत्तर पूर्व में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शुभारंभ और शिलान्यास करेंगे**

### प्रगति की ओर असम की निरंतर गति

**12 प्रमुख परियोजनाएँ**

उद्घाटन • लोकार्पण • शिलान्यास

**सभी परियोजनाओं की कुल लागत 17,500 करोड़ रुपए**

मुख्य अतिथि
**श्री नरेन्द्र मोदी**
प्रधानमंत्री

*गरिमामयी उपस्थिति*

**श्री गुलाब चन्द कटारिया**
राज्यपाल, असम

**डॉ. हिमंत विश्व शर्मा**
मुख्यमंत्री, असम

9 मार्च 2024 | दोपहर 12 बजे | मेलेंग मेटेली, जोरहाट, असम

### उद्घाटन/ लोकार्पण

**ग्रामीण विकास परियोजनाएँ**

- प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत निर्मित 5,55,555 आवासों में गृहप्रवेश — परियोजना लागत 8,500 करोड़ रुपए

**स्वास्थ्य परियोजनाएँ**

- असम सरकार की एआईएफए के तहत तिनसुकिया मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, तिनसुकिया — परियोजना लागत 620 करोड़ रुपए

**हाइड्रोकार्बन परियोजनाएँ**

- प्रधानमंत्री ऊर्जा गंगा के हिस्से के रूप में बरौनी-गुवाहाटी प्राकृतिक गैस पाइपलाइन — परियोजना लागत 4000 करोड़ रुपए
- नाहरकटिया-बरौनी कच्चे तेल पाइपलाइन के बरौनी-बंगाईगाँव-गुवाहाटी खंड की पंपिंग क्षमता में वृद्धि। — परियोजना लागत 600 करोड़ रुपए
- दुलियाजान के 1 नंबर पंप स्टेशन से डिगबोई रिफाइनरी तक कच्चे तेल के स्पार लाईन का प्रतिस्थापन — परियोजना लागत 50 करोड़ रुपए

**रेलवे परियोजनाएँ**

- न्यू बंगाईगाँव-गोवालपाड़ा-कामाख्या दोहरीकरण परियोजना के तहत धूपधरा-छयगांव खंड का दोहरीकरण — लंबाई-34 किमी — परियोजना लागत 810 करोड़ रुपए
- न्यू बंगाईगाँव-रंगिया-आग्याथुरी दोहरीकरण परियोजना के तहत न्यू बंगाईगाँव-सोरभोग खंड का दोहरीकरण — लंबाई-36 किमी — परियोजना लागत 520 करोड़ रुपए

**कुल व्यय: 15,100 करोड़ रुपए**

### शिलान्यास

- पीएम-डिवाइन योजना के तहत 100 सीटों के साथ डिमौ, शिवसागर में शिवसागर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल — परियोजना लागत 500 करोड़ रुपए
- पीएम-डिवाइन योजना के तहत डॉ. बी बरुआ कैंसर संस्थान, गुवाहाटी में हेमेटो-लिम्फोइड और बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी केंद्र — परियोजना लागत 300 करोड़ रुपए
- डिगबोई रिफाइनरी की 0.65 से 1 एमएमटीपीए तक क्षमता विस्तार — परियोजना लागत 800 करोड़ रुपए
- सीआरयू की स्थापना के साथ गुवाहाटी रिफाइनरी का 1.0 से 1.2 एमएमटीपीए तक विस्तार — परियोजना लागत 500 करोड़ रुपए
- आईओसीएल के बेटकुची (गुवाहाटी) टर्मिनल पर सुविधाओं का नवीनीकरण/संवर्द्धन — परियोजना लागत 300 करोड़ रुपए

**कुल व्यय: 2,400 करोड़ रुपए**





Janasanyog No. D/19095/23/09-Mar-24

सीधा प्रसारण DD NEWS

जनसंयोग चक्कर | my GOV मेरी सरकार

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय, असम द्वारा प्रचारित | Connect with us @diprassam | dipr.assam.gov.in

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • सदैव


भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
9 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

● पांच प्रदेश ● 21 संस्करण

विदेश मंत्री ने टोक्यो में कहा, ग्लोबल साउथ के देश भारत पर विश्वास जताते हैं





UPRERAPRJ308567
WWW.UP-RERA.IN/PROJECTS




PRESENTING

# THE GOLDSPIRE
LIFESTYLE RESIDENCES

AT

# Palm Olympia
An Urban Serenity

## 3 BHK + STUDY PREMIUM AIR-CONDITIONED APARTMENTS

SUPREME LOCATION ✦ EXPANSIVE VIEWS ✦ OPULENT FINISHES

THE EXCLUSIVE 'CLUB HARMONIE' FOR GOLDSPIRE RESIDENTS, PROMISES A LUXURIOUS LIFESTYLE. INDULGE IN LEISURE, WELLNESS, SPORTS & CULINARY DELIGHTS: ALL IN ONE EXQUISITE SETTING.

✦ ✦ ✦ ✦ ✦ ✦ ✦

96209 96209 | PALMOLYMPIA.COM

GH 02, SECTOR 16C, GREATER NOIDA (WEST)

AVAIL INAUGURAL LAUNCH PRICE. BOOKINGS START FROM MARCH 10

Developer

SAMINDIA

GFX: 4DESIGN.CO.IN

PROMOTED BY: SAM INDIA ABHIMANYU HOUSING / PROJECT NAME: PALM OLYMPIA, PHASE 2

COLLECTION A/C DETAILS: SIAH COLLECTION A/C FOR PALM OLYMPIA PH2, ACCOUNT NO: 50200076773572. IFSC: HDFC0005212, HDFC BANK , GAUR CITY 1, GREATER NOIDA (WEST)

MEMBER OF CREDAI

**PROMOTED BY: Sam India Abhimanyu Housing | SITE ADDRESS: Plot No. GH-02 , Sector 16C, Greater Noida ( West) , Gautam Buddha Nagar, UP-201318**

Disclaimer: The Promoter: SamIndia Abhimanyu Housing is developing the Project 'Palm Olympia Ph-2' duly registered with UPRERA registration no. UPRERAPRJ308567 (www.up-rera.in) .The images, appearances, colours, etc. given herein are mere artistic impression for representation purposes only and do not constitute an offer an invitation to offer and/or commitment of any nature between the promoter and the recipient. The data/information herein is intended to give a general understanding of the subject matter and is subject to change without any prior notice. Readers are therefore requested to verify all details, including area, amenities, services, terms of sale and payment schedule and other relevant terms independently with the promoter prior to arriving at any decision of buying any apartments / spaces in the said project. The binding offering shall be governed by the terms and conditions of the Agreement for Sale only. In no event will the Promoter be liable for any claim made by the reader including seeking any cancellation and/or withdrawal for any of the inaccuracies in the information provided in the advertisement, though all the efforts have been made to ensure accuracy. We also do not hold any responsibility for any information provided by any broker/ channel partner/property dealer or made available on any website/email communication other than official website/email/correspondence.

www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936
सत्य • सार्थक • संदेश

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

शनिवार
9 मार्च 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 60, 22 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.75 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण

अश्विनी वैष्णव बोले, डीपफेक, भ्रामक सूचना पर कानून चुनाव के बाद P-08






भारत सरकार

cbc 22201/13/0336/2324

मोदी सरकार की गारंटी

भारत बनेगा विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

10 वर्षों में 11वें से 5वें स्थान पर आया भारत

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें

हमारा संकल्प विकसित भारत


प्रधानमंत्री ने देश के सर्वश्रेष्ठ कंटेंट क्रिएटर्स को सम्मानित किया

# दुनिया को भारत के बारे में बताएं रचनाकार : मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के अलग-अलग माध्यमों से विभिन्न प्रकार की सामग्री का सृजन करने वालों (कंटेंट क्रिएटर्स) को शुक्रवार को सम्मानित किया। मोदी ने भारत मंडपम में प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार (नेशनल क्रिएटर्स पुरस्कार) प्रदान करने के बाद कहा कि आइए हम भारत के बारे में सृजन करें, दुनिया के लिए सृजन करें।

मोदी ने पुरस्कार प्रदान करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए कहा, आइए, हम सब मिलकर क्रिएट ऑन इंडिया मूवमेंट की शुरुआत करें। हम भारत से, भारत की संस्कृति, भारत की विरासत और परंपराओं से जुड़ी कहानियां पूरी दुनिया के साथ साझा करें। ऐसा कंटेंट क्रिएट करें, जिससे देश को भी ज्यादा लाइक मिलें। हमें वैश्विक दर्शकों को जोड़ना चाहिए।

**मैथिली ठाकुर को सांस्कृतिक राजदूत पुरस्कार :** ग्रीन चैंपियन श्रेणी में प्रवेश पांडे को पुरस्कृत किया गया, कीर्तिका गोविंदसामी को सर्वश्रेष्ठ कहानीकार का पुरस्कार दिया गया। गायिका मैथिली ठाकुर को कल्चरल एंबेसडर ऑफ द ईयर का पुरस्कार मिला। टेक श्रेणी में गौरव चौधरी, यात्रा निर्माता पुरस्कार कामिया जानी को दिया गया।

**नारी शक्ति को हिस्सा बनाएं :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को शुभकामनाएं देते हुए रचनाकारों से आग्रह किया कि वे नारी शक्ति को अपने विषय-वस्तु का हिस्सा बनाएं। प्रधानमंत्री ने कहा कि रचनात्मकता गलत धारणाओं को भी ठीक कर सकती है।



नई दिल्ली के भारत मंडपम में शुक्रवार को आयोजित प्रथम राष्ट्रीय सर्जक पुरस्कार समारोह के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अरिदमन को सर्वश्रेष्ठ माइक्रो क्रिएटर अवार्ड से सम्मानित किया। • एजेंसी

### अगली शिवरात्रि पर भी आऊंगा...

मोदी ने कहा, संभव हो तो अगली शिवरात्रि पर मैं ऐसा ही कार्यक्रम करूंगा। दर्शकों द्वारा अबकी बार 400 पार के नारे के बीच प्रधानमंत्री ने कहा, यह मोदी की गारंटी नहीं है, बल्कि 140 करोड़ भारतीयों की गारंटी है।

### अरिदमन सर्वश्रेष्ठ माइक्रो क्रिएटर

प्रधानमंत्री मोदी ने अध्यात्म और वैदिक एस्ट्रोलॉजी के लिए अरिदमन को 'बेस्ट माइक्रो क्रिएटर अवार्ड' से सम्मानित किया। अरिदमन ज्योतिष, अध्यात्म के बारे में लोगों को जानकारी देते हैं। > संबंधित खबर P08

# कांग्रेस की पहली सूची जारी, राहुल गांधी वायनाड से लड़ेंगे

नई दिल्ली, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कांग्रेस ने शुक्रवार को उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी केरल की वायनाड सीट से चुनाव लड़ेंगे।

राहुल के अमेठी से लड़ने पर स्थिति स्पष्ट नहीं है, क्योंकि यूपी की किसी सीट पर प्रत्याशी की घोषणा नहीं हुई है। दिल्ली की उन तीन सीटों का भी जिक्र नहीं है, जो आम आदमी पार्टी से समझौते के तहत कांग्रेस को मिली हैं।

पहली सूची में 39 उम्मीदवारों के नामों का ऐलान किया गया है। कांग्रेस ने केरल की 16, छत्तीसगढ़ की छह, कर्नाटक की सात, तेलंगाना की चार, मेघालय की दो, लक्षद्वीप, सिक्किम, नगालैंड, त्रिपुरा की एक-एक सीट पर प्रत्याशियों के नामों का ऐलान किया गया है।

सूची में संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई वरिष्ठ नेताओं के नाम शामिल हैं। वेणुगोपाल ने बताया, उम्मीदवारों की पहली सूची में 15 उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्पसंख्यक समुदायों से हैं। केंद्रीय चुनाव समिति ने गुरुवार को कई राज्यों में 40 सीट के लिए प्रत्याशी के नाम पर मुहर लगाई थी।

> राजनीतिक न्याय P07



**39** उम्मीदवारों के नामों का सूची में ऐलान किया गया है

**15** उम्मीदवार सामान्य वर्ग से और 24 अन्य वर्ग से शामिल हैं

### 11 मार्च को होने वाली बैठक में होगा मंथन

वेणुगोपाल ने बताया कि कांग्रेस सीईसी की अगली बैठक 11 मार्च को होगी, जिसमें कई राज्यों की लोकसभा सीटों के प्रत्याशियों को लेकर मंथन किया जाएगा।

### थरूर तिरुवनंतपुरम से

राहुल गांधी संसदीय क्षेत्र केरल की वायनाड सीट से फिर चुनाव लड़ेंगे। वेणुगोपाल केरल की अलप्पुझा और बघेल छत्तीसगढ़ की राजनांदगाव सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे। वहीं, तिरुवनंतपुरम से शशि थरूर, कोरबा से ज्योत्सना महंत, महासमुंद से ताम्रध्वज साहू चुनाव मैदान में उतरेंगे।

**अंदर**



समाजसेवी और प्रख्यात लेखिका सुधा मूर्ति को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया है ........P08



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर सिलेंडर की कीमत में 100 रुपये की कटौती की गई ........P08

## प्रमुख पांच

**छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दर नहीं बदली**

1 छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में पहली तिमाही में कोई बदलाव नहीं हुआ है। P13

**संदेशखाली में शाहजहां शेख के आवास पर छापा**

2 सीबीआई ने ईडी टीम पर हमले के मामले में शाहजहां शेख के आवास पर छापे मारे। P12

**एसबीआई की अर्जी पर 11 को सुनवाई**

3 चुनावी बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट में एसबीआई की अर्जी पर 11 को सुनवाई होगी। P07

**दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस 'समा'**

4 कतर की सरकारी एयरलाइन में अब एआई एयर होस्टेस 'समा' मौजूद रहेगी। P15

**स्वर्ण नैनो कण उम्र का असर रोकने में सक्षम**

5 एक शोध के अनुसार, स्वर्ण नैनो कण बढ़ती उम्र का असर रोकने में सक्षम है। P08


# आप ने दिल्ली से चुनावी अभियान का बिगुल फूंका

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दिल्ली की सात लोकसभा सीटों के लिए 'संसद में भी केजरीवाल, तो दिल्ली होगी और खुशहाल' चुनाव अभियान की शुरुआत की।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पार्टी कार्यालय में कहा कि हमारे सभी कार्यकर्ता, पदाधिकारी, सांसद प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों को दिल्ली सरकार के कार्यों के बारे में बताएंगे। केजरीवाल ने इस दौरान दिल्ली के उपराज्यपाल और केंद्र की सरकार पर भी निशाना साधा।

केजरीवाल ने कहा कि अगर आप लोगों ने हमारी पार्टी को 70 में से 40 सीट दी होती तो ये सरकार गिरा देते। ये लोग डरा देते या हमारे विधायकों को खरीद लेते। कोई अच्छा काम करने की कोशिश करता हूं तो उसे दिल्ली के उपराज्यपाल और केंद्र सरकार रोकने का काम करती है।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, जब कैमरे लगाने कोशिश की तो तत्कालीन एलजी के घर के सामने 10 दिन तक धरना दिया। मोहल्ला क्लीनिक का किराया और दवाइयां रोक दी, लेकिन लड़कर फिर से शुरू कराई।



घर-घर जाकर दिल्ली सरकार के काम बताएंगे

> समर्थन मांगा P02

# बैंक कर्मचारियों के वेतन में 17 फीसदी की वृद्धि

- वेतन में बढ़ोतरी नवंबर 2022 से प्रभावी होगी
- आठ लाख बैंक कर्मियों को लाभ मिलेगा

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों के वेतन में 17 प्रतिशत की बढ़ोतरी होगी। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी यूनियनों ने शुक्रवार को वेतन वृद्धि को सहमति दे दी। यह वेतन वृद्धि 1 नवंबर 2022 से प्रभावी होगी। इस फैसले से करीब आठ लाख बैंक कर्मचारी लाभान्वित होंगे।

आईबीए, बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के संगठनों के साथ बातचीत कर वार्षिक वेतन में संशोधन करता है। संगठन ने कहा, नए वेतनमान का निर्धारण महंगाई भत्ते (डीए) और उस पर अतिरिक्त भार को मिलाकर किया गया है। इस वेतन वृद्धि से सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों पर सालाना 8,284 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा।

**महिलाओं को एक दिन की छुट्टी :** नए वेतन समझौते के तहत सभी महिला कर्मचारियों को चिकित्सा प्रमाणपत्र दिए बगैर भी हर महीने एक दिन की बीमारी की छुट्टी लेने की अनुमति होगी। साथ ही संचित विशेषाधिकार अवकाश (पीएल) को सेवानिवृत्ति के समय या सेवा के दौरान कर्मचारी की मौत होने पर 255 दिनों तक भुनाया जा सकता है।

> छुट्टी पर फैसला जल्द P13

**कुछ अलग** | डीयू के कुलपति प्रो. योगेश सिंह आज भूमि पूजन करेंगे, पूर्व छात्रों के सहयोग से हो रहा जीर्णोद्धार

# दिग्गजों ने गुरु फ्रैंक को समर्पित किया सभागार

■ अभिनव उपाध्याय

नई दिल्ली। किरोड़ीमल कॉलेज की थिएटर सोसाइटी द प्लेयर्स के संस्थापक और अमिताभ बच्चन के गुरु फ्रैंक ठाकुरदास को समर्पित कॉलेज का सभागार जल्द तैयार हो जाएगा। इस सभागार का जीर्णोद्धार कराने के लिए कॉलेज के पूर्व छात्रों के अलावा संस्कृति मंत्रालय ने भी अनुदान दिया है। गुरु की याद में बन रहे सभागार के लिए अमिताभ बच्चन ने 51 लाख रुपये की राशि दी है।

इस सभागार के लिए किरोड़ीमल से पढ़ाई कर चुके सिनेमा, शिक्षा, प्रशासन और अन्य क्षेत्रों के लोग भी मदद को आगे आए हैं। प्राचार्य प्रो.दिनेश खट्टर का कहना है कि यह छात्रों का कॉलेज और गुरु के प्रति समर्पण ही है। हमें संस्कृति मंत्रालय से भी छह करोड़ रुपये का अनुदान मिला है। शनिवार को डीयू के कुलपति प्रो.योगेश सिंह इसका भूमि पूजन करेंगे। सभागार का नाम द फ्रैंक ठाकुरदास मेमोरियल ऑडिटोरियम रेनोवेशन प्रोजेक्ट रखा गया है। यह सभागार 1954 में बनाया गया था। इसे उस रूप में याद किया जाता है, जहां आज के कई प्रसिद्ध कलाकारों ने करियर की दिशा में पहला कदम उठाते हुए अपने शिक्षकों और साथियों के साथ मिलकर कड़ी मेहनत करते हुए अनगिनत घंटे बिताए हैं।



### कौन थे फ्रैंक ठाकुरदास

किरोड़ीमल कॉलेज के पूर्व शिक्षक और रंगकर्मी केवल अरोड़ा का कहना है कि किरोड़ीमल कॉलेज में थिएटर सोसाइटी द प्लेयर्स बनाने का श्रेय फ्रैंक ठाकुरदास को जाता है। वह राजनीति विज्ञान के शिक्षक थे, लेकिन उनकी अंग्रेजी इतनी साफ थी कि लोग उनको अंग्रेजी का शिक्षक समझ लेते थे। अमिताभ बच्चन ने कहा है कि मिरांडा हाउस के एक नाटक के लिए उन्होंने ही उनको भेजा।

### यहां से निकले छात्र

■ अमिताभ बच्चन, ■ सतीश कौशिक, ■ कुलभूषण खरबंदा, ■ रवि बिस्वानी, ■ राजेंद्र नाथ, ■ दिनेश ठाकुर, ■ केवल अरोड़ा, ■ सुशांत सिंह, ■ मोहम्मद जीशान अयूब


CENTRE FOR SIGHT
Every eye deserves the best

BEST BRANDS 2023

पाएं सबसे आधुनिक लेज़र फेम्टो कैटरेक्ट सर्जरी

- AI-संचालित सर्जरी प्लानिंग
- शीघ्र स्वस्थ लाभ
- सटीक एवं सुरक्षित
- सर्जरी के बाद चश्मे पर कम निर्भरता*

निःशुल्क* कैटरेक्ट जाँच
50 वर्ष से अधिक आयु वाले व्यक्तियों के लिए

₹5000* की छूट
फेम्टो कैटरेक्ट सर्जरी पर



Best-in-class technology - Catalys COS 7.0

250+ नेत्र विशेषज्ञ | 75+ उत्कृष्ट केन्द्र | 27+ वर्षों का भरोसा | 15 राज्यों में उपस्थिति

CFS VISION BY CENTRE FOR SIGHT में पाएं फ्लैट 15%* की छूट सभी चश्मों पर

सेन्टर फॉर साइट - आँखों का अस्पताल
*हरियाणा सरकार, CGHS, ECHS, DU, DGEHS, व कई मुख्य TPAs, PSUs एवं Corporates के पैनल पर है

सफदरजंग एन्कलेव । द्वारका । प्रीत विहार । गुरुग्राम - सेक्टर-29 । गुरुग्राम - NRR । गुरुग्राम - M2K कॉर्पोरेट पार्क । नोएडा (स्पेक्ट्रम मॉल)। अशोक विहार । विकासपुरी । राजौरी गार्डन रोहिणी । इंदिरापुरम । गाज़ियाबाद । एम एम आईटेक, लाजपत नगर-III। फरीदाबाद । पलवल रेवाड़ी । भिवानी

Scan QR to Find Location

011 – 4250 4250

*वैधता: 31 मार्च 2024 तक । ऑफर परिवार के 1 सदस्य के लिए वैध । दो ऑफर का लाभ एक साथ नहीं लिया जा सकता । डॉक्टर का चयन सेन्टर फॉर साइट द्वारा किया जाएगा । ऑफर का लाभ उठाने के लिए पेपर कटिंग साथ लाएं । यह सूचना किसी भी अनुभवी चिकित्सीय सलाह, रोग निदान एवं इलाज के एवज़ में उत्तरदायी नहीं हैं । नैदानिक परिणाम हर व्यक्ति में भिन्न हो सकते हैं । नियम व शर्तें लागू।

आप ने सात लोकसभा सीटों पर चुनाव अभियान शुरू किया

# महिलाओं-व्यापारियों से सीएम ने समर्थन मांगा




नई दिल्ली स्थित आप मुख्यालय पर शुक्रवार को लोकसभा चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत करते दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल। साथ में मंच पर बैठे पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान व अन्य आप नेता। • सोनू मेहता

सत्ता संग्राम (सात सीट किसकी)

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** लोकसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को दिल्ली की सात सीटों के लिए अभियान की शुरुआत की। अभियान की शुरुआत करते हुए केजरीवाल ने महिलाओं और व्यापारियों को भी साधने की कोशिश की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली के व्यापारी जानते हैं कि जितनी बार भी उन्हें दिक्कतें आई हैं, एक बार भी दिल्ली के किसी सांसद ने समस्या को नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को हजार रुपये दिलाकर रहूंगा। यह विधानसभा में पास हो गया है। उन्होंने दावा किया कि अगर हमारे सात सांसद जीतते हैं तो वो डीडीए से लेकर पुलिस से संबंधित शिकायतें भी सुनेंगे। इस मौके पर दिल्ली से आम आदमी पार्टी के चारों लोकसभी सीट प्रत्याशी व पार्टी संगठन के लोग भी मौजूद रहे।

■ सीएम बोले-लोकसभा में जीते तो डीडीए और पुलिस से जुड़ी समस्याएं दूर करेंगे

**हमारा हर काम को रोका जा रहा :** पंजाब के सीएम भगवंत ने कहा कि हमारे पास 92 और दिल्ली में 62 विधायक हैं। अगर यह कम होते तो पता नहीं कब के सरकार को गिरा दिए होते। आप लोग हिमाचल प्रदेश का हाल देख लो।

उन्होंने आरोप लगाया कि ये लोग चुनते नहीं हैं, चुने हुए लोगों को खरीदते हैं। आज हमारे नेताओं को लगातार नोटिस भेजे जा रहे हैं। मेरी समझ में नहीं आता है कि पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और दिल्ली के मुख्यमंत्री को राज्यपाल और उपराज्यपाल की ओर से लगातार चिट्ठी लिखी जाती है, लेकिन इनके राज्यों में राज्यपाल मुख्यमंत्रियों को चिट्ठी क्यों नहीं लिखते। आज स्थिति ऐसी हो गई है कि हमारा हर काम को रोका जा रहा है। बार-बार सुप्रीम कोर्ट जाना पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट फैसला सुनाती है तो उसे भी अध्यादेश लाकर पलट दिया जाता है।

### खुशहाली के नाम पर सपने दिखा रहे : सचदेवा

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी के चुनाव अभियान को दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने खोखला दावा बताया है। उन्होंने कहा है कि बीते नौ वर्ष में दिल्ली सरकार पर तमाम घोटालों के आरोप लगे हैं। इन्हीं घोटालों में पार्टी के पूर्व उपमुख्यमंत्री समेत अन्य नेता जेल में है। प्रारंभिक तौर पर जांच में साबित हो चुकी है कि इनके नेताओं ने पद पर रहते हुए अपनी शक्तियों का गलत इस्तेमाल किया। पार्टी खुशहाली का सपना दिखाकर लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रही है।

# भैरों मार्ग अंडरपास दोनों ओर से खोला

राहत

■ प्रगति मैदान टनल के अंदर वाहनों का दबाव कम होगा

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** रिंग रोड से भैरों मार्ग जोड़ने वाले अंडरपास से अब दोनों तरफ ट्रैफिक संचालन शुरू कर दिया गया है। सोमवार को सिर्फ भैरों मार्ग से रिंग रोड होते हुए सराय काले खां की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए अंडरपास खोला गया था।

दो दिन बाद रिंग रोड पर आईपी डिपो की तरफ से भैरों मार्ग की तरफ जाने वाले वाहनों के लिए भी इसे खोला दिया गया था, लेकिन सड़क सुरक्षा से जुड़े कुछ कार्य के लिए इसे बंद किया गया था। अब नियमित ट्रैफिक के लिए खोल दिया गया है।

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि शुरुआत में चार में से सिर्फ दो लेन पर ही ट्रैफिक संचालित किया जा रहा है। अभी अंडरपास के दूसरे हिस्से की दो लेन खुलने में करीब दो महीने का वक्त लगेगा, जब तक ट्रैफिक संचालित करने की यह व्यवस्था लागू रहेगी। इसके खुलने से प्रगति मैदान टनल के अंदर वाहनों का दबाव कम होगा, क्योंकि इंडिया गेट सर्किल की तरफ से आने वाले लोग मथुरा रोड से होते हुए भैरों मार्ग पर आ सकते है। यहां से सीधे अंडरपास पकड़कर रिंग रोड पर निकल पाएंगे। मौजूदा वक्त में टनल के अंदर मरम्मत, सफाई और पेंटिंग का कार्य चल रहा है, जिसके चलते टनल की एक दो लेन में बैरियर लगाकर काम करना होता है। इससे वाहनों को निकलने के लिए सीमित जगह उपलब्ध होने पर भी भारी जाम लगता है।

## अमानतुल्लाह से जुड़े केस की रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली, व.सं.।** राउज एवेन्यू कोर्ट ने एनआईए की कार्रवाई में बाधा पहुंचाने के मामले में विधायक अमानतुल्लाह से जुड़े वीडियो की फॉरेंसिक रिपोर्ट मांगी है। मामला वर्ष 2020 में एनआईए की कार्रवाई में बाधा पहुंचाने से जुड़ा हुआ है।

अतिरिक्त मुख्य महानगर दंडाधिकारी दिव्या मल्होत्रा ने सात मार्च को दिए आदेश में रोहिणी लैब को समन जारी किया है। साथ ही, जांच अधिकारी को भी इस मामले में रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं। अदालत ने मामले में 19 मार्च के लिए सूचीबद्ध किया है। 29 अक्तूबर, 2020 को एनआईए की टीम दिल्ली अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जफर उल इस्लाम के ऑफिस पर छापा मारने गई थी। इसकी सूचना पर विधायक अमानतुल्लाह खान अपने कार्यकताओं के साथ वहां हंगामा किया था।

## गरीब कैदियों को छुड़ाने के लिए समिति गठित

■ उपराज्यपाल ने मंजूरी दी, 162 लोगों को लाभ मिलने की संभावना

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** उपराज्यपाल ने वीके सक्सेना ने गरीब कैदियों की वित्तीय सहायता के लिए 'अधिकार प्राप्त समिति' और 'निगरानी समिति' के गठन को मंजूरी दी है। इसका लाभ उन कैदियों को मिलेगा, जो आर्थिक तंगी के चलते जेल में बंद हैं। ये कैदी जुर्माना या जमानत राशि नहीं चुका पा रहे हैं। समिति की रिपोर्ट पर वह जेल से बाहर निकल सकेंगे। इस योजना से दिल्ली में 162 कैदियों को लाभ मिलने की संभावना है।

उपराज्यपाल ने कहा कि मई 2023 में केंद्रीय गृह मंत्री ने इसे लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा था, लेकिन इसके बावजूद योजना को लागू करने में देरी हुई। मुख्यमंत्री ने इस पत्र को दिल्ली के गृह मंत्री को भेजा और उन्होंने इसे गृह विभाग को भेज दिया था। केंद्रीय गृह सचिव ने जून 2023 में दिल्ली सरकार से योजना के कार्यान्वयन के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा था। यह योजना केंद्रीय बजट 2023-24 का भी हिस्सा थी और इस पर शीघ्र कार्य करने की आवश्यकता थी। योजना को लागू करने के लिए पूरा खर्च केंद्र सरकार द्वारा उठाया जाएगा। राजनिवास सूत्रों ने बताया कि इस योजना से कुल 162 कैदियों को लाभ होगा।

वहीं, दिल्ली सरकार का कहना है कि फाइल 12 फरवरी को गृह मंत्री के पास आई थी। उसी दिन कार्यालय से चली गई थी।

# 'मुख्य सचिव जल्द समस्या दूर कराएं'

पत्र लिखा

### सीवर की शिकायतें लगातार मिल रहीं : आतिशी

जल मंत्री आतिशी ने कहा कि राजधानी के कई इलाकों में लोग सीवर का दूषित पानी सड़क पर आने से परेशान हैं। इसको लेकर लगातार शिकायतें मिल रही हैं। डीजेबी के सीईओ और सदस्यों को शिकायतें भेजने का कोई परिणाम नहीं निकला है, इसलिए अब सभी शिकायतें मुख्य सचिव को भेजी जाएंगी।

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली सरकार की जल मंत्री आतिशी ने शुक्रवार को मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वो राजधानी के अलग-अलग इलाकों में सीवर ओवरफ्लो, जलभराव और जल रिसाव की समस्या को 24 घंटे में ठीक कराएं। इस संबंध में मंत्री ने मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है।

मंत्री ने पत्र में 80 शिकायतों का उल्लेख किया है, जिनका समाधान बार-बार निर्देश देने के बाद भी नहीं किया जा रहा है। मंत्री ने लिखा, मुझे बीते 24 घंटों में 80 शिकायतें मिली हैं। इसके साथ ही, जल बोर्ड के हेल्पलाइन नंबर 1916 पर 10000 से अधिक अनसुलझी शिकायतें हैं। यह देखकर आश्चर्य होता है कि अधिकारियों ने लोगों की इन समस्याओं पर कोई ध्यान नहीं दिया। मंत्री का कहना है कि उन्होंने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के सीईओ और अन्य अधिकारियों को निर्देश दिया था कि वो जनता के सामने आने वाली समस्याओं को समझने के लिए नियमित तौर पर जमीनी स्तर पर दौरे करें। किस इलाके में क्या समस्या है और कब तक दूर कराई गई, इसको लेकर अधिकारियों से निरीक्षण रिपोर्ट भी मांगी गई थी लेकिन ऐसी कोई रिपोर्ट अधिकारियों ने नहीं दी। जबकि प्रत्येक सोमवार को रिपोर्ट देने का निर्देश था। मंत्री ने कहा कि ऐसी स्थिति को देखकर लगता है कि जल बोर्ड के अधिकारी नहीं चाहते हैं कि स्थानीय लोग की समस्याएं दूर हों।

# छह विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा

अच्छी खबर

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** होली के अवसर पर यात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा विशेष रेलगाड़ियों का परिचालन किया जाएगा। इस कड़ी में छह विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा की है। जल्द ही अन्य के परिचालन को लेकर भी अनुमति दी जा सकती है।

रेलवे सूत्रों ने बताया कि नई दिल्ली से उधमपुर (शहीद कैप्टन तुषार महाजन रेलवे स्टेशन) के बीच विशेष रेलगाड़ी (04033/04034) का परिचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से यह गाड़ी आगामी 22 और 29 मार्च को उधमपुर के लिए चलेगी जबकि 23 और 30 मार्च को यह गाड़ी उधमपुर से चलेगी। नई दिल्ली से कटड़ा के लिए विशेष रेलगाड़ी (04075/04076) का परिचालन किया जाएगा। नई दिल्ली से यह गाड़ी 24 से 31 मार्च के बीच प्रत्येक बुधवार और रविवार को चलेगी। वहीं, वापसी में कटरा से यह गाड़ी 25 से 1 अप्रैल के बीच प्रत्येक गुरुवार और सोमवार को चलेगी। दोनों दिशाओं में यह गाड़ी कुल 6 फेरे लगाएगी।

दिल्ली से बनारस के लिए विशेष रेलगाड़ी (04080/04079) द्वारा कुल 10 फेरे लगाए जाएंगे। दिल्ली से यह गाड़ी 21 से 30 मार्च के बीच सोमवार, गुरुवार और शनिवार को चलेगी। वहीं, बनारस से यह गाड़ी 22 से 31 मार्च के बीच प्रत्येक मंगलवार, शुक्रवार और रविवार को चलेगी।

## डीएमआरसी में काम ऑनलाइन होगा

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन (डीएमआरसी) ने अपने चालकों, कर्मचारियों और अन्य कर्मियों से जुड़ी सारी व्यवस्था को ऑनलाइन करना का फैसला लिया है।

इसके तहत अत्याधुनिक क्रू मैनेजमेंट सिस्टम (सीएमएस) की शुरुआत की गई है। प्रबंध निदेशक डॉ. विकास कुमार ने शुक्रवार को अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में यमुना बैंक मेट्रो स्टेशन स्थित क्रू कंट्रोल सेंटर से नई प्रणाली को शुरू किया। सीएमएस के माध्यम से दैनिक कार्यों का डिजिटल रूप से प्रबंधन किया जा सकेगा।

## डीयू में सीयूईटी से ही दाखिले होंगे

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** दिल्ली विश्वविद्यालय ने स्नातक दाखिला संबंधी जानकारी के लिए शुक्रवार को पहले वेबिनार का आयोजन किया।

इस मौके पर डीन स्टूडेंट् वेलफेयर प्रो. हनीग गांधी ने कहा कि डीयू में इस बार भी सीयूईटी से ही दाखिले होंगे। सीयूईटी में शामिल हुए बिना छात्र दाखिला नहीं ले पाएंगे। संस्थान केवल उन भाषाओं और विषयों को मान्यता देता है, जो छात्र ने 12वीं में पढ़ा हो। उन्होंने दाखिला प्रक्रिया से जुड़ी पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन भी किया।

# सर्वे के बाद भी 551 सड़कों को व्यावसायिक क्षेत्र का दर्जा नहीं

■ 20 वर्ष पहले मार्गों को आवासीय से मिश्रित उपयोग माना गया था

**नई दिल्ली, प्र.सं.।** राजधानी में निगम की ओर से कमला नगर समेत अन्य बाजारों में व्यापारियों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। इस कार्रवाई के बाद व्यापारी मांग कर रहे हैं कि दिल्ली की उन 551 सड़कों को व्यावसायिक क्षेत्र घोषित किया जाए, जिन्हें करीब 20 वर्ष पहले हुए सर्वे में आवासीय से व्यावसायिक या मिश्रित उपयोग माना गया था।

व्यापारियों का कहना है कि जनसंख्या के साथ बाजारों का दायरा भी बढ़ा है। 50 वर्ष पहले जो क्षेत्र आवासीय थे, उनमें कारोबार होने लगा। इसको लेकर दिल्ली नगर निगम ने सर्वे कराया, जिसमें 551 सड़कों के किनारे 90 फीसदी से अधिक व्यावसायिक गतिविधियां पाई गई। सर्वे में सुझाव दिया गया कि इन सड़कों के बाजारों को व्यावसायिक मान लिया जाए। कमल नगर ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रधान नितिन गुप्ता कहते हैं कि हमारे यहां भी ऐसी सड़क है, जिससे एमसीडी कन्वर्जन चार्ज और पार्किंग शुल्क जमा करा चुकी है। इसके बाद भी नोटिस दिए जाते हैं।

अपनी सीट को जानिये

# पूर्वांचली-मुस्लिम मतदाता यहां तय करते हैं किस्मत

परिसीमन के बाद 15 वर्ष पहले गठित हुई दिल्ली की उत्तरी-पूर्वी लोकसभा सीट राजनीतिक लिहाज से काफी अहम मानी जाती है। पूर्वांचली, मुस्लिम और मिश्रित आबादी वाली इस सीट पर एक बार कांग्रेस और दो बार भाजपा के प्रत्याशी जीते हैं। अभी तक का ट्रेंड रहा है कि जिस भी पार्टी का प्रत्याशी यहां से जीतकर गया है, उसकी केंद्र में सरकार होती है। अरुण चड्ढा की रिपोर्ट ...


### वर्ष 2009 में पहली बार चुनाव हुआ

वर्ष 2002 में गठित भारत के परिसीमन आयोग की सिफारिशों के बाद 2008 में यह लोकसभा सीट अस्तित्व में आई। इस सीट का एक हिस्सा यूपी तो दूसरा हिस्सा हरियाणा की सीमा से लगता है। 2009 में यहां पहली बार लोकसभा सीट के लिए मतदान हुआ। इस संसदीय क्षेत्र में बुराड़ी, सीलमपुर, सीमापुरी, गोकलपुर, बाबरपुर, करावल नगर, रोहतास नगर समेत 10 विधानसभा क्षेत्रों को शामिल किया गया है।

### भाजपा के मनोज तिवारी, कांग्रेस से घोषणा बाकी



बीजेपी ने इस सीट से मौजूदा सांसद मनोज तिवारी को फिर से प्रत्याशी घोषित किया है। भोजपुरी फिल्म स्टार मनोज तिवारी वर्ष 2014 और वर्ष 2019 में यहां से चुनाव जीत चुके हैं। पूर्वांचली होने के कारण उनकी मतदाताओं में अच्छी पकड़ मानी जाती है। यही कारण है कि भाजपा ने दिल्ली के लिए अभी तक घोषित पांच लोकसभा सीटों में से चार पर प्रत्याशियों को बदल दिया लेकिन मनोज तिवारी पर तीसरी बार भरोसा दिखाया है।




### एक बार कांग्रेस का रहा कब्जा, दो बार से भाजपा

सीट के गठन के बाद वर्ष 2009 में पहली बार लोकसभा चुनाव हुए, जिसमें कांग्रेस के टिकट पर जेपी अग्रवाल ने भाजपा के बीएल शर्मा को हराया। जेपी अग्रवाल को 596125 वोट मिले, जबकि भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़े बीएल शर्मा को 295948 मत मिले। उसके बाद वर्ष 2014 में भाजपा ने प्रत्याशी बदलकर मनोज तिवारी को टिकट दिया। इस चुनाव में मनोज तिवारी ने आम आदमी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े प्रो. आनंद को हराया।

### बिहार और पूर्वी यूपी से आकर बसे लोग

बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश से आकर बसे पूर्वांचली मतदाताओं की संख्या इस सीट पर काफी ज्यादा है। करीब 28 फीसदी पूर्वांचली मतदाता हैं, जो इस सीट पर निर्णायक भूमिका में रहते है। यही कारण है कि भाजपा पूर्वांचली चेहरे पर लगातार दाव लगाती आ रही है। उत्तर पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद, बाबरपुर, सीमापुरी और सीलमपुर जैसे इलाकों में मुस्लिम आबादी ज्यादा है। यहां पर मुस्लिम मतदाताओं की संख्या करीब 23 फीसदी तक है।

### उत्तर-पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट

| पार्टी | उम्मीदवार | मतदान | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019** | | | |
| भाजपा | मनोज तिवारी | 787799 | 53.86 |
| कांग्रेस | शीला दीक्षित | 421697 | 28.83 |
| आप | दिलीप पांडे | 190856 | 13.05 |
| **2014** | | | |
| भाजपा | मनोज तिवारी | 596125 | 30.45 |
| आप | आनंद कुमार | 452041 | 23.09 |
| कांग्रेस | जय प्रकाश अग्रवाल | 214791 | 10.97 |

मेरा एजेंडा

# 'दिल्ली में गांव की जमीन के सर्किल रेट बढ़ाए जाएं'



कहा- स्वामित्व योजना लागू करनी चाहिए

मेरा गांव नजफगढ़ क्षेत्र में आता है। यहां मेरी पुस्तैनी जमीन है, लेकिन उसका स्वामित्व मेरा नहीं है। दिल्ली में सिर्फ कब्जा चलता है। कब्जे के आधार पर ही जमीन मेरी कहलाती है, जबकि हरियाणा-उत्तर प्रदेश में बैनामा होता है, जिससे जमीन के मालिक को पूरा स्वामित्व मिलता है। हम चाहते हैं कि दिल्ली में स्वामित्व योजना लागू की जाए। दूसरी समस्या सर्किल रेट को लेकर है। बीते काफी वर्षों से सर्किल रेट नहीं बढ़े हैं। कहने को हम राजधानी के गांव में रह रहे हैं, लेकिन हमारा सर्किल रेट हरियाणा से कम है। इसलिए केंद्र और दिल्ली सरकार को मिलकर सर्किल बढ़ाने पर काम करना चाहिए। क्योंकि सरकारें एक दूसरे के पाले में गेंद डालती आई हैं।

- **शिव शौकिन**, स्थानीय निवासी नजफगढ़

फैसला | डीयू की कार्यकारी परिषद की बैठक में 1717 करोड़ का बजट पास, अध्ययन अवकाश के लिए फेलोशिप की जानकारी देनी होगी

# कम रैंकिंग वाले संस्थानों से पीएचडी नहीं कर सकेंगे शिक्षक

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कन्वेंशन हॉल में शुक्रवार को कार्यकारी परिषद (ईसी) की बैठक हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि वैश्विक स्तर पर जिन विश्वविद्यालयों की रैंकिंग डीयू से कम है तो ऐसे शिक्षण संस्थानों से शिक्षक पीएचडी नहीं कर पाएंगे।

बैठक में इसके अलावा विदेशी विश्वविद्यालयों से पीएचडी करने के इच्छुक संकाय सदस्यों को अध्ययन अवकाश देने के लिए दिशा-निर्देशों को मंजूरी प्रदान की गई। इसके अनुसार, गैर-पीएचडी वाले संकाय सदस्य जिस विदेशी विश्वविद्यालय से पीएचडी करना चाहते हैं उसके विवरण के साथ संकाय सदस्य को अपने आवेदन में फेलोशिप के प्रकार और उसकी राशि का भी उल्लेख करना होगा। यदि संकाय सदस्य को पहले से कोई फेलोशिप मिल रही है तो अध्ययन अवकाश के लिए आवेदन करते समय इसकी घोषणा करनी होगी। संकाय सदस्य का वेतन दिल्ली विश्वविद्यालय के मौजूदा नियमों और विनियमों के अनुसार तय किया जाएगा।

### दिव्यांग अभ्यर्थियों को 75 फीसदी की छूट

बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 के लिए 1717.45 करोड़ रुपए का बजट भी पारित किया गया। पीएचडी में प्रवेश के लिए दिव्यांग अभ्यर्थियों को कुल शुल्क में 75 फीसदी की छूट को भी मंजूरी दी गई।

### आउटसोर्सिंग कर्मियों के वेतन पर चर्चा

बैठक के दौरान मुख्य श्रम आयुक्त, श्रम और रोजगार मंत्रालय, सरकार द्वारा अधिसूचित दरों पर मजदूरी के भुगतान के मामले पर भी विचार किया गया। आउटसोर्सिंग एजेंसियों के माध्यम से कार्यरत सभी श्रेणी के कर्मचारियों को मुख्य श्रम आयुक्त, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित दरों के अनुसार वेतन का भुगतान किया जाएगा। चिकित्सा में एम.फिल. की वैधता बढ़ाते हुए क्लिनिकल साइकोलॉजी और मनोरोग सामाजिक कार्य में शैक्षणिक सत्र 2025-26 तक एम.फिल. जारी रखने को भी ईसी द्वारा मंजूरी दी गई।

### असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर नियुक्तियां होंगी

बैठक मेंफैकल्टी ऑफ टेक्नोलॉजी के लिए 8 प्रोफेसर, 16 एसोसिएट प्रोफेसर और 48 असिस्टेंट प्रोफेसर पदों पर नियुक्तियों को मंजूरी के साथ गैर-शैक्षणिक विभागों के लिए भी अलग-अलग पदानुसार 48 पदों को स्वीकृति प्रदान की गई।

### कोरोना प्रभावित छात्र अधूरी डिग्री पूरी कर सकेंगे

कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि कोरोना काल में लोगों के सामने अप्रत्याशित चुनौतियां पैदा कीं। इनके कारण कई विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। इसलिए 2021-22 और 2022-23 में अपनी शैक्षणिक अवधि पार कर चुके विद्यार्थियों को उनकी डिग्री पूरी करने के लिए एक विशेष मौका देने का निर्णय लिया गया है। इस योजना को लागू करने के लिए विशेष नियम बनाए जाएंगे।

Khadi India

सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार / Ministry of Micro, Small & Medium Enterprises, Government of India

आंचलिक बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र/ZMDTC

बहुउद्देशीय प्रशिक्षण केंद्र, खादी और ग्रामोद्योग आयोग, गाँधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली में निम्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों के लिये आवेदन किये जा सकते हैं :

| क्र.स. | कोर्स का नाम | अवधि | क्र.स. | कोर्स का नाम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कंप्यूटरबेसिक/फंडामेंटल ऑफ कंप्यूटर एंड नेटवर्किंग | 3 माह | 14. | बेकरी कोर्स | 1 माह |
| 2. | कंप्यूटर–हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग | 3 माह | 15. | तेल घानी | 2 सप्ताह |
| 3. | सिलाई–कटाई कोर्स | 3 माह | 16. | पापड़ बड़ी कोर्स | 1 सप्ताह |
| 4. | ब्यूटीशियन कोर्स | 3 माह | 17. | अगरबत्ती बनाना | 1 सप्ताह |
| 5. | फुटवियर डिजाईनिंग & मेकिंग | 2½ माह | 18. | मोमबत्ती बनाना | 1 सप्ताह |
| 6. | फल एवं सब्जी प्रशोधन | 1 माह | 19. | मधुमक्खी पालन | 1 सप्ताह |
| 7. | हेयर स्टाइलिस्ट | 1 माह | 20. | डिटर्जेंट पाउडर बनाना | 1 सप्ताह |
| 8. | मेकअप आर्टिस्ट | 1 माह | 21. | सोप (हैण्डमेड) बनाना | 1 सप्ताह |
| 9. | एडवांस कोर्स सिलाई एवं कटाई | 1 माह | 22. | मसाला मेकिंग | 1 सप्ताह |
| 10. | एडवांस फैशन डिजाईनिंग | 1 माह | 23. | परफ्यूम कोर्स/एसेंशियल ऑयल्स | 1 सप्ताह |
| 11. | ए. सी./फ्रिज रिपेयरिंग | 1 माह | 24. | कॉस्मेटिक कोर्स | 1 सप्ताह |
| 12. | मोबाइल रिपेयरिंग | 1 माह | 25. | हाथ कागज़ कन्वर्जन | 1 सप्ताह |
| 13. | एडवांस पॉटरी कोर्स | 1 सप्ताह | 26. | पारंपरिक चरखा कताई प्रशिक्षण (हॉबी–कोर्स) | 24 घंटा |

उक्त कोर्सेज में दाखिलें पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किये जा रहे है जिसमे न्यूनतम आयू सीमा 15 वर्ष है। साथ ही ट्रेनिंग उपरांत आप खादी और ग्रामोद्योग आयोग (भारत सरकार) की प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम एवं भारत सरकार की अन्य योजनाओं के तहत ऋण लेकर स्वरोजगार भी स्थापित कर सकते है। उक्त कोर्सेज में प्रवेश लेने हेतु आवेदन करने के लिए शीघ्र अति शीघ्र संपर्क करें।

SC/ST/OBC/PH/Ex-Servicemen/Weaker Section/महिलाओं को फीस में विशेष छूट भी प्रदान की जायेगी।

नोट:

- उक्त पाठ्यक्रमों के संचालन हेतु इच्छुक प्रशिक्षक भी दिये गये नंबरों पर या ईमेल के माध्यम से आपना बायोडाटा भेजने हेतु हमसे संपर्क स्थापित कर सकतें है जिनको आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सम्मान जनक राशि देय होगी।
- आयोग द्वारा संचालित विभिन्न कौशल विकास संबंधित कार्यक्रमों के संचालन हेतु व्यावसायिक प्रशिक्षण सहयोगी (PTA) बनाने की प्रक्रिया के लिए आवेदन किया जा सकता है।
- उक्त पाठ्यक्रमों से सम्बंधित अधिक जानकारी हेतु श्री सुरेश कुमार, सह-निदेशक-II, (मो. नं. : 9306777916, 9813973059), श्री गजेन्द्र पाल सिंह, वरिष्ठ कार्यकारी (मो. नं. : 9818411624), श्री राम प्रकाश सिंह, कार्यकारी (मो. नं. : 9450850017), से संपर्क किया जा सकता है।

गाँधी दर्शन, राजघाट, नई दिल्ली-02 / Gandhi Darshan, Rajghat, New Delhi-02 टेलीफोन–Phone No. 011–23392708, 21400520 फैक्स – Fax–23392708 ई–मेल E-mail: mdtcnewdelhi@kvic.gov.in

Govt. of Bihar

SERSHAH ENGINEERING COLLEGE, SASARAM

P.O.–Barki Kharari, Kargahar, Sasaram-821113 (Rohtas)
E-mail Id: principalscesasaram@gmail.com

**Tender Notice No.: SEC/ILL/001/2024**

1. Sershah Engineering College, Sasaram has been established under the Department of Science, Technology and Technical Education, Government of Bihar to cater to the needs of technical education. The college/institute is providing technical education as per the norms set by the All-India Council for Technical Education (AICTE). The Sershah Engineering College, Sasaram intendents to hire an Internet Service Provider for Internet Leased Line." to provide un-interrupted services and invites bids from eligible entities as mentioned in the tender document.
2. The contract will be signed between Sershah Engineering College, Sasaram and the successful agency/bidder.
3. To participate in the e-tendering process, the bidder/agency are required to get themselves registered with eproc2.bihar.gov.in.

Schedule of Events:

| Sn. | Event Description | Timeline |
|---|---|---|
| 4.1 | Last date &time of downloading the RFP | Till 09/04/2024 up to 3:00 PM, oneproc2.bihar.gov.in |
| 4.2 | Pre-bid meeting | 21/03/2024 at 11:00AM |
| 4.3 | Submission (upload) of online bidding document. | 09/04/2024 till 7:00 PM, on eproc2.bihar.gov.in |
| 4.4 | Submission of EMD | Offline by 09/04/2024 up to 5:00PM to Sershah Engineering College, Sasaram |
| | Tender Fee | 5000/- |
| 4.5 | Opening of Technical Bid | 10/04/2024 on the eproc2.bihar.gov.in |
| 4.6 | Opening of Financial Bid | 15/04/2024 on eproc2.bihar.gov.in |
| 4.7 | Pre-bid meeting venue | Sershah Engineering College, Sasaram, PO: Barki Kharari, Kargahar Road, Sasaram821113 |
| 4.8 | Contact person | Principal, Sershah Engineering College, Sasaram EmailID:principalscesasaram@gmail.com |
| 4.9 | Method of Selection | Least Cost Selection (LCS) |

Principal
SEC,Sasaram

PR. No. 019200 (Sci. & Tech.) 2023-24

For further details please visit : www.state.bihar.gov.in/prdbihar

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

इंद्रलोक इलाके की घटना, वीडियो वायरल होने के बाद पुलिसकर्मी निलंबित, क्षेत्र में कई घंटे तक तनाव रहा

# नमाज पढ़ रहे लोगों से बदसलूकी पर बवाल

**विरोध**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दिल्ली के इंद्रलोक इलाके में शुक्रवार दोपहर सड़क पर नमाज पढ़ रहे कुछ लोगों को एक पुलिसकर्मी ने लात मारकर हटाने की कोशिश की। इस घटना का वीडियो वायरल होने के बाद इलाके में तनाव फैल गया। हालांकि, तत्काल पुलिसकर्मी को निलंबित कर दिया गया।

पुलिसकर्मी की इस हरकत के बाद लोग भड़क गए और हंगामा करना शुरू कर दिया। देखते ही देखते इंद्रलोक पुलिस चौकी को घेरकर नारेबाजी करने लगे। पूरे इलाके में करीब चार घंटे तक अफरातफरी का माहौल रहा। आक्रोश और भीड़ बढ़ती देख पूरे इलाके में सुरक्षा बढ़ा दी गई।

बड़ी मस्जिद में शुक्रवार को नमाज पढ़ने के लिए लोग एकत्र थे। जब मस्जिद में भीड़ ज्यादा होती है तो लोग जखीरा से इंद्रलोक मेट्रो स्टेशन जाने वाली सड़क पर भी नमाज अदा करने लगते हैं। इसलिए सड़क पर लोग नमाज पढ़ने लगे। इसी दौरान एसआई मनोज तोमर और अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। उन्होंने नमाज पढ़ रहे लोगों से जाम का हवाला देकर मस्जिद में जाने को कहा, लेकिन कोई नहीं उठा। इससे नाराज होकर एसआई ने नमाजियों को लात मारनी शुरू कर दी। इस दौरान लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया।

**आक्रोशित लोगों ने चौकी को घेरा :** वीडियो देखकर घटनास्थल पर भीड़ जमा हो गई । बड़ी संख्या में लोगों ने इंद्रलोक चौकी को घेर लिया और पुलिसकर्मी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। इसकी वजह से कई किलोमीटर तक वाहनों की कतारें लग गई। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने चौकी में प्रतिनिधिमंडल से बात की, लेकिन आक्रोशित भीड़ शांत होने का नाम नहीं ले रही थी। इस बीच भीड़ में शामिल कुछ उपद्रवियों ने सार्वजनिक वाहनों पर पथराव भी किया। करीब शाम छह बजे यातायात सामान्य हो पाया।

**पुलिसकर्मियों को गश्त करने के निर्देश :** डीसीपी मनोज कुमार मीना खुद इंद्रलोक इलाके की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिसकर्मियों और सुरक्षा बलों को इलाके में गश्त करने के निर्देश हैं। पुलिस मुख्यालय में इंद्रलोक की स्थिति के बारे में समय-समय पर जानकारी दी जा रही है। लोगों से शांति की अपील की गई है।

**मदनी ने कहा, पुलिसकर्मी को सेवामुक्त किया जाए :** जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद असद मदनी ने इस मामले में कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई से वैश्विक स्तर पर देश की छवि खराब होगी। मदनी ने उपराज्यपाल को पत्र लिखकर उक्त पुलिस अधिकारी को सभी जिम्मेदारियों से सेवामुक्त करने की मांग की है।




इंद्रलोक इलाके में शुक्रवार को सड़क पर नमाज पढ़ते लोगों को लात मारता पुलिसकर्मी। घटना के बाद इलाके में तनाव फैला गया और भारी भीड़ एकत्र हो गई। पुलिस ने लोगों को समझाकर घर भेजा। • प्रेट्र



घटना के बाद गुस्साए लोगों ने पीसीआर वैन पर पथराव किया। • प्रेट्र

## कब्जे और जाम की शिकायत पर पहुंची थी पुलिस

जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि सड़क पर नमाज से इस व्यस्त सड़क पर जाम की स्थिति बन गई थी। इस कारण लंबा जाम लग गया। लोगों ने पुलिस को शिकायत की तो चौकी इंचार्ज मनोज तोमर अपनी टीम के साथ वहां पहुंचे। इसके अलावा बीते शुक्रवार को कुछ लोग यहां टेंट लगाने की कोशिश कर रहे थे। इसलिए पुलिस को जब जाम की सूचना मिली तो वह कब्जे की आशंका से मौके पर पहुंच गई। लोगों को हटाने के दौरान नमाजियों से विवाद हो गया।

## अमन कमेटी से सहयोग मांगा

पुलिस अफसरों की स्थानीय अमन कमेटी के सदस्यों के साथ देररात तक बैठकों का दौर जारी रहा। साथ ही, स्थानीय आरडब्ल्यूए के व्हाट्सऐप ग्रुप में डीसीपी मनोज कुमार मीना का वीडियो बयान प्रसारित किया गया। वहीं, इलाके में सक्रिय आपराधिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है।

## पांच कंपनी तैनात

डीसीपी मनोज कुमार मीना ने आक्रोशित लोगों से शांत रहने की अपील की। फिलहाल, इलाके में सुरक्षा बल की पांच कंपनी तैनात की गई हैं। इसके अलावा पुलिस मित्रों को चौकी प्रभारी पर कार्रवाई की दो सौ प्रति दी गई, जिसे भीड़ के बीच बांटा गया। वरिष्ठ पुलिस अधिकरी इंद्रलोक चौकी और सराय रोहिल्ला थाने पर मौजूद थे। लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने का आग्रह किया गया है।

## तुरंत की गई कार्रवाई, अफसरों ने मोर्चा संभाला

तनाव को देखते हुए डीसीपी की ओर से तुरंत संबंधति पुलिसकर्मी पर कार्रवाई की गई। साथ ही, जिले और थाने के पूर्व अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया। इस जिले के दो साल डीसीपी रहे और वर्तमान में पूर्वी क्षेत्र के एडिशनल सीपी सागर सिंह कलसी ने इलाके का दौरा किया।

हाल ही में बदले गए एसएचओ और पूर्व चौकी प्रभारी को भी शांति कायम करने के लिए बुलाया गया। अधिकारियों ने भीड़ में शामिल लोगों से बात कर उन्हें शांत कराया।

**शहर 30S**

## पीएम टर्मिनल वन का उद्घाटन करेंगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल-1 का उद्घाटन 10 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया जाएगा। यह टर्मिनल अत्याधुनिक सुविधाओं के साथ पुनर्विकसित किया गया है। उद्घाटन के कुछ दिन पश्चात ही इसे यात्रियों के लिए खोल दिया जाएगा। जानकारी के अनुसार दिल्ली एयरपोर्ट के टर्मिनल 1 को अत्याधुनिक बनाने के लिए डायल द्वारा पुनर्विकास कार्य किया जा रहा था। यहां पर अत्याधुनिक लाउंज, वेटिंग एरिया, कैफेटेरिया, यात्रियों की सुरक्षा, शॉपिंग सेंटर आदि सुविधाओं के बंदोबस्त किए गए हैं।

## विद्यालय में कंप्यूटर साइंस पढ़ाने की मंजूरी

**नई दिल्ली।** विवेक विहार स्थित सर्वोदय कन्या विद्यालय की छात्राएं शैक्षणिक सत्र 2024-25 से कंप्यूटर साइंस विषय की पढ़ाई कर सकेंगी। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी किया है। स्कूल प्रमुख को सभी औपचाराकिताएं पूरी करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, शिक्षा निदेशालय में कंप्यूटर साइंस विषय के लिए लेक्चरर पद पर नियुक्त शिक्षकों की नियुक्ति की तारीख बढ़ा दी है। शिक्षक 19 मार्च तक नियुक्ति के लिए रिपोर्ट कर सकेंगे।







## आज तेज हवाएं चलेंगी, 11 से बढ़ सकता है तापमान

**मौसम का मिजाज**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** राजधानी में शनिवार को 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलने का अनुमान है। इसके चलते अगले तीन दिन दिल्ली में हल्की ठंड बनी रहेगी, लेकिन इसके बाद तापमान में बढ़ोतरी देखने को मिलेगी।

मौसम विभाग के अनुसार, शुक्रवार को अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की गई। गुरुवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री था। शुक्रवार को यह 27.4 डिग्री दर्ज किया गया। यह सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं, गुरुवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री दर्ज किया गया था। शुक्रवार को यह 9.6 डिग्री रहा। यह सामान्य से चार डिग्री कम है। 11 मार्च से तापमान के 29-30 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है।

दिल्ली में शुक्रवार को हवा की रफ्तार 8 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटा रही। इसके चलते राजधानी का वायु गुणवत्ता सूचकांक 156 दर्ज किया गया, जो मध्यम श्रेणी में आता है।

## ₹50 लाख लूट में इंफ्लुएंसर समेत पांच बदमाश गिरफ्तार

**शिकंजा**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** उत्तर जिला पुलिस ने सिविल लाइंस इलाके में 50 लाख रुपये की लूट मामले में सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया।

पुलिस हिरासत में तीस हजारी कोर्ट जाते समय भी युवती का वीडियो बदमाशों ने अपलोड किया था। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि नौ फरवरी को सिविल लाइंस इलाके में राजेश से 50 लाख रुपये की लूट हो गई थी। फर्म में कार्यरत राजेश चांदनी चौक से रुपये लेकर शाहदरा जा रहा था। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी तो एक संदिग्ध दिखा, जिसने दो बाइक सवारों को राजेश के बारे में जानकारी दी थी। पुलिस ने 17 फरवरी को राहुल और गौरव को शाहबाद डेयरी से गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने बताया कि इन्हें सोनीपत निवासी मोनिका ने लूट की वारदात के लिए बुलाया था।

फिर पुलिस ने मोनिका को गिरफ्तार कर लिया। युवती की निशानदेही पर खटीमा के जंगलों से करन और अजय को गिरफ्तार कर लिया गया। इनके कब्जे से पांच लाख रुपये और लूट की रकम से खरीदी गई कार बरामद हुई।

## चुनाव पर बने आयोग को नकारा

**नई दिल्ली।** जेएनयू में होने वाले छात्रसंघ चुनाव के लिए बने चुनाव आयोग को एबीवीपी ने नकार दिया है। एबीवीपी ने बयान जारी कर जेएनयू प्रशासन द्वारा नोटिफाई किए गए चुनाव आयोग को असंवैधानिक करार दिया।

## सफदरजंग अस्पताल में स्त्री रोग विशेष क्लीनिक शुरू

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर शुक्रवार को सफदरजंग अस्पताल में स्त्री रोग विशेष क्लीनिक की शुरुआत की गई।

क्लीनिक में महिलाओं को ऑन्कोलॉजी, यूरोगाइनेकोलॉजी और पैरेंट्रल आयरन थेरेपी संबंधी बीमारियों के उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके लिए विशेष क्लीनिक तैयार किए गए हैं। स्त्री रोग ऑन्कोलॉजी क्लीनिक में महिलाएं कैंसर की स्क्रीनिंग करवा सकेंगी। इससे ओवेरियन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, वल्वर कैंसर सहित महिलाओं से जुड़ी दूसरी बीमारियों की जांच में मदद मिलेगी। कैंसर की पहचान होने पर उपचार शुरू हो सकेगा। पैरेंट्रल आयरन थेरेपी क्लीनिक में प्रसव से पहले गंभीर एनीमिया से जुझने वाली महिलाओं को उपचार की सुविधा मिलेगी, जबकि यूरोगाइनेकोलॉजी क्लीनिक में यूरिन संबंधी बीमारियों का उपचार होगा।

उद्घाटन के मौके पर अस्पताल की चिकित्सा अधीक्षक डॉ. वंदना तलवार, प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉक्टर बिंदु बजाज, ओपीडी प्रभारी डॉ. पकंज रंजन और स्त्री रोग ओपीडी की प्रभारी डॉ. सरिता शामसुंदर मौजूद रहीं। वहीं, दूसरे अस्पतालों में भी अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए गए।

## प्रदर्शन करने पर कर्मियों को नौकरी से हटाने की धमकी

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** चिड़ियाघर में वन्यजीवों की देखरेख करने वाले अनुबंध पर कार्यरत कर्मचारियों को प्रदर्शन करना भारी पड़ता नजर आ रहा है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हें प्रशासन ने एक अप्रैल 2024 से नौकरी से निकालने की चेतावनी दी है।

एक कर्मचारी ने बताया कि उन्हें बीते दो महीने का अभी तक वेतन नहीं मिला है। उसको लेकर गुरुवार को विरोध दर्ज कराया था। इसके बाद से प्रशासन ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया है। यहां तक कि प्रदर्शन वाले दिन की उपस्थिति को कटवा दिया और नौकरी से निकालने की धमकी दी जा रही है। उधर, इस संबंध में चिड़ियाघर प्रशासन की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी।







उ. प्र. परिवहन आपका अपना साथी

U.P. STATE ROAD TRANSPORT CORPORATION




Request for Proposal for Selection of Agencies

For Supply, Operation & Maintenance of 5,000 Electric Buses and Allied Electrical & Civil Infrastructure on Gross Cost Contract Basis

Tender No.: 541MT/2024-11MT/2024 ID 2024_UPSRT_913533_1

BIDDING SCHEDULE

| | |
|---|---|
| Date of uploading of documents | 07.03.2024 on https://etender.up.nic.in |
| Pre Bid Conference | 18.03.2024 (at 12.00 hrs) at Conference Hall, Parivahan Bhavan, Tehri Kothi, Lucknow |
| Bid submission date (the "Application Due Date") | upto 28.03.2024 15:00 hrs on https://etender.up.nic.in |
| Opening of technical bid | 28.03.2024 16:00 hrs |

Details of RFP are on https://etender.up.nic.in

For Detail Contact :
Chief General Manager (Tech.)
Mob. No. +91 87260 05007
Tel. No. 0522-2628841
E-mail : cgmt@upsrtc.com

Managing Director
Email: md@upsrtc.com

U.P. STATE ROAD TRANSPORT CORPORATION
Mahatma Gandhi Marg, Tehri Kothi, Lucknow-226 001
Phone : 0522-2274250, 2621737 Website : www.upsrtc.com

## काम की खबरें

### 1 छात्रों के लिए 11 मार्च से थेरेपी सत्र शुरू होगा

संसाधन केंद्रों में दिव्यांग और विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 11 मार्च से थेरेपी सत्र शुरू होगा। शिक्षा निदेशालय की समावेशी शिक्षा शाखा ने सर्कुलर जारी किया है। छात्रों को केंद्रों में फिजियोथेरेपी दी जाएगी।

### 2 आनंद विहार-पुरी टर्मिनल के बीच ट्रेन चलेगी

आनंद विहार-पुरी टर्मिनल के बीच एक्सप्रेस रेलगाड़ी संख्या 18427/28 साप्ताहिक चलेगी। नौ मार्च से प्रत्येक शनिवार को गाड़ी पुरी से सुबह 4:15 बजे चलेगी। आनंद विहार टर्मिनल ये ट्रेन 10 मार्च से प्रत्येक रविवार शाम 5:20 बजे चलकर अगले दिन रात 11:55 बजे पुरी पहुंचेगी।

### 3 अभ्यर्थी 28 मार्च तक दस्तावेज अपलोड करें

डीएसएसएसबी ने दिल्ली नगर निगम में सहायक इंजीनियर (इलेक्ट्रिकल) परीक्षा की कट ऑफ लिस्ट जारी की है। चयनित अभ्यर्थी 14 से 28 मार्च के बीच दस्तावेज बोर्ड की वेबसाइट **www.dsssb.delhi.gov.in** पर अपने दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं।

### 4 राजधानी में आज मेगा लोक अदालत का आयोजन

दिल्ली उच्च न्यायालय और सात जिला अदालतों में आज लोक अदालत का आयोजन होगा। राष्ट्रीय मेगा लोक अदालत में ट्रैफिक चालान समेत अन्य समझौता योग्य मामलों का निपटारा किया जाएगा। मुख्य न्यायाधीश सुबह 11 बजे तीस हजारी अदालत परिसर पहुंचेंगे।

### 5 होली पर बनारस तक दो स्पेशल रेलगाड़ियां चलेंगी

यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने दिल्ली से बनारस, जम्मू से बनारस के बीच दो होली स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। दिल्ली-बनारस स्पेशल ट्रेन का स्टापेज गाजियाबाद रेलवे स्टेशन पर दिया है। 21 मार्च से प्रत्येक सोमवार, गुरुवार और शनिवार को शाम 7:30 बजे चलेगी।

## आज का मौसम

27.0° अधिकतम | 11.0° न्यूनतम

सूर्योदय: 06:38। सूर्यास्त: 18:25

**अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली के कुछ इलाकों में हल्के बादल छाए रहेंगे।



## उत्तर रेलवे ने पांच पिंक रेलवे स्टेशन घोषित किए

**नई दिल्ली।** महिला दिवस के मौके पर उत्तर रेलवे ने सफदरजंग, फिरोजशाह, मोहाली, मल्हौर और मानक नगर को पिंक स्टेशन घोषित किया है।

इन स्टेशनों पर महिला कर्मचारियों द्वारा रेलगाड़ियां चलाई जा रही हैं। इन स्टेशनों का प्रबंधन भी महिला कर्मचारी संभाल रही हैं। यहां पर गार्ड, सहायक स्टेशन मास्टर, आरपीएफ की ड्यूटी भी महिला कर्मी निभाई रही हैं। सफदरजंग स्टेशन पर दिल्ली डीआरएम सुखविंदर सिंह ने किए गए कार्यों की सराहना की है।


महिला एवं बाल विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
दूसरी मंजिल, आईएसबीटी भवन, कश्मीरी गेट
नई दिल्ली-110006

गुमशुदा महिलाओं की जानकारी

| क्र. सं. | ब्यौरा | फोटो |
|---|---|---|
| 1. | संवासी का नाम -बेबी (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -35, लम्बाई - 5'2, पहचान चिन्ह - गले पर जले का निशान, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक - 15-01-2010 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -समरपुर बादली, डी.डी.नं.-22A, दिनांक13-01-2010, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 2. | संवासी का नाम -कांता (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -47, लम्बाई - 5'1, पहचान चिन्ह - टेटू, महिला का संस्था में प्रवेश IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -कालकाजी, डी.डी.नं.-20A, दिनांक- 13-10-2010, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 3. | संवासी का नाम -कांती (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -41, लम्बाई - 5'1, पहचान चिन्ह - दोनों बाजुओं पर फूल का टैटू, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -03-03-2012 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -.कुतुब मीनार, डी.डी.नं.-20A, दिनांक-13-10-2010, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 4. | संवासी का नाम -नीतू (मूक व बधिर), पिता का नाम- हरिश्चंद, वर्तमान उम्र -36, लम्बाई - 4'9, पहचान चिन्ह -बाजू पर ओम का टैटू, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -03-02-2017 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -गोकुलपुरी, डी.डी.नं.-84B, दिनांक-22-12-2016, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 5. | संवासी का नाम -वंदना (मूक व बधिर), पिता का नाम- रामचरण, वर्तमान उम्र -30, लम्बाई - 4'10, पहचान चिन्ह -बाजू पर ओम का टैटू, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -09-05-2011 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -कमला मार्किट, डी.डी.नं.-13A, दिनांक-21-09-2010, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 6. | संवासी का नाम -देहातन (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -52, लम्बाई - 4'9, पहचान चिन्ह - पीठ पर तिल, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -19-10-2016 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -गोकुलपुरी, डी.डी.नं.-26A, दिनांक-19-10-2016, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 7. | संवासी का नाम -अंकिता (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -21, लम्बाई - 4'8, पहचान चिन्ह -ऊपरी होठ पर तिल, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -15-08-2019 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन - ओखला, डी.डी.नं.-54A, दिनांक-15-08-2019, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 8. | संवासी का नाम -शबनम (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -30, लम्बाई - 4'9, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -07-07-2016 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -मॉडल टाउन, डी.डी.नं.-44B, दिनांक-07-07-2016, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 9. | संवासी का नाम -अज्ञात आरती (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -40, लम्बाई - 4'9, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक - 20-09-2015 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -जाफरपुर, डी.डी.नं.-22A, दिनांक-20-05-2015, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 10. | संवासी का नाम -लाली (मूक व बधिर), पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -41, लम्बाई - 4'8, पहचान चिन्ह - आँखों के नीचे निशान, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -09-02-2021 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -नरेला, डी.डी.नं.-54B, दिनांक-05-08-2012, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ, |  |
| 11. | संवासी का नाम -संतोष, पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -36, लम्बाई - 4'8, पहचान चिन्ह -गले पर तिल, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -13-12-2022 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -ओखला, डी.डी.नं.- 38A, दिनांक- 13-12-2022, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 12. | संवासी का नाम -गुलशन, पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -31, लम्बाई - 4'8, पहचान चिन्ह -बोलने में हकलाहट, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -13-07-2018 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -ओखला, डी.डी. नं.-4A, दिनांक-13-07-2018, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |
| 13. | संवासी का नाम -पूजा, पिता का नाम- अज्ञात, वर्तमान उम्र -26, लम्बाई - 4'9, पहचान चिन्ह -बाजुओं पर टैटू, महिला का संस्था में प्रवेश दिनांक -13-12-2022 में IO द्वारा करवाया गया, पुलिस स्टेशन -इन्दरपुरी, डी.डी.नं.- 55A, दिनांक- 13-12-2022, संवासी घर का पता बताने में असमर्थ |  |

**नोट:** उपरोक्त महिलाओं के अभिभावक/रिश्तेदार नीचे दिए गए क्रमांक पर संपर्क कर सकते हैं

1. **अधीक्षक, अल्पावास गृह, निर्मल छाया कॉम्प्लेक्स, जेल रोड, हरि नगर, नई दिल्ली-110064, टेलीफोन नंबर- 011-28520114, 011-28520342**

हस्ता./-
**निदेशक**
**महिला एवं बाल विकास विभाग, दिल्ली सरकार**

DIP/Shabdarth/Classified/0375/23-24


## चार महीने से बना रहा था योजना, तीन लोगों को दी थी सुपारी

# पिता ने डेढ़ लाख में किया था बेटे की हत्या का सौदा



जिम ट्रेनर हत्याकांड

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** दक्षिणी दिल्ली के देवली गांव में शादी से एक दिन पहले हुई जिम ट्रेनर की हत्या में शुक्रवार को बड़ा खुलासा हुआ। 29 वर्षीय गौरव सिंघल की हत्या के लिए उसके पिता रंगलाल सिंघल ने डेढ़ लाख रुपये की सुपारी दी थी। सुपारी के 75 हजार रुपये आरोपी ने तीन लोगों को दे दिए थे। इन तीनों की अभी तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार, आरोपी पिता ने खुद हत्या का दिन और समय चुना था। साथ ही यह भी तय किया था कि उसके सामने ही बेटे को मारा जाए। इसके लिए रंगलाल पिछले चार माह से तैयारी कर रहा था। इस बीच, तिगड़ी थाना पुलिस रंगलाल को गिरफ्तार कर जयपुर से दिल्ली ले आई है। फिलहाल हत्या के तीन आरोपियों की तलाश जारी है।

**पैसों का इंतजाम होते ही किया कांड :** पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी से पूछताछ शुरू की तो उसने चौंकाने वाला खुलासा किया। आरोपी ने बताया कि बेटे की हत्या के लिए रंगलाल ने मदनगीर में रहने वाले अपने तीन जानकारों को तैयार किया था। इस दौरान पैसों की दिक्कत आ रही थी क्योंकि किराये से आने वाला सारा धन गौरव और उसकी मां अपने पास रखते थे। पैसों का इंतजाम होते ही आरोपी ने तीनों को 75 हजार रुपये दिए और शादी से एक दिन पहले हत्या का दिन तय किया।

**दो मार्च को भी हुआ था झगड़ा :** पुलिस सूत्रों ने बताया कि दो मार्च को भी पिता-पुत्र के बीच झगड़ा हुआ था। रंगलाल काफी गुस्से में था। गौरव की शादी गुरुवार सात मार्च को थी। शादी से पहले घर में संगीत के कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला एक युवक आया और उसने गौरव को बताया कि उसके पिता उनकी ही निर्माणधीन इमारत में बुला रहे हैं। गौरव अपने पिता के पास चला गया। पिता ने अपने तीन साथियों के साथ कुदाल से उस पर हमला कर दिया।

आरोपियों ने हत्या के बाद शव को खींचकर दूसरे कमरे में डाल दिया और सभी मौके से फरार हो गए। रिश्तेदारों को जब गौरव नहीं मिला तो उसकी तलाश शुरू की गई। देर रात जब परिजन निर्माणधीन इमारत में पहुंचे तो वहां गौरव का खून से लथपथ शव पड़ा हुआ था। मामले की सूचना पुलिस को दी गई।

### आरोपियों ने कैंची और रॉड से 15 से ज्यादा वार किए

पुलिस के अनुसार, शादी से एक दिन पहले बुधवार रात सभी लोग संगीत के कार्यक्रम में व्यस्त थे। इस बीच आरोपी ने अपने तीनों जानकारों को बुलाया और गौरव अकेले में बुलाकर उस पर हमला कर दिया। आरोपियों ने गौरव पर कैंची और लोहे की रॉड से 15 से ज्यादा वार किए। जब वह बेसुध हो गया तो चारों फरार हो गए। रंगलाल अपने घर से 15.50 लाख रुपये और सोने की ज्वैलरी चोरी कर ले गया था। पुलिस ने पैसे और ज्वैलरी बरामद कर ली है।

### आए दिन बेइज्जती से परेशान था, पंचायत में भी अभ्रदता की

रंगलाल ने बताया कि उसने अपनी बेइज्जती का बदला लिया है। उसके और गौरव के बीच लंबे समय से झगड़ा था। गौरव लग्जरी लाइफ जीता था और लाखों रुपये उड़ाता था। इतना ही नहीं, गौरव कई बार उसे गांव वालों के सामने बेइज्जत करता था और अभद्र भाषा का इस्तेमाल करता था। मां हमेशा बेटे का पक्ष लेती थी। पिता और बेटे के बीच संबंध सुधारने के लिए पंचायत हुई थी, लेकिन गौरव ने पिता के लिए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था।

### सीसीटीवी में दिख रहे आरोपी

सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा है कि जहां युवक की लाश मिली, वहां से पहले तीन लोग निकल रहे हैं। उनके बाद रंगलाल भी हाथ में बैग लिए जा रहा है। आरोपी घर में रखे रुपये बैग में भरकर ले गया था।

## शहर 30s



इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की स्मृति पर कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान मौजूद अतिथिगण। • हिन्दुस्तान

### डॉ. यश गुलाटी को दिनकर सम्मान

**नई दिल्ली।** इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को रिस्पेक्ट इंडिया की ओर से राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर सप्तम स्मृति व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ऑर्थोपेडिक सर्जन और दिनकर की कविताओं को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर प्रस्तुत करने वाले डॉ. यश गुलाटी को दूसरा दिनकर संस्कृति सम्मान दिया गया। भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद् के उप महानिदेशक अभय के ने कहा कि दिनकर को याद करना आज की जरूरत है।

### दिव्यांग महिलाएं आज रैंप वॉक करेंगी

**नई दिल्ली।** लोगोस ट्रैन्सफर्मेशन और वाईडब्ल्यूसीए नई दिल्ली की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें दिव्यांग महिलाएं रैंप वॉक करेंगी। अशोका रोड स्थित वाईडब्ल्यूसीए दिल्ली के कॉन्स्टिना हॉल में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक कार्यक्रम होगा। लोगोस ट्रैन्सफर्मेशन के संस्थापक एनी थियेडोर ने कहा कि संस्थानों ने दिव्यांगजनों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान किया है।

### सीधे बिक्री से महिलाओं को नए अवसरः गोयल

**नई दिल्ली।** उपभोक्ता मामलों के मंत्री पीयूष गोयल ने कहना है कि उत्पादों की सीधे बिक्री (डायरेक्ट सेलिंग) हमारी माताओं और बहनों को नए अवसर प्रदान कर रही है। एसोसिएशन ऑफ डायरेक्ट सेलिंग एन्टिटीज ऑफ इंडिया (एडीएसईआई) और कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) की तरफ से आयोजित महिला उद्यमी सम्मेलन में उन्होंने महिलाओं के लिए चलाई जा रही योजनाओं को गिनाया।

### दावा : ब्रेन ट्यूमर का 30 मिनट में उपचार होगा

**नई दिल्ली।** अब अस्पताल में 30 मिनट के अंदर ब्रेन ट्यूमर का उपचार करवा मरीज उसी दिन घर जा सकेंगे। इसके लिए मरीजों को किसी सर्जरी से भी नहीं गुजरना पड़ेगा। अपोलो अस्पताल में जैप एक्स जाइरोस्कोपिक रेडियोसर्जरी से यह उपचार होगा। शुक्रवार को इस तकनीक को लॉन्च किया गया है। अस्पताल का दावा है कि दक्षिण एशिया और भारत में पहली बार किसी अस्पताल में मरीजों को यह सुविधा मिलने जा रही है।

### शैक्षणिक संस्थानों में महिलाएं सम्मानित

**नई दिल्ली।** विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को सम्मानित किया गया। इंदिरा गांधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय, डीयू के मिरांडा हाउस सहित नेशनल गैलरी ऑफ मार्डन आर्ट में आयोजित कार्यक्रम में भी महिलाओं को सम्मानित किया गया। मिरांडा हाउस कॉलेज की प्रिंसिपल प्रो. विजयलक्ष्मी नंदा ने विभिन्न स्थानों पर प्रतिष्ठित पद प्राप्त महिलाओं के बारे में जानकारी दी।

## फर्जी वीजा से विदेश भेजने वाला बांग्लादेशी गिरफ्तार

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** साउथ कैंपस थाना पुलिस ने 29 फरवरी को दिल्ली एयरपोर्ट से फर्जी वीजा से विदेश भेजने वाले एक बांग्लादेशी एजेंट को गिरफ्तार किया। इसकी पहचान मोकर्रम हुसैन के रूप में हुई। इससे पहले बांग्लादेशी छात्र मो. अकीदुल इस्लाम को रोमानिया दूतावास की शिकायत के बाद पकड़ा गया था।

पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बताया कि 25 जनवरी को रोमानिया दूतावास ने लिखित में शिकायत दी थी। काउंसलर ने बताया था कि एक बांग्लादेशी नागरिक ने रोमानिया जाने के लिए वीजा का आवेदन किया।

अधिकारी को पता चला कि आवेदन करने वाले शख्स के पास भारत का पर्यटक वीजा फर्जी है। इसके बाद एसीपी गरिमा तिवारी, एसएचओ नरेश कुमार और एसआई विकास साहू की टीम ने बांग्लादेश निवासी मो. अकीदुल इस्लाम को गिरफ्तार कर पूछताछ शुरू की। इसके बाद 29 फरवरी को एजेंट को दबोच लिया। एजेंट बांग्लादेश में हर्निया के फर्जी दस्तावेज बनवाकर भारत में मेडिकल वीजा दिलाता था और उन्हें भारत भेज देता था। एजेंट उनके वीजा में छेड़छाड़ कर उसे मेडिकल से टूरिस्ट वीजा में बदलने के बाद विदेश भेज देता था।



### महाशिवरात्रि पर शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी

राजधानी में महाशिवरात्रि पर शुक्रवार को मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। भोर में ही मंदिरों के कपाट खोल दिए गए। कई मंदिरों में रामायण पाठ किया गया। इस दौरान पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार स्थित शिव मंदिर में भक्तों ने पूजा अर्चना कर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। • सोनू मेहता

## हादसे में परिवार के चार लोगों की मौत

**नई दिल्ली/ खुर्जा।** खुर्जा क्षेत्र के बौरोली कट के पास शुक्रवार को हाईवे पर खड़े ट्रक की चेसिस में तेज रफ्तार कार घुसने से दंपति समेत परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। तीन सदस्य गंभीर रूप घायल हैं।

दिल्ली के कोंडली निवासी पवन, पत्नी सुषमा, पांच वर्षीय बेटी प्राक्षी उर्फ पीकू, 55 वर्षीय पिता तोताराम, 53 वर्षीय मां बबीता, 75 वर्षीय दादी चंद्रकला और तीन वर्षीय क्यांश के साथ कार द्वारा पहासू के नारऊ गांव स्थित रिश्तेदारी में आयोजित भंडारे में शामिल होने आए थे। हादसे में चंद्रकली, तोताराम, बबीता और प्राक्षी की मौत हो गई। पवन, सुषमा और क्यांश गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां सभी की हालत स्थिर बनी हुई है।


## फर्जी प्रमाणपत्र बनवाने में कबूतरबाज धरा

**नई दिल्ली।** लंदन से नौकरी कर लौटे एक युवक को कबूतरबाजी के आरोप में गुरुवार को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। उसकी पहचान भावेश बापडोरा के रूप में हुई।

वह लंदन निवासी एक महिला से शादी का फर्जी प्रमाणपत्र बनाकर लोगों को विदेश भेजने का झांसा देता था। दूतावास में वीजा के लिए शादी का प्रमाणपत्र पहुंचने पर मामला का खुलासा हुआ। दो अन्य लोगों ने भी महिला का पति बनकर आवेदन कर रखा है।


महिला एवं बाल विकास विभाग
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
5वीं मंजिल, आई एस बी टी बिल्डिंग, कश्मीरी गेट
नई दिल्ली-110006

परिवारों से बिछुड़े हुए बालक

| SL. NO | विवरण | फोटो |
|---|---|---|
| 1. | नाम सुभम आयु लगभग 13 साल, लगभग 8 साल का यह बालक दिनांक 27/09/2018 प्रीत विहार पुलिस के द्वारा बाल कल्याण समिति के आदेश के अनुसार बालक को चिल्ड्रन होम फॉर बॉयज़ में रखा गया, बालक का बाल कल्याण समिति के आदेश पर दिनांक 11/12/18 से बाल देखभाल और संरक्षण के लिए आशा गृह बॉयज़ होम, द्वारका, सेक्टर-19, नई दिल्ली को स्थानांतरित कर दिया गया। इस मामले में डायरी नं. 08 ए दिनांक 12-04-2018 है। |  |
| 2. | नाम चेतन आयु लगभग 13 साल, लगभग 5 साल का यह बालक दिनांक 26/02/15 बी सी सी एच के द्वारा बाल कल्याण समिति के आदेश अनुसार बालक को डॉन बॉस्को दिनांक 07/04/2015 आशालयम में रखा गया, फिर बालक को 26/11/15 को बाल देखभाल और संरक्षण के लिए बाल कल्याण समिति के आदेश अनुसार आशा गृह बॉयज़ होम, द्वारका सेक्टर 19 नई दिल्ली को स्थानांतरित कर दिया गया। इस मामले में डायरी नं. 55 B दिनांक 21-01-2018 है। |  |

**नोट:** उपरोक्त बच्चों के अभिभावक/संरक्षक/रिश्तेदार नीचे दिये गये पतों पर सम्पर्क कर सकते हैं:-

1. **होम इंचार्जः आशा गृह बॉयज होम, B-215, अंबराही गाँव, सेक्टर-19, द्वारका, नई दिल्ली 110075, दूरभाष नं. 011-20892770, मो. नं. 9716217229**
2. **अधीक्षकः जिला बाल संरक्षण इकाई, 9 निर्मल छाया परिसर, जेल रोड, हरी नगर, नई दिल्ली, 011-28522407**

हस्ता./-
**निदेशक**
**महिला एवं बाल विकास विभाग**

**देखभाल एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले बच्चों के बारे में 1098 पर चाइल्ड लाइन पर सूचित करें**

DIP/Shabdarth/Classified/0376/23-24


## महिला से मोबाइल और पर्स झपटा

**नई दिल्ली।** नंदनगरी इलाके में बाइक सवार बदमाश ने सिविल डिफेंस में कार्यरत एक महिला का मोबाइल और पर्स झपट लिया।

पुलिस अनुसार, पीड़िता ममता भागीरथी विहार के गली संख्या-एक की रहने वाली हैं। वह रविवार दोपहर करीब 12 बजे नंद नगरी इलाके से एक मीटिंग में शामिल होकर लौट रही थी। इसी दौरान महिला का मोबाइल और पर्स झपट लिया।

## मध्यस्थता से नहीं निपटा सकते यौन शोषण के मामले : न्यायालय

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने एक रिश्तेदार द्वारा दो नाबालिग लड़कियों से यौन उत्पीड़न के मामले को मध्यस्थता से निपटाने के कदम की निंदा की है। कोर्ट ने कहा कि ऐसे गंभीर प्रकृति के अपराधों को इस तरह नहीं सुलझाया जा सकता।

उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि ऐसे अपराध करने वालों को उचित कानूनी कार्यवाही के माध्यम से जवाबदेह ठहराया जाए। इससे पीड़ितों को आवश्यक समर्थन, सुरक्षा और न्याय भी मिलेगा जिसके वे हकदार हैं। अदालत अपनी पत्नी से अलग हुए एक व्यक्ति की याचिका पर सुनवाई कर रही है।

व्यक्ति का आरोप है कि जब उसका पत्नी से विवाद था, तब उसके ससुराल में उसकी बेटियों से यौन उत्पीड़न हुआथा। बाद में पत्नी से समझौता हुआ तो उसने मामले को बंद कर दिया। अब वह फिर इस मामले को खोलना चाहता है।

# दुष्कर्म में समझौते को कोर्ट ने नकारा

**अदालत से**

■ हेमलता कौशिक

**नई दिल्ली।** उच्च न्यायालय ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी और पीड़िता के बीच समझौते के आधार पर प्राथमिकी रद्द करने की याचिका खारिज कर दी। कोर्ट ने कहा कि पीड़िता और आरोपी का समझौता न्यायिक प्रक्रिया के मुताबिक नहीं है। साथ ही, कहा कि महिला के साथ हुए अपराध को पैसे के लेन-देन के आधार पर खत्म कैसे किया जा सकता है।

न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा की पीठ ने आदेश में कहा कि दुष्कर्म, हत्या, डकैती और अन्य जघन्य अपराध समाज के प्रति होते हैं। इन्हें किसी व्यक्ति विशेष के प्रति नहीं माना जा सकता। लिहाजा, इन अपराधों के तहत मुकदमों का निपटारा न्यायिक प्रक्रिया में सुनवाई के बाद हो सकता है।

**सभी जिला न्यायाधीशों से सर्तकता बरतें :** इस मामले में सामने आया कि संबंधित मामले की सुनवाई कर रहे न्यायाधीश ने पीड़िता को आरोपी से समझौता करने की सलाह दी, जिसके बाद पीड़िता ने आरोपी से साढ़े तीन लाख रुपये लेने के एवज में समझौता करने पर सहमति दी। कोर्ट ने संबंधित न्यायधीश के इस कथित कृत्य को गंभीरता से लिया। पीठ ने रजिस्ट्रार जनरल को कहा कि वह इस आदेश की प्रति सातों जिला अदालतों के जिला एवं सत्र न्यायाधीशों को पहुचाएं, ताकि वह याद रखें कि यह आचरण अनैतिक है।

### पीड़िता ने कहा, सहमति से संबंध बनाए थे

पुलिस को दी शिकायत और न्यायाधीश के समक्ष प्रारंभिक बयानों में पीड़िता ने गंभीर आरोप लगाए। समझौता पत्र में युवती ने कहा कि उसके और आरोपी के बीच मर्जी संबंध से बने थे। कुछ गलतफहमी की वजह से उसने यह मुकदमा दर्ज करा दिया था। हालांकि, उच्च न्यायालय ने पाया कि इसके एवज में पीड़िता को साढ़े तीन लाख दिए जाने का प्रस्ताव था।

### राष्ट्रपति ने हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचकर उत्साहवर्द्धन किया

# अंतरिक्ष क्षेत्र में वायुसेना का अहम योगदान : मुर्मु

**संबोधन**

**ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि वायुसेना सुरक्षा के साथ अंतरिक्ष कार्यक्रम में भी सराहनीय योगदान दे रही है। शुक्रवार को हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पहुंचीं राष्ट्रपति ने वायु सैनिकों का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि आपकी सेवा और कर्तव्यनिष्ठा देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है।

द्रौपदी मुर्मू ने राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार देने के बाद वायुसेना की चारों इकाइयों की विवरणिका का विमोचन कर आवरण पर हस्ताक्षर भी किए। उन्होंने कहा कि एशिया के सबसे बड़े एयरफोर्स स्टेशन से इन इकाइयों के सभी पूर्व और वर्तमान अधिकारियों की राष्ट्र के लिए दी गई सेवा की सराहना करती हूं। वायुसेना के अधिकारियों और जवानों ने हर बार अद्भुत साहस, समर्पण और आत्मबलिदान का परिचय दिया है। आपदा के समय राहत और बचाव कार्य भी किया।

उन्होंने कहा कि वायु सैनिकों के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि अंतरिक्ष में जाने वाले चारों व्यक्ति वायुसेना से ही चुने गए हैं।


हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर शुक्रवार को 221 स्क्वॉड्रन की विवरणिका का विमोचन करतीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु। ● हिंदुस्तान

## वायुसेना की चार इकाइयां पुरस्कृत

**ट्रांस हिंडन, वरिष्ठ संवाददाता।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वायुसेना की चार इकाइयों को पुरस्कृत किया। हिंडन एयरफोर्स स्टेशन पर हुए आयोजन में इन्हें सर्वोच्च सैन्य सम्मान राष्ट्रपति मानक, रंग पुरस्कार दिया।

राष्ट्रपति सुबह 10 बजे एयरफोर्स स्टेशन पहुंचीं। राष्ट्रगान के साथ तीन विमानों ने हवा में तिरंगा झंडा फहराकर राष्ट्रपति को सलामी दी। राष्ट्रपति मानक और रंग पुरस्कार किसी भी सशस्त्र बल इकाई के लिए सर्वोच्च सैन्य सम्मान है, जो पहली बार वायुसेना की चार इकाइयों को एक साथ मिले हैं। 45 स्क्वॉड्रन की ओर से कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन एम सुरेंद्रन और 221 स्क्वॉड्रन की ओर से कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन शुभांकन ने राष्ट्रपति मानक पुरस्कार लिया। 11 बेस रिपेयर डिपो की ओर से एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर कमोडोर आशुतोष वैद्य और 509 सिग्नल यूनिट की ओर से कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन विवेक शर्मा ने राष्ट्रपति रंग पुरस्कार लिया।

## भंगेल सड़क का काम धीमा होने पर जुर्माना

**नोएडा।** डीएससी रास्ते पर बन रही भंगेल एलिवेटेड सड़क का निर्माण धीमी गति से करने पर नोएडा प्राधिकरण ने उत्तर प्रदेश राज्य सेतु निगम पर 10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। इससे पहले भी सेतु निगम पर दो बार जुर्माना लग चुका है।

इस साल दिसंबर अंत तक एलिवेटेड सड़क का काम पूरा होने की उम्मीद है। भंगेल-सलारपुर रास्ते पर जाम खत्म करने के लिए नोएडा प्राधिकरण एलिवेटेड सड़क बनवा रहा है। यह एलिवेटेड सड़क सेक्टर-41 आगाहपुर से फेज टू स्थित नाले के पास तक बनेगी। इसका निर्माण चलते हुए करीब चार साल का समय हो चुका है, लेकिन अभी तक करीब 70 प्रतिशत काम ही पूरा हो सका है।

# नमो भारत ट्रेन 160 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ी

**स्वागत**

**गाजियाबाद/मोदीनगर, हिटी।** देश की पहली नमो भारत ट्रेन शुक्रवार को रैपिड रेल ट्रांजिट सिस्टम (आरआरटीएस) के खंड-2 पर यात्रियों को लेकर 160 किलोमीटर की रफ्तार से दौड़ी। इस दौरान यात्रियों ने रोमांच भरे सफर को मोबाइल में कैद किया।

प्रधानमंत्री ने कोलकाता से छह मार्च को नमो भारत ट्रेन के खंड-2 का वर्चुअल उद्घाटन किया था। दो दिन बाद शुक्रवार को ट्रेन का परिचालन मुरादनगर से मोदीनगर उत्तर स्टेशन तक शुरू हो गया। पहले दिन ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों का एनसीआरटीसी ने गुलाब देकर स्वागत किया। महिलाओं ने गीत गाकर और सेल्फी लेकर सफर को यादगार बनाया। ट्रेन साहिबाबाद से मोदीनगर उत्तर तक पूरे खंड के लिए सुबह छह से रात आठ बजे तक उपलब्ध रही। दोनों दिशाओं में पहली ट्रेन सुबह छह बजे चली।



मुरादनगर में शुक्रवार को नमो भारत ट्रेन में यात्रा करती महिलाएं। ● हिंदुस्तान


भारत सरकार
**राजकुमारी अमृत कौर नर्सिंग महाविद्यालय**
लाजपत नगर नजदीक मूलचंद मेट्रो स्टेशन, नई दिल्ली-110024, दूरभाष: 011-26436788, 26435270
ई-मेल: principal-rakcon@gov.in

**प्रवेश सूचना**

एम.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम, (2024-25) (दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त)

एम.एससी. नर्सिंग पाठ्यक्रम (2024-2025) के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। निर्धारित आवेदन प्रपत्र एवं विवरण पत्रिका महाविद्यालय की वेबसाइट (**www.rakcon.com**) से डाउनलोड किये जा सकते हैं और रुपये 1000 का बैंक ड्राफ्ट जो **"Principal, Rajkumari Amrit Kaur College of Nursing"** के नाम देय हो, के साथ 18.03.2024 से 19.04.2024 सायं 5.00 बजे तक जमा किए जा सकते हैं। आवेदन प्रपत्र सभी कार्य दिवसों यानि सोमवार से शुक्रवार, राजपत्रित अवकाशों को छोड़कर समय 10.00 बजे से 5.00 बजे तक जमा किए जाएंगे।

**प्रवेश संबंधी अपेक्षाएं**

प्रत्याशी को 55% सफल प्राप्तांकों सहित दिल्ली विश्वविद्यालय से बी.एससी (आनर्स) परीक्षा या उसके समकक्ष मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी. एससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बी.एससी. नर्सिंग परीक्षा पास होनी चाहिए एवं किसी संस्था/ विशेष अध्ययन संस्थान अथवा जनस्वास्थ्य एजेंसी से नर्सिंग में एक वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अनुभव की गणना दिनांक **19 अप्रैल, 2024** तक मानी जाएगी। दिनांक **26 मई, 2024 को सुबह 10.00 बजे** चयन परीक्षा होगी।

सीबीसी 17149/12/0001/2324

फाइल सं. ए-11014/04/2023-एडमिन
**राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर)**
5 वां तल, चन्द्रलोक भवन, 36, जनपथ, नई दिल्ली-110001

**रिक्ति सूचना**

एनसीपीसीआर द्वारा निम्नलिखित पदों के लिए पात्र उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं जिन्हें अन्यत्र सेवा शर्तों पर प्रतिनियुक्ति आधार पर भरा जाना है।

1. प्रमुख निजी सचिव (02)
2. सहायक निदेशक (01)

**आवेदन का तरीका:** इच्छुक व पात्र उम्मीदवार विवरण के लिए **http: www.ncpcr.gov.in** लॉग ऑन करें। आवेदन पत्र इस कार्यालय में **22.04.2024** तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए।

हस्ता./- (धर्मेंद्र भंडारी)
पीपीएस, एनसीपीसीआर

सीबीसी 46108/12/0004/2324





## एल्विश यादव के खिलाफ गुरुग्राम में मुकदमा दर्ज

**गुरुग्राम, वरिष्ठ संवाददाता।** यूट्यूबर एल्विश यादव का शुक्रवार को मारपीट करने का वीडियो को वायरल हो गया। आरोप है कि एल्विश और साथियों ने एक युवक के साथ सेक्टर-53 में स्थित साउथ प्वाइंट मॉल में मारपीट की थी। शिकायत पर सेक्टर-53 थाने में शुक्रवार देर रात मामला दर्ज किया गया।

पुलिस ने एल्विश यादव को आरोपी बनाया है। मामले में एल्विश यादव ने एक्स पर एक वीडियो पोस्ट कर सफाई देते हुए मारपीट के बारे में पूरी जानकारी दी। दिल्ली के समता विहार मुकंदपुर निवासी सागर ठाकुर ने पुलिस से शिकायत में बताया कि उनको सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर मैक्सटर्न के नाम से जाना जाता है। एल्विश के हेट स्पीच देने के कारण वह आहत हैं।

वह एल्विश से गुरुवार को मिलने के लिए गुरुग्राम में पहुंचे। देर रात 12 बजे सेक्टर-53 स्थित साउथ प्वाइंट मॉल के स्टोर में एल्विश ने अपने दस साथियों के साथ आते ही उसके साथ मारपीट कर दी। सागर ने आरोप लगाया कि उन्होंने शराब भी पी हुई थी।

## मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतरे

**पलवल।** पलवल रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार दोपहर मालगाड़ी के तीन डिब्बे पटरी से उतर गए। इससे स्टेशन परिसर में अफरातफरी मच गई।

चार घंटे तक मथुरा की ओर जाने वाली अप-लूपलाइन प्रभावित रही। रेल अधिकारियों ने बताया कि करीब 55 कोच वाली एक मालगाड़ी यूपी के संभल स्थित बबराला से खाद लोडकर पलवल आई थी। दोपहर डेढ़ बजे मालगाड़ी को प्लेफार्म नंबर छह से बैक कर यार्ड की ओर ले जाया जा रहा था। इसी दौरान ट्रेन पटरी से उतर गई।

## बाउंसरों ने युवती से मारपीट की

**गुरुग्राम।** दिल्ली-जयपुर हाईवे की सर्विस रोड पर स्थित इबोला क्लब में बुधवार को युवती ने सिगरेट जला दी। इस मामले में क्लब में मौजूद महिला और पुरुष बाउंसरों ने युवती के साथ अभद्रता कर उससे मारपीट की।

आरोप है कि इस दौरान उसे क्लब से बाहर निकाल कर जान से मारने की धमकी भी दी गई। मारपीट में युवती के चेहरे और हाथ पर काफी चोट आई है। क्लब में लगे सीसीटीवी कैमरों में घटनाक्रम कैद हो गया। पुलिस ने सेक्टर-40 थाने में शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सुपरटेक के चेयरमैन की जमानत याचिका खारिज

**अदालत से**

**नई दिल्ली/नोएडा, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को धनशोधन मामले में सुपरटेक के प्रमोटर और चेयरमैन आरके अरोड़ा की डिफॉल्ट (वैधानिक) जमानत याचिका को खारिज कर दिया। अरोड़ा ने ईडी द्वारा समय से आरोपपत्र दाखिल न कर पाने के आधार पर उच्च न्यायालय से जमानत की मांग की थी।

सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मनोज कुमार ओहरी की पीठ ने कहा कि ईडी का स्पष्ट रुख है कि वर्तमान याचिकाकर्ता के खिलाफ जांच पूरी हो गई है, परंतु फोरेंसिक जांच रिपोर्ट अभी लंबित है। ऐसे में देरी के लिए एफएसएल जिम्मेदार है।

**यह है डिफाल्ट जमानत:** यह धारा 167(2) में निहित है। इसमें कहा गया है कि जब किसी आरोपी को गिरफ्तार किया जाता है और हिरासत में लिया जाता है, तो जांच एक निर्दिष्ट समय सीमा के भीतर पूरी की जानी चाहिए।

## भूखंड के लिए ऑनलाइन बोली अगले हफ्ते लगेगी

**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** नोएडा प्राधिकरण की तरफ से जनवरी में निकाली गई 376 आवासीय भूखंड योजना के लिए अगले सप्ताह ऑनलाइन बोली लगेगी। ऑनलाइन बोली 11 से 16 मार्च के बीच लगाई जाएगी। योजना में एक भूखंड पाने के लिए 17 दावेदार मैदान में है।

प्राधिकरण ने योजना 25 जनवरी 2024 को लॉन्च की थी। ये भूखंड सेक्टर-41, 43, 44, 47, 48, 49, 51, 52, 53, 56, 61, 70, 71, 72 में हैं। इनके अलावा पहली बार नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के आसपास के सेक्टर-92, 99, 105, 108, 122 के खाली पड़े पड़े भूखंड शामिल गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि योजना में करीब 150 नए भूखंड भी शामिल किए गए हैं, जिनका पहली बार आवंटन होगा। बाकी भूखंड वे हैं, जो किसी वजह से सरेंडर किए जा चुके हैं या बकाया नहीं मिलने पर प्राधिकरण ने आवंटन निरस्त कर दिया है। अधिकारियों ने बताया कि इस योजना में करीब 6400 लोगों ने आवेदन किया था।






कांग्रेस ने वेणुगोपाल और भूपेश बघेल जैसे नेताओं को उम्मीदवार बनाया, अमेठी सीट पर संशय बरकरार

# पहली सूची से सामाजिक न्याय का संदेश

विश्लेषण

■ सुहेल हामिद

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने अपने उम्मीदवारों को पहली सूची शुक्रवार शाम जारी कर दी। पार्टी ने उम्मीदवारों के नाम के ऐलान की शुरुआत दक्षिण से की है। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी एक बार फिर केरल की वायनाड सीट से ताल ठोकेंगे। वहीं, उत्तर प्रदेश से उनके चुनाव लड़ने पर संशय बरकरार है। हालांकि, पार्टी के अंदर एक तबका उनके अमेठी से भी चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है।

**युवाओं को साधने की कोशिश:** कांग्रेस ने जानबूझकर दक्षिण से शुरुआत की है। क्योंकि, उत्तर भारत के मुकाबले पार्टी को दक्षिण से ज्यादा उम्मीद है। पहली सूची के जरिए पार्टी ने सामाजिक समीकरण के साथ राजनीतिक न्याय को भी साधने की कोशिश की है। पार्टी ने 39 में से 24 सीट पर एससी/ एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक को मौका दिया है। युवाओं को साधने के लिए पार्टी ने 50 साल के 12 उम्मीदवारों को सूची में जगह दी है।

### रायबरेली और अमेठी से उठ रही मांग

कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि उत्तर प्रदेश में उम्मीदवारों के नाम पर चुनाव समिति की अगली बैठक में चर्चा हो सकती है। प्रदेश में पार्टी समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक, अमेठी और रायबरेली के नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के चुनाव लड़ने की मांग कर रहे हैं, लेकिन इस पर अंतिम निर्णय गांधी परिवार को ही करना है।



नई दिल्ली में शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय में उम्मीदवारों के बारे में जानकारी देते (बाएं से) पार्टी नेता पवन खेड़ा, केसी वेणुगोपाल और अजय माकन। • प्रेट्र

### दिग्गज नेताओं पर दांव

पार्टी बड़े नेताओ को चुनाव मैदान में उतार कर यह संदेश देने की कोशिश में है कि वह चुनाव को लेकर गंभीर है। पार्टी ने छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव से उम्मीदवार बनाया है। राज्यसभा सांसद के वेणुगोपाल को अलफुजा से टिकट दिया गया है।

### पार्टी के लिए वायनाड मुफीद

कांग्रेस के लिए केरल की वायनाड सीट काफी सुरक्षित है। वर्ष 2009 से पार्टी लगातार यह सीट जीत रही है। 2009 और 2014 में इस सीट से एमआई शनावास जीती थीं। 2019 से राहुल गांधी सीट का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। यहां 56 फीसदी मुस्लिम, 34 फीसदी हिंदू, नौ प्रतिशत ईसाई हैं।

### प्रमुख प्रत्याशियों की सूची

शिव कुमार दहारिया जांगिड चंपा सुरक्षित (छत्तीसगढ़), ज्योत्सना महंत कोबरा (छत्तीसगढ़), भूपेश बघेल राजनांदगांव (छत्तीसगढ़), राजेंद्र साहू दुर्ग (छत्तीसगढ़), विकास उपाध्याय रायपुर (छत्तीसगढ़), ताम्रध्वज साहू महासमुंद (छत्तीसगढ़), एच आर एल्वार राजू बीजापुर सुरक्षित (कर्नाटक), आनंद स्वामी जी मठ कावेरी (कर्नाटक), गीता शिवराज कुमार शिमोगा, एम श्रेयांस पटेल हसन, एसपी मुदाहनुमएगोड़ा मांड्या (कर्नाटक), डीके सुरेश बेंगलुरू ग्रामीण (कर्नाटक)। राजमोहन उन्नीथन कासरगोड, के सुधाकरण कन्नूर, शशि परमबिल वाडकरा, राहुल गांधी वायनाड, एमके राघवन कोझिकोड, वी के श्रीकंदन पलक्कड़, राम्या हरिदास, अलाथुर-एससी, के मुरलीधरन त्रिशूर, बेनी बेहनन चलाकुडी (सभी केरल) हैं।

महाराष्ट्र

## पहली सूची में होगा गडकरी का नाम

**नागपुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन सीट बंटवारे को अंतिम रूप देगा। उसके बाद भाजपा उम्मीदवारों की सूची में पहला नाम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का होगा।

भाजपा नेता फडणवीस ने यहां पत्रकारों से बात करते हुए, शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे द्वारा विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाडी (एमवीए) से गडकरी को लोकसभा टिकट देने संबंधी पेशकश की आलोचना की। फडणवीस ने कहा, गडकरी हमारे प्रमुख नेता हैं।

## सत्ता सहयोगियों को धमका रहे : सुले

**पुणे, एजेंसी।** शरद पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले ने शुक्रवार को महाराष्ट्र सरकार पर जमकर हमला बोला। बारामती से सांसद सुले ने दावा किया कि राज्य में न केवल विपक्ष के लोगों को बल्कि सत्ता में साझेदार लोगों को भी धमकाया जा रहा है।

सुले से शरद पवार के आरोप पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की प्रतिक्रिया के बारे में पूछा गया था। पवार ने यह आरोप लगाया था कि एनसीपी विधायक सुनील शेल्के ने एनसीपी (एसपी) के नेताओं को धमकी दी थी। इस पर फडणवीस ने पवार की टिप्पणियों को धमकी मानते हुए कहा था कि पवार साहब जैसे बड़े नेता के बयान से उनका कद कम हो जाता है।

सियासत 30s

### पैनल में हो सकते हैं विधायकों के नाम

**देहरादून।** लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पैनल में विधायकों के नाम भी शामिल हो सकते हैं। दिग्गजों के तैयार नहीं होने की स्थिति में पार्टी विधायकों को मैदान में उतार सकती है। स्क्रीनिंग कमेटी की तीन बैठकों के बावजूद अब तक कांग्रेस में लोकसभा प्रत्याशियों का पैनल तैयार नहीं हो पाया है, इसकी मुख्य वजह प्रमुख चेहरों द्वारा चुनाव लड़ने को लेकर अनिच्छा जताया जाना है।

### भाजपा के अनिल कल थामेंगे कांग्रेस का हाथ

**पटना।** भाजपा से दो बार 2005 से 2015 तक बिक्रम से विधायक रहे अनिल कुमार जल्द ही कांग्रेस के साथ आएंगे 10 मार्च को वे विधिवत कांग्रेस पार्टी में शामिल होंगे। नौबतपुर के खेल मैदान में आयोजित सभा में उन्हें कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह सदस्यता दिलाएंगे। शुक्रवार को अनिल कुमार खुद कांग्रेस प्रदेश कार्यालय सदाकत आश्रम आकर कांग्रेसी झंडा लेकर गए।

### हरिद्वार-गढ़वाल सीट पर दस को ऐलान संभव

**देहरादून।** भाजपा हरिद्वार और गढ़वाल संसदीय सीट पर प्रत्याशियों को लेकर 10 मार्च को तस्वीर साफ कर सकती है। इस दिन दिल्ली में केंद्रीय पार्लियामेंट बोर्ड की बैठक होने जा रही है। उत्तराखंड में भाजपा टिहरी, नैनीताल-यूएसनगर और अल्मोड़ा संसदीय सीट पर सिटिंग सांसदों को पहले ही टिकट दे चुकी है, जबकि हरिद्वार और गढ़वाल को लेकर अभी मंथन चल रहा है।

### चुनाव के लिए यूपी में नहीं हैं तजुर्बे वाले डीएम

**लखनऊ।** लोकसभा चुनाव के लिए केन्द्रीय चुनाव आयोग ने देश के विभिन्न राज्यों में चुनाव पर्यवेक्षक की ड्यूटी के लिए उत्तर प्रदेश सरकार से 120 आईएएस अफसरों की मांग की है। शर्त है कि ऐसे अफसर दिए जाएं जिन्हें अपने कार्यकाल में जिलाधिकारी की जिम्मेदारी निभाने का मौका जरूर मिला हो। मगर सरकार के पास डीएम का तजुर्बा रखने वाले ऐसे 120 अफसर नहीं जुट रहे।

### रायबरेली में कांग्रेस के लिए मुश्किल आएगी

**लखनऊ।** सोनिया गांधी के इस्तीफे के बाद रायबरेली लोकसभा सीट को लेकर कांग्रेस की चिंता गहराने लगी है। पार्टी नेतृत्व को लगातार यह फीडबैक मिल रहा है कि इस सीट पर गांधी परिवार के बाहर के किसी प्रत्याशी को मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कार्यकर्ता यह संदेश दे रहे हैं कि इसे जीतने के लिए सबसे अच्छा विकल्प यही है कि वह प्रियंका गांधी को चुनाव मैदान में उतारें।

### पोस्टर और नारों से पटा जदयू प्रदेश कार्यालय

**पटना।** नए-नए पोस्टरों और नारों से जदयू प्रदेश कार्यालय पट गया है। पोस्टरों पर लिखे अलग-अलग नारे बता रहे हैं कि इस बार लोकसभा चुनाव के कौन-कौन प्रमुख मुद्दे होंगे। शुक्रवार दिन के 11 बजे हैं। कार्यालय के समीप पहुंचते ही नये पोस्टरों का दीदार हुआ। पोस्टर पहले की अपेक्षा अधिक संख्या में लगे हैं। मुख्य द्वार पर सुरक्षा गार्ड तैनात दिखे।

## समाजवादी पार्टी 30 सीटों के लिए बना रही मेगा प्लान

उत्तर प्रदेश

**लखनऊ, हिब्यू।** समाजवादी पार्टी इस बार लोकसभा चुनाव में 30 सीटों पर विशेष ध्यान लगाए हुए हैं। इन सीटों को फतेह करने के लिए वह 'मेगा प्लान' बना रही है। इनमें 17 आरक्षित और 13 मुस्लिम बाहुल्य सीटें हैं।

सपा उन सीटों को भी जीतना चाहती है जिन पर पिछली बार जीती थी या कम अंतर से हारी थी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कोर कमेटी के साथ इसको लेकर बैठक की है। इन सीटों पर अनुभवी नेताओं को लगाया जाएगा और ये वहीं रहकर कैंप करेंगे।

**बंटवारा रोकने की कोशिश:** सपा चुनाव में किसी भी कीमत पर मुस्लिम वोटों का बंटवारा नहीं चाहती है। कांग्रेस से उसका गठबंधन इसी रणनीति का हिस्सा भी माना जा रहा है। सपा इस पर काम कर रही है कि मुस्लिम वोटों का बंटवारा न होने पाए।

## हिमाचल के बागी उत्तराखंड भेजे गए

■ राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने गृह मंत्री शाह से मुलाकात की

**शिमला, संवाददाता।** हिमाचल कांग्रेस में बगावत को हवा देकर भाजपा सरकार बनाने के दावे कर रहे राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। वहीं अयोग्य घोषित किए गए कांग्रेस के छह विधायकों सहित तीन निर्दलीय विधायकों को चंडीगढ़ से उत्तराखंड शिफ्ट किया गया।

सूत्रों के अनुसार, इन्हें ऋषिकेश के निकट एक होटल रखा गया है। शुक्रवार दोपहर को चंडीगढ़ से चार्टर्ड प्लेन से इन्हें देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट लाया गया, जहां से सड़क मार्ग से इन्हें होटल ले जाया गया। हिमाचल में राज्यसभा सांसद चुनाव में भाजपा को वोट देने वाले ये नौ विधायक 28 फरवरी से पंचकूला में एक होटल में ठहरे हुए थे, जहां इन्हें अब उत्तराखंड भेजा गया है। इनके साथ भाजपा के दो विधायक विक्रम ठाकुर और त्रिलोक जम्वाल भी बताए जा रहे हैं। राजनीति के जानकार मानते हैं कि हिमाचल की राजनीति अब सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर बहुत कुछ निर्भर करेगी। इन नेताओं को कोर्ट से राहत मिली तो इसके बाद भाजपा खेला कर सकती है। राज्य में भाजपा फ्लोर टेस्ट की मांग कर सकती है।

सुक्खू ने शुक्रवार को बैजनाथ में एक जनसभा के दौरान कांग्रेस के बागी और निर्दलीय विधायकों के संबंध में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि पंचकूला से कांग्रेस के छह बागी और तीन निर्दलीय विधायकों को कहीं और शिफ्ट कर दिया गया है।



### देश में कोई स्टार्टअप नहीं : राहुल गांधी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के 55वें दिन गुजरात के गोधरा में शुक्रवार को दावा किया कि देश में कोई स्टार्टअप नहीं है। अगर हैं भी तो वे विदेशी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। इस दौरान उन्होंने केंद्र की स्टार्टअप इंडिया पहल की आलोचना की और कांग्रेस की सरकार आने पर इस क्षेत्र को वित्त पोषित करने के लिए 5,000 करोड़ रुपये निर्धारित करने का वादा किया। उन्होंने यह भी कहा कि 30 लाख सरकारी पद खाली हैं और सत्ता में आने पर कांग्रेस उन्हें भरेगी। राहुल गांधी ने दावा किया कि केंद्र ने बड़े कॉरपोरेट के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ किए।

## एसबीआई की अर्जी पर सुप्रीम सुनवाई 11 को

चुनावी बॉन्ड

**नई दिल्ली, विसं।** सुप्रीम कोर्ट के पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की एक अर्जी पर 11 मार्च को सुनवाई करेगी। अर्जी में राजनीतिक दलों द्वारा नकदी में परिवर्तित किए गए प्रत्येक चुनावी बॉन्ड के ब्यौरे का खुलासा करने के लिए 30 जून तक समय बढ़ाने का अनुरोध किया गया है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की पीठ के सामने बैंक और गैर सरकारी संगठन द्वारा दाखिल दोनों याचिकाओं पर सुनवाई होगी। शीर्ष अदालत ने 15 फरवरी को केंद्र सरकार द्वारा राजनीतिक दलों को चंदा देने के लिए शुरू की गई चुनावी बॉन्ड योजना को असंवैधानिक बताते हुए रद्द कर दिया था। साथ ही, एसबीआई को राजनीतिक दलों द्वारा भुनाए गए सभी बॉन्ड का विवरण छह मार्च तक भारतीय निर्वाचन आयोग को मुहैया कराने को निर्देश दिया था। साथ ही निर्वाचन आयोग के 13 मार्च 2024 तक बैंक से मिली सभी विवरण को अपने वेबसाइट पर सार्वजनिक करने को कहा था।

सुप्रीम कोर्ट में दाखिल अपनी अर्जी में स्टेट बैंक ने कहा है कि सभी चुनावी बॉन्ड का ब्योरा जुटाने में वक्त लगेगा। बैंक ने कहा है कि दान दाता का विवरण उसके अलग-अलग शाखाओं में एक सीलबंद लिफाफे में रखा गया था।

वहीं, दूसरी तरफ गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने समय सीमा के भीतर चुनावी बॉन्ड योजना के तहत दलों को चंदा देने वालों का ब्योरा निर्वाचन आयोग को नहीं दिए जाने पर स्टेट बैंक के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दाखिल की है।




## केरल में मोर्चाबंदी के बीच मिशन-20 में कौन पड़ेगा बीस

दांवपेच

■ पंकज कुमार पाण्डेय

**नई दिल्ली।** केरल में लोकसभा की 20 सीट पर कांग्रेस या लेफ्ट में कौन भारी पड़ेगा? दक्षिण के इस गढ़ को क्या भाजपा पहली बार भेदकर अपनी एंट्री कर पाएगी। गुणा -भाग और सियासी अंकगणित के बीच केरल की एक-एक सीट को लेकर जबरदस्त व्यूह रचना की जा रही है।

कांग्रेस और लेफ्ट में केरल भले ही अलग-अलग दिशा में नजर आ रहे हों, लेकिन भाजपा की एंट्री रोकने के लिए दोनों खुद को मुख्य धुरी बनाकर रखना चाहते हैं। केरल में भाजपा ने पिछले कुछ वर्षों में कई प्रमुख नौकरशाहों, अभिनेताओं और खिलाड़ियों को अपने साथ जोड़ा है। जिन्होंने वोट शेयर बढ़ाने में मदद की है लेकिन चुनाव में जीत पार्टी को नहीं मिली है। इसके अलावा पार्टी राज्य में अपने प्रतिद्वंद्वियों खासकर सीपीआई (एम) की तरह मजबूत जमीनी स्तर का दावा नहीं कर सकती है। 2019 लोकसभा में 20 में से 19 सीट कांग्रेस खेमे को मिली थीं। इस बार लेफ्ट बाजी अपने पक्ष में करना चाहता है। कांग्रेस एक बार फिर स्वीप करने की रणनीति से उम्मीदवारी तय कर रही है।

**भाजपा का चार सीट हासिल करने पर जोर:** उधर भाजपा की निगाह कम से कम चार सीट पर पूरा जोर लगाकर जीत हासिल करने पर है। इनमें शशि थरूर का निर्वाचन क्षेत्र तिरुवनंतपुरम भी शामिल है। इसके अलावा त्रिशूर एक ऐसा निर्वाचन क्षेत्र है जहां भाजपा, वामपंथियों और कांग्रेस के खिलाफ अपनी संभावनाएं तलाश रही है। पार्टी ने यहां अपना वोट शेयर बढ़ाया है।

### पथानामथिट्टा में 58% मतदाता हिंदू

इसके अलावा अन्य केन्द्र बिन्दुओं पर बात करें तो सबरीमाला विरोध प्रदर्शन के कारण 2019 में भाजपा ने जिस अन्य निर्वाचन क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया वह मध्य केरल में पथानामथिट्टा है। यहां 35% ईसाई और 58% मतदाता हिंदू हैं। हिंदुओं में से 20% उच्चवर्गीय हैं।

### एलडीएफ गठबंधन मजबूत होता रहा

2019 के लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद जहां लेफ्ट का एलडीएफ गठबंधन मजबूत होता रहा, वहीं कांग्रेस के नेतृत्व वाला यूडीएफ गठबंधन लगातार कमजोर होता गया। जानकार कहते है कि कांग्रेस के नेता यह सोचने लगे कि जनता विजयन से नाराज है।

### भाजपा के मुकाबले में कांग्रेस थी सामने


2019 के लोकसभा चुनाव में केरल के लोगों ने कांग्रेस को इसलिए वोट दिया था क्योंकि वे भाजपा को रोकना चाहते थे। तब मुकाबले में कांग्रेस ही नजर आ रही थी। बाद में कांग्रेस के नेताओं से बड़ी गलती यूडीएफ गठबंधन के घटक दल केरल कांग्रेस (मणि) को लेकर हुई।

### लेफ्ट को खुद के मजबूत होने की उम्मीद

कांग्रेस के नेता यह आकलन ही नहीं कर पाए कि केरल कांग्रेस (मणि) में टूट के बाद कौन-सा पक्ष ज्यादा मजबूत है। लेफ्ट को बदले घटनाक्रम में खुद के मजबूत होने की उम्मीद है। जबकि कांग्रेस एक बार फिर भाजपा के खिलाफ लड़ाई में बड़ा चेहरा होने का दावा करेगी।



हिन्दुस्तान मीडिया मार्केटिंग परिशिष्ट



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# विकसित होता मध्यप्रदेश



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**मध्यप्रदेश ने युवा और ऊर्जावान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सिर्फ 60 दिनों में नये संपूर्ण विकसित मध्यप्रदेश का रोडमैप तैयार किया है। बुनियादी ढांचे का विकास और उद्योगों के लिए कौशलयुक्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने की कार्ययोजना तैयार है।**

# मध्यप्रदेश के लिए वरदान पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना

## केंद्र सरकार, मध्यप्रदेश, राजस्थान के बीच समझौता

### चंबल-मालवा क्षेत्र के 13 जिलों को मिलेगा लाभ

**लगभग** दो दशकों से लंबित महत्वाकांक्षी पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना आखिरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अब अस्तित्व में आई है। यह मध्यप्रदेश और राजस्थान की जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लायेगी। इससे मध्यप्रदेश के चंबल और मालवा क्षेत्र के 13 जिले लाभान्वित होंगे।

मुरैना, ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, भिण्ड और श्योपुर जैसे पानी की कमी वाले जिलों में पानी की उपलब्धता बढ़ेगी। औद्योगिक जिलों मुख्य रूप से इंदौर, उज्जैन, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, देवास और राजगढ़ में औद्योगिकीकरण को और गति मिलेगी। लगभग तीन लाख हेक्टेयर भूमि की सिंचाई और विकास होगा जिससे मालवा और चंबल क्षेत्र लाभान्वित होंगे। इसका श्रेय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को जाता है।

यह परियोजना पश्चिमी मध्यप्रदेश के लिए वरदान है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कम समय में इस परियोजना को संचालित करने का काम शुरू कर दिया है। जिसकी वर्तमान लागत लगभग 72,000 करोड़ रुपये है। इस परियोजना से मध्यप्रदेश की लगभग डेढ़ करोड़ आबादी को लाभ मिलेगा। इससे गरीबी, बेरोजगारी, निरक्षरता जैसे मुद्दों का हल होगा। जीवन की गुणवत्ता में सुधार होगा।

मध्यप्रदेश और राजस्थान के पानी की कमी वाले 26 जिलों को राहत मिलेगी। यह परियोजना लगभग 6.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई करेगी और साथ ही बांधों और बड़े तालाबों में पानी का भंडारण करके जल स्तर को बढ़ाने में मदद करेगी। बहुत ही कम समय में पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना को राष्ट्रीय महत्व की परियोजना का दर्जा देते हुए पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना को एकीकृत कर मध्यप्रदेश और राजस्थान राज्यों के बीच समझौता हुआ।

यह परियोजना सहकारी संघवाद का आदर्श उदाहरण है। यह परियोजना राजस्थान और मध्यप्रदेश के चंबल बेसिन के जल संसाधनों के कुशल उपयोग को सुनिश्चित करने में मदद करेगी, जिससे दोनों राज्यों में औद्योगिक और कृषि क्षेत्रों को लाभ होगा।

त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन के अंतर्गत इस संपर्क परियोजना में मध्य प्रदेश और राजस्थान राज्यों में कुल 6.17 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई उपलब्ध कराने के साथ-साथ पूर्वी राजस्थान के 13 जिलों और मध्यप्रदेश के मालवा और चंबल क्षेत्र के 13 जिलों में पेयजल और औद्योगिक उपयोग के लिए जल उपलब्ध कराने की परिकल्पना की गई है।

समझौता ज्ञापन में लिंक परियोजना के काम का दायरा, पानी का बंटवारा, पानी का आदान-प्रदान, लागत और लाभों का बंटवारा, कार्यान्वयन तंत्र और चंबल बेसिन में पानी के प्रबंधन और नियंत्रण की व्यवस्था शामिल है।



## 17 बांधों से होगी खेतों और उद्योगों के साथ पेयजल आपूर्ति

पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना जल समृद्ध राज्य बनाने वाले मध्यप्रदेश के लिए वरदान साबित होगी। श्रीमंत माधवराव सिंधिया सिंचाई परिसर में कटिला, ग्वालियर, भिंड, सोनपुर, पावा, धनवाड़ी में 4 बांध और श्यामपुर, नैनागढ़ में 2 बांध बनाए जाएंगे। इससे गुना, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर और भिण्ड जिलों में 1,48,400 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी।

कुंभराज परिसर में 2 बांध बनाए जाएंगे, जिससे गुना जिले में 51,600 हेक्टेयर भूमि की सिंचाई हो सकेगी। आगर-मालवा और शाजापुर के रणजीत सागर व लखुंदर बांध से 50 हजार हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। चंबल बेसिन के 7 बांधों - सोनचिरी, रामवासा, बचौरा, पदुनिया, सेवरखेड़ी, चितावत और सीकरी सुल्तानपुरा से उज्जैन, इंदौर एवं धार जिले में 87,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इस प्रकार उज्जैन, इंदौर, धार, आगर-मालवा, शाजापुर, गुना, श्योपुर, शिवपुरी, ग्वालियर और भिंड जिलों में कुल 17 बांध और बैराज से 3,37,000 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। इसके अलावा उज्जैन, देवास, आगर-मालवा, शाजापुर, सीहोर और रायसेन में उद्योगों के लिए पानी एवं रहवासियों के लिए पेयजल भरपूर मात्रा में उपलब्ध रहेगा।

### प्रोजेक्ट एक नज़र में

#### जिलेवार सिंचाई
(हेक्टेयर में)

| | | |
|---|---|---|
| इंदौर | - | 12,000 |
| उज्जैन | - | 65,000 |
| धार | - | 10,000 |
| आगर-मालवा | - | 4,000 |
| शाजापुर | - | 46,000 |
| शिवपुरी | - | 95,000 |
| श्योपुर | - | 25,000 |
| गुना, ग्वालियर, भिंड | - | 80,000 |
| कुल | - | 3,37,000 |

#### राज्यवार अनुमानित लागत

| | | |
|---|---|---|
| अनुमानित लागत | - | 72,000 करोड़ रुपये |
| मध्यप्रदेश | - | 35,000 करोड़ रुपये |
| राजस्थान | - | 37,000 करोड़ रुपये |

#### सिंचाई क्षेत्र

| | | |
|---|---|---|
| कुल सिंचाई | - | 6.17 लाख हेक्टेयर |
| मध्यप्रदेश | - | 3.37 लाख हेक्टेयर |

# उज्जैन में बनेगा आईआईटी इंदौर का डीप टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी कैंपस (डीआरडीसी)

**उज्जैन** में आईआईटी इंदौर के सहयोग से भविष्य की प्रौद्योगिकियों के लिए एक विश्व स्तरीय अनुसंधान केंद्र होगा। आईआईटी इंदौर का डीप-टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी कैंपस (डीआरडीसी) उज्जैन में बनेगा। उज्जैन में नए परिसर में बुनियादी ढांचे के विकास के लिए परियोजना की प्रस्तावित लागत 474 करोड़ रुपये है।

प्रस्तावित डीप टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी कैंपस का उद्देश्य डीप टेक रिसर्च के क्षेत्र में कार्यरत बड़ी संस्थागत लेबोरेटोरिज को उनकी रिसर्च में सहायता प्रदान करना, खोज केंद्र के रूप में अनुवाद के माध्यम से अनुसंधान के नये आयाम स्थापित करना एवं प्रयोगों के लिए लैब-टु-मार्केट केंद्र के रूप में स्टार्ट-अप संस्कृति एवं उद्यमिता को प्रोत्साहित करना है। आईआईटी इंदौर उन्नत डोमेन में नेतृत्व स्थापित करने का प्रयास करता है।

डीप टेक रिसर्च एंड डिस्कवरी कैंपस अपने अनुसंधान और खोज प्रक्रियाओं के माध्यम से उच्च तकनीक प्रोद्योगिकीयों और उत्पादों को विकसित करने एवं उपलब्ध करने का प्रयास करता है जिससे डीप टेक क्षेत्र में उद्यमशील उपक्रम स्थापित हो सकें।

यह बाजार में उच्च प्रौद्योगिकी उत्पाद पहुंचाने एवं अनुवाद अनुसंधान की संस्कृति को अगले स्तर तक ले जाने के लिए उज्जैन में उच्च तकनीकी अनुसंधान और खोज परिसर को स्थापित करने के लिए एक विशिष्ट बुनियादी ढांचे का निर्माण करेगा।


परिसर में डीप-टेक रिसर्च लेबोरेटरीज, डिस्कवरी सेंटर और लैब-टू-मार्केट सेंटर का एक समूह होगा, जिसमें अत्याधुनिक उपकरण और सुविधाएं और उन्हें रखने के लिए आवश्यक भवन होंगे।

डीप-टेक रिसर्च लेबोरेटरीज अत्याधुनिक क्षेत्रों में उच्च स्तरीय अनुसंधान करेंगी। उद्योग और समाज के लाभ के लिए नई प्रौद्योगिकियों और उत्पादों का विकास करेंगी, जिन्हें प्रोटोटाइप विकास और उद्यमों के लिए सुलभ किया जायेगा। डिस्कवरी सेंटर में अनुसंधान के माध्यम से इसे उपलब्ध कराना और समाज के लाभ के लिए उपयोगी प्रौद्योगिकियों में अपनाना शामिल होगा। इसमें व्यावसायिक योजनाओं को विकसित करने के लिए विषय विशेषज्ञों की सलाह तथा व्यावसायिकरण विशेषज्ञों को शामिल कर व्यावसायिक योजनाएं इंक्युबेटर्स के लिए तैयार कर उद्यमशीलता को प्रोत्साहित किया जाएगा।

केंद्र की गतिविधियों में उच्च स्तरीय सिमुलेशन, पैकेजिंग, सेंसर, आईओटी और अर्धचालक उपकरणों का एकीकरण, और संचार प्रौद्योगिकी और इंस्ट्रूमेंटेशन शामिल होंगे।

लैब-टू-मार्केट सेंटर में लैब-स्केल मॉडल से प्रोटोटाइप और अप-स्केलिंग, एकीकरण, जाँच और फील्ड परीक्षणों के माध्यम से उत्पादों में रूपांतरण शामिल होगा। इसमें उद्यम निर्माण, इनक्यूबेटरों के लिए तथा व्यावसायिक योजनाओं को विकसित करने के लिए विशेषज्ञ सलाह और व्यावसायीकरण विशेषज्ञों की भागीदारी शामिल होगी।





उच्च तकनीकी क्षेत्र हेतु ऑनलाइन एवं हाईब्रिड प्रशिक्षण कार्यक्रमों के माध्यम से मानव कौशल विकास किया जाएगा। जिन पाठ्यक्रमों की योजना बनाई जा रही है उनमें जैव-चिकित्सा उपकरण विकास, औद्योगिक लेजर और प्रकाशिकी प्रौद्योगिकी आदि शामिल हैं।

डीप-टेक रिसर्च लेबोरेटरीज में निम्नलिखित चार अनुसंधान डोमेन शामिल हैं- (अ) खगोल विज्ञान और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी- डिटेक्टर प्रौद्योगिकी, खगोलीय विरासत, कंप्यूटिंग और विश्लेषिकी और अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी पर केंद्रित होगा। (ब) लेजर और एप्लाइड ऑप्टिक्स टेक्नोलॉजी- फोटोनिक्स फैब्रिकेशन और क्वांटम ऑप्टिक्स, मैन्युफैक्चरिंग, माप और मेडिसिन के लिए लेजर डेवलपमेंट, ऑप्टो-मेक्ट्रोनिक्स सिस्टम और लेजर कम्युनिकेशंस, बायो फोटोनिक्स संबंधित क्षेत्र, उन्नत इमेजिंग और नैनोफोटोनिक पर केंद्रित होगा। (स) सेमीकंडक्टर फैब्रिकेशन वीएलएसआई चिप डिजाइन और निर्माण, इलेक्ट्रॉनिक्स, आईओटी, सेंसर और डिस्प्ले प्रौद्योगिकियों पर केंद्रित होगा। (द) बायोमेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन बायो-फोटोनिक्स, बायोमेडिकल इमेजिंग, बायोप्रिंटिंग, बायोमेडिकल इंस्ट्रूमेंटेशन पर केंद्रित होगा।

D-19382/23

हिन्दुस्तान 1936

# भारतीयों के साथ धोखा

भारतीयों का किसी विदेशी जंग में मारा जाना जितना दुखद है, उससे कहीं ज्यादा शर्मनाक है। दुखद इसलिए कि भारतीयों को युद्ध लड़ने के लिए, मजबूर किया गया और शर्मनाक इसलिए कि हम भारत से अपने युवाओं के पलायन या विदेश यात्रा की निगरानी ठीक से नहीं कर पा रहे हैं। बहरहाल, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने देर से ही सही, कदम उठाया है और आकर्षक नौकरियों के बहाने भारतीय युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजने की साजिश में शामिल एक प्रमुख मानव तस्कर नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। सीबीआई ने दिल्ली, तिरुवनंतपुरम, मुंबई, अंबाला, चंडीगढ़, मदुरै और चेन्नई में अनेक ठिकानों पर तलाशी ली है। दरअसल, ऐसे लोगों पर शिकंजा कसना आज समय की बड़ी मांग है। अनेक वीजा सलाहकार कंपनियों और एजेंटों के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं, तो इन सभी के बारे में लोगों को सब कुछ पता होना चाहिए, ताकि वे सतर्कता बरतें। काश! इन धोखेबाज कंपनियों पर पहले ही शिकंजा कसा जाता, तो आज अनेक युवा असुरक्षा का शिकार होने से बच जाते।

सीबीआई की सक्रियता तब सामने आई है, जब विदेशी जंग के मोर्चे पर भारतीयों के मारे जाने की खबर आने लगी है। हैदराबाद के 30 वर्षीय मोहम्मद अफसान के यूक्रेन के साथ चल रहे युद्ध में मारे जाने के बाद खासतौर पर जागरूकता बढ़ी है। अफसान को धोखे से रूसी सेना में शामिल किया गया था। एक सप्ताह पहले सूरत के हामिल मंगुकिया की भी मौत विदेशी मोर्चे पर हुई है। सबसे दुखद बात है कि रूस ने मौत की पुष्टि की है, लेकिन युवक को विदेश भेजने वाला एजेंट अभी भी लोगों को बरगलाने में जुटा है। ऐसे एजेंटों पर प्रशासन अगर पूरी सख्ती से शिकंजा कसे, तो ही लोगों के बीच सही संदेश जाएगा। अफसान और हामिल जैसे युवा सैकड़ों में हो सकते हैं। विगत समय में कई नौजवानों को रूस में मोटी तनख्वाह के साथ रोजगार का झूठा आश्वासन दिया गया है और बताया गया है कि उनके जीवन को कोई खतरा नहीं है। एजेंटों ने इन युवाओं से लाखों रुपये लेकर रूस भेजा है। कथित रूप से वहां इन युवाओं को दो विकल्प दिए गए हैं या तो दस साल की जेल स्वीकार करें या फिर सेना में शामिल हो जाएं। जाहिर है, ज्यादातर युवाओं ने कैद के बजाय रूसी सैन्य सेवा को चुना है। एक रिपोर्ट के अनुसार, पंजाब और हरियाणा के रहने वाले सात युवाओं के एक समूह ने भारतीय अधिकारियों से सहायता के लिए गुहार लगाई है। इन नौजवानों का भी आरोप है कि उन्हें रूसी सैन्य सेवा में शामिल करके धोखा दिया गया है।

**आकर्षक नौकरियों के बहाने भारतीय युवाओं को रूस-यूक्रेन युद्ध क्षेत्र में भेजने की साजिश में शामिल एक प्रमुख मानव तस्कर नेटवर्क का भंडाफोड़ सुखद है।**

जहां तक भारत सरकार या विदेश मंत्रालय का संबंध है। पिछले महीने ही रूसी सेना में सहायक भूमिकाओं के लिए भारतीय नागरिकों की भर्ती की खबरें सामने आने के बाद विदेश मंत्रालय ने चेतावनी जारी की थी। रूसी अधिकारियों के समक्ष भी मामला उठाया गया था। रूसी अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया जाना चाहिए कि उनके यहां सेना में भारतीयों का कतई इस्तेमाल न हो। भारत अनेक बार युद्ध की खिलाफत कर चुका है। रूस में अगर जवानों की कमी होने लगी है, तो उसे युद्ध से पीछे हटना चाहिए। किसी भी अन्य देश के जवानों के बल पर युद्ध जारी रखना अनैतिकता, बर्बरता और जघन्य युद्ध अपराध से कम नहीं है। यूक्रेन-रूस युद्ध में शामिल भारतीयों की संख्या भले नगण्य हो, पर विश्व स्तर पर ऐसी किसी भी भर्ती साजिश को नाकाम करने की दिशा में भारत को पुख्ता कोशिशें करनी चाहिए।

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले 09 मार्च, 1949

## पड़ोसी नेपाल

नेपाल भारत का पड़ोसी देश है। उसके साथ दीर्घकाल से भारत के घनिष्ठ सम्बन्ध चले आते हैं। दोनों देशों के लोगों के बीच गहरे धार्मिक और सांस्कृतिक सम्बन्ध हैं। खून का रिश्ता है। नेपाली गोरखा सैनिकों को भारत की सेना में विशेष स्थान मिला हुआ है। भारत के स्वतन्त्र होने के बाद नेपाल के साथ उसके सम्बन्ध और भी प्रगाढ़ हुए हैं।

भौगोलिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टियों से भारत और नेपाल के बीच मित्रता के अलावा और किसी प्रकार के सम्बन्धों की कल्पना ही नहीं की जा सकती। आगे चलकर यही मित्रता की भावना दोनों के बीच पार्थक्य की समस्त दीवारों को गिरा दे सकती है। भारत और नेपाल संयुक्त हो सकते हैं। यह हमारी ही कल्पना नहीं है। स्वयं नेपाल के लोग भी इसी दिशा में सोचते मालूम देते हैं। दरभंगा की एक खबर के अनुसार नेपाल की राष्ट्रीय कांग्रेस ने कहा है कि संयुक्त और सुदृढ़ भारत का निर्माण करने के प्रयास में नेपाल को शामिल होना चाहिए। नेपाल बहुत समय तक अलग और एकान्त में रहा। अब उसे अपने आत्म-विकास के लिए भी व्यापक दायरे में आना चाहिए।

नेपाल के विषय में यदा-कदा जो समाचार अखबारों में प्रकाशित होते रहते हैं, उनसे यही निष्कर्ष निकलता है कि नेपाल के शासन में समय के अनुसार अभी आवश्यक मात्रा में परिवर्तन नहीं हुआ है। मध्ययुगीन निरंकुशता का वहां वैसा ही बोलबाला है। लोगों की नागरिक आजादी छिनी हुई है। नेपाल के राष्ट्रीय कार्यकर्ताओं को अपनी मातृभूमि से बाहर भारत की भूमि में रहते हुए जनता के अधिकारों के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। प्रजा की आवाज को शासन कठोरतापूर्वक दबा देता है। पिछले दिनों राजनीतिक कारणों पर नेपाल में सैकड़ों गिरफ्तारियां हुई हैं और कुछ को कठोर और लम्बी सजायें दी गई हैं। नेपाल के शासन के लिए नागरिक स्वतन्त्रता का यह दमन शोभास्पद नहीं कहा जा सकता। भारत की स्वतन्त्रता के बाद नेपाल में भी जनता की आकांक्षा जागृत हो चुकी है। स्वशासन की उसकी मांग को दमन के जरिये अधिक काल तक दबाया नहीं जा सकेगा।

**सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुना दिया कि सांसदों और विधायकों को रिश्वत के मामले में अभियोजन से छूट नहीं है। इसके बाद सांसदों के विशेष अधिकार पर बहस छिड़ने के साथ ही 19 मई, 1949 को संविधान सभा में सांसदों के विशेषाधिकार पर हुई बहस प्रासंगिक हो गई है।**

आमने-सामने

# सांसदों के अधिकारों की तालिका बनाइए



यहां स्कैन करें

एच वी कामथ | वरिष्ठ राजनेता

अध्यक्ष महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि अनुच्छेद 85 के खंड(3) में ''तब तक सांसदों के विशेषाधिकार वे ही होंगे, जो इस विधान के प्रारंभ पर यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेंट के हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्यों को प्राप्त हैं'' के स्थान पर ये शब्द रखे जाएं- ''तब तक वे ही होंगे, जो इस विधान के प्रारंभ होने से पूर्व भारतीय अधिराज्य विधानमंडल के सदस्यों को प्राप्त हैं।''

श्रीमान विभिन्न विधानों का मुझे उतना विस्तृत अथवा परिमार्जित ज्ञान नहीं है, जितना डॉक्टर आंबेडकर को है, परंतु इन विधानों के अपने अल्पज्ञान पर विश्वास करते हुए मैं यह कहने का साहस करता हूं कि यह अपने रूप की पहली ही मिसाल है, जहां एक स्वतंत्र देश के विधान में दूसरे राज्य के विधान में आए हुए प्रावधानों का उल्लेख किया है। ऐसा करने के लिए मुझे कोई उचित कारण प्रतीत नहीं होता है। यह हो सकता है कि स्वतंत्र भारत की संसद के सदस्यों को जो अधिकार तथा विशेषाधिकार हम प्रदान करना चाहते हैं, वे ठीक उसी प्रकार के अथवा न्यूनाधिक रूप में वे ही हों, जो यूनाइटेड किंगडम की पार्लियामेंट के सदस्यों को प्राप्त हैं, परंतु श्रीमान, क्या अति विनम्रतापूर्वक मैं यह पूछ सकता हूं कि जब हम अपना निजी विधान बना रहे हैं, तो क्या यह आवश्यक अथवा वांछनीय है कि हम किसी अनुच्छेद में यह स्पष्ट रूप से निर्धारित कर दें कि इस विषय संबंधी प्रावधान इंग्लैंड की पार्लियामेंट के प्रावधानों के अनुसार होंगे?

इस प्रस्ताव के समर्थन में यह तर्क प्रस्तुत किया जा सकता है कि यूनाइटेड किंगडम का उल्लेख करने से हमारे विधान अथवा हमारे राज्य के गौरव में कोई कमी नहीं आती है और फिर इस तर्क द्वारा इस बात की और भी पुष्टि की जा सकती है कि अब हमने यह घोषणा कर दी है कि भारत राष्ट्रसंघ का पूरा सदस्य है, इसलिए अब इंग्लैंड की पार्लियामेंट का हवाला देने में कोई आपत्ति या रुकावट नहीं होनी चाहिए। चाहे वह अपमानजनक न हो अथवा विधान की प्रतिष्ठा को कम न करता हो, परंतु क्या सभा के गंभीर विचारार्थ मैं यह पूछ सकता हूं कि क्या वही विधान की प्रतिष्ठा को बढ़ाता है? हम यह कहते हैं कि अमुक-अमुक बातें वैसी ही होनी चाहिए, जैसी कि यूनाइटेड किंगडम अथवा अमेरिका में हैं। किसी अन्य देश से कोई बात लेकर अपने विधान में उल्लेख के रूप में उसका समावेश करने की अपेक्षा क्या यह बराबर तथा अधिक आनंददायक नहीं होगा कि हम अपनी ही पूर्वोक्तियों अथवा अपनी भारतीय परंपराओं पर ही विश्वास करें?

क्या यहां यह कहना पर्याप्त नहीं है कि यहां अपने देश में संसद सदस्यों के अधिकार, विशेषाधिकार तथा विमुक्तियां वही होंगी, जो इस संविधान के प्रारंभ के पहले विधान परिषद् या अधिराज्य विधानमंडल के सदस्यों को प्राप्त रही हैं? वैयक्तिक रूप में मैं यह समझता हूं कि यह बहुत ही अच्छा होगा। मैं यह आशा करने का साहस करता हूं कि इस सभा में मेरे माननीय मित्रों का झुकाव इसी विचार की ओर होगा कि यूनाइटेड किंगडम का उदाहरण देने की अपेक्षा जो कुछ परंपरा हमने अपने यहां स्थापित कर रखी है, उस पर निर्भर होना ही अच्छा है। वास्तव में, कोई भी व्यक्ति इस तथ्य पर आपत्ति नहीं करेगा कि आज जो विशेषाधिकार और विमुक्तियां हमको यहां प्राप्त हैं, वे किसी रूप में भी यूनाइटेड किंगडम की लोकसभा के सदस्यों को प्राप्त विशेषाधिकारों तथा विमुक्तियों से निम्न प्रकार की अथवा उनसे बदतर हैं।

यह बात भी सच है कि हममें से अनेक व्यक्ति यह भी नहीं जानते हैं कि वहां की लोकसभा के सदस्यों के क्या-क्या विशेषधिकार हैं? यह हम भली प्रकार जानते हैं कि इस समय हमारे विशेषाधिकार क्या हैं? अतः श्रीमान, अन्य देशों में प्रचलित प्रथाओं पर विश्वास करने की अपेक्षा अपने निजी पुष्ट आधार पर खड़े होना ही अच्छा है। इन शब्दों के साथ मैं इस प्रस्ताव को सभा के विचारार्थ और स्वीकारार्थ प्रस्तुत करता हूं।

...मेरे संशोधन को स्वीकार कर लेने का अर्थ विशेषाधिकारों के न होने से नहीं है। मैं यह स्मरण कराऊंगा कि कार्यप्रणाली के नियमों के अंतर्गत, जिनको इस सभा ने विधानमंडल के रूप में बैठकर प्रयोगात्मक रूप से अंगीकार किया है, मगर एक विशेषाधिकार समिति होगी, जो इस विषय पर विचार करेगी और सभा के विभिन्न विशेषाधिकारों को परिभाषित करेगी।

(संविधान सभा में दिए गए उद्बोधन से)

# क्या आप अधिकार से वंचित रहना चाहते हैं



यहां स्कैन करें

अल्लादी कृष्णास्वामी अय्यर | वरिष्ठ राजनेता

महोदय, इस अनुच्छेद पर, जिस रूप में वह है, दो आपत्तियां उठाई गई हैं। एक भावना पर आश्रित है और दूसरी, किसी अन्य राज्य के सदन के उन विशेषाधिकारों के उल्लेख करने के औचित्य पर, जिनसे सामान्य नागरिक तथा यहां के संसद सदस्य संभवतः परिचित नहीं हैं ...यह सबको विदित है कि सबसे अधिक विस्तृत विशेषाधिकारों का प्रयोग इंग्लैंड के संसद सदस्यों द्वारा किया जाता है। अभी निर्मित भारतीय विधान-मंडल के वर्तमान विशेषाधिकारों के समान ही यदि विशेषाधिकार रखे जाएं, तो फल यह होगा कि सदन की अवज्ञा करने पर भी किसी व्यक्ति को दंड नहीं दिया जा सकेगा।

...ऑस्ट्रेलिया के संयुक्त संघ अधिनियम में तथा कनाडा के अधिनियम में विस्तृत पदावली के कारण, दोनों स्थानों की संसद को वे ही अधिकार हैं, जो इंग्लैंड की संसद को प्राप्त हैं, अतः उनको अवज्ञा के लिए दंड देने का अधिकार है। क्या आप स्वयं को इस अधिकार से वंचित रखना चाहते हैं? प्रश्न तो यह है।

मैं अब दूसरी आपत्ति पर विचार करूंगा। यदि आपके पास संक्षिप्त रूप में समस्त विशेषाधिकारों की तालिका बनाने का समय तथा अवकाश है, तो यह तो बहुत ही अच्छा होगा। मुझे विश्वास है कि इस सभा के विधायी पक्ष की ओर अध्यक्ष द्वारा निर्मित समिति ने तब तक (विशेषाधिकार) तालिका बनाना बहुत ही कठिन समझा, ...इस प्रयोजन के लिए उनके पास पर्याप्त समय नहीं था, अतः समिति इस विषय में अध्यक्ष को कोई प्रभावी मंत्रणा न दे सकी। ...ऐसे हालात में मैं निवेदन करता हूं कि मर्यादा के विरुद्ध होने की कोई बात नहीं है। ...हिंदी के साथ-साथ कुछ समय के लिए हम अपना विधान अंग्रेजी में रख रहे हैं, तो इंग्लैंड के विशेषाधिकारों के उल्लेख पर आपत्ति क्यों?

दूसरी बात यह है कि विशेषाधिकारों की सूची बनाने के लिए उचित तंत्र की स्थापना करने में संसद के आगे कोई रुकावट नहीं है। इस अनुच्छेद में इस बात के लिए विस्तृत क्षेत्र हैं। अन्य बातों में संसद-सदस्यों के विशेषाधिकार और विमुक्तियां वही होंगी, जो संसद समय-समय पर विधि द्वारा परिभाषित करेगी और वे जब तक परिभाषित नहीं की जातीं, तब तक वे ही होंगी, जो इस संविधान के प्रारंभ पर यूनाइटेड किंगडम की संसद के हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्यों को प्राप्त हैं। अनुच्छेद में बस यही कहा गया है। यह आपके स्वविवेक में किसी रूप से रुकावट नहीं डालता है। आप विशेषाधिकारों को बढ़ा सकते हैं, उनको घटा सकते हैं तथा अन्य प्रकार के विशेषाधिकार रख सकते हैं। ग्रेट ब्रिटेन की संसद का उल्लेख किए बिना आप स्वयं अपने विशेषाधिकार तय कर सकते हैं। ...केवल अस्थायी रूप में हाउस ऑफ कॉमन्स के विशेषाधिकारों को इस सदन पर लागू किया गया है। मर्यादा के विरुद्ध होने से कोसों दूर रहकर इस अनुच्छेद में व्यवस्था की गई है...। अतः खंड(3) के शब्दों में कोई बात मर्यादा के विरुद्ध नहीं है। इस प्रथा का अनुसरण लाभदायक रूप में ऑस्ट्रेलिया, कनाडा तथा अन्य देशों में हुआ है और उससे अभिव्यक्ति की पूर्ण स्वतंत्रता तथा हरेक प्रकार से सदन को सर्वशक्ति प्राप्त हो गई है।

जब हम अंग्रेजी भाषा ग्रहण कर रहे हैं तथा जब हम उन वैधानिक पदों का प्रयोग कर रहे हैं, जो इंग्लैंड में प्रचलित हैं, तो हमें इस बात को भी ग्रहण करने से नहीं कतराना चाहिए। आप यह कह रहे हैं कि यदि हम यह कहें कि विशेषाधिकार वे ही होंगे, जो हाउस ऑफ कॉमन्स के सदस्यों को प्राप्त हैं, तो इसमें गुलामी की बू है, यह दासत्व का चिह्न है। पर यह बात कोसों दूर है। आज इंग्लैंड की संसद ग्रेट ब्रिटेन, अधिराज्यों तथा अन्य राज्यों पर आधिपत्य जमाए हुए है। यह कहना कि आप उतने ही महान हैं, जितना कि ग्रेट ब्रिटेन, तो यह कोई निम्न भावना का संकेत नहीं है, बल्कि अपने आत्मसम्मान की पुष्टि करना है तथा अपनी संसद की सर्वशक्ति की भी पुष्टि करना है। अतः श्रीमान, मैं निवेदन करता हूं कि ब्रिटिश पार्लियामेंट के उल्लेख पर जो आपत्ति की गई है, उसमें बिल्कुल बल नहीं है। इन हालात में यह अनुच्छेद ब्रिटेन के प्रति दासत्व, गुलामी तथा भृत्यभाव की भावना के अधीन निर्माण किए जाने से कोसों दूर रहकर आत्म-पुष्टि की भावना से निर्मित किया गया है और इस भावना की पुष्टि के लिए बनाया गया है कि हमारा देश तथा हमारी संसद उतनी ही महान है, जितनी ग्रेट ब्रिटेन की संसद।

(संविधान सभा में दिए गए उद्बोधन से)

# कश्मीर की वादियों में चालीस साल बाद चैन से चुनावी सभा



यहां स्कैन करें

अश्वनी कुमार | वरिष्ठ पत्रकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसभा की पूरे कश्मीर में चर्चा है। लोग याद कर रहे हैं कि पिछले 40 साल में पहली बार ऐसी चुनावी रैली हुई है और इसे कश्मीर में ऐतिहासिक माना जा रहा है। कश्मीर के राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 1983 की इकबाल पार्क रैली के बाद यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ही रैली है, जो शांतिपूर्ण रही है।

लोग याद कर रहे हैं कि इंदिरा गांधी जैसे यहां के लोगों से जुड़कर आकर्षित करती थीं, ठीक वैसी ही कोशिश नरेंद्र मोदी ने भी की है। प्रधानमंत्री ने मधुमक्खी पालन में कमाल करने वाले पुलवामा के नाजिम नजीर के साथ सेल्फी लेकर लोगों के साथ खुद को जोड़ने की कोशिश की है, इसकी चर्चा घाटी में हो रही है।

बहरहाल, इस रैली के ऐतिहासिक होने के पीछे सबसे बड़ा कारण यह है कि 5 अगस्त, 2019 को अनुच्छेद 370 और 37 ए को खत्म किए जाने के बाद प्रधानमंत्री की घाटी में यह पहली रैली थी। दूसरा कारण यह है कि अलगाववादियों और पाकिस्तान को वह बताना चाहते थे कि नया कश्मीर बनाया जा रहा है और प्रधानमंत्री कहीं भी रैली कर सकते हैं। तीसरा कारण, इससे पहले पूर्व प्रधानमंत्रियों- मनमोहन सिंह और अटल बिहारी वाजपेयी ने भी यहां जनसभा की थी, पर उस दौरान बम धमाके और काफी खून-खराबा होता था। अलगाववादी नेताओं और आतंकियों के आह्वान पर कश्मीर में हड़ताल, कर्फ्यू, सार्वजनिक परिवहन के ठप होने का आलम रहता था। तब जान-बूझकर घाटी में बम धमाके भी करवाए जाते थे, पर इस बार न कोई हड़ताल, न बम धमाके, न चक्का जाम और न ही इंटरनेट बंद किया गया।

प्रधानमंत्री के 27 मिनट के भाषण में सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण वे साढ़े चार मिनट थे, जब प्रधानमंत्री ने जम्मू-कश्मीर बैंक के बारे में बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ साल पहले तक जम्मू-कश्मीर बैंक डूब रहा था, लेकिन सरकार की नई नीति की वजह से बैंक डूबने से बच गया। अगर लोगों के हजारों करोड़ रुपये डूब जाते, तो क्या होता? उन्होंने जम्मू-कश्मीर बैंक की भर्ती में हुई हेराफेरी के बारे में भी लोगों को बताया। जाहिर है, प्रधानमंत्री यह संदेश देना चाहते थे कि कश्मीर में दशकों से चली आ रही रिश्वतखोरी को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रधानमंत्री को अच्छे से पता है कि जम्मू-कश्मीर के ज्यादातर लोगों के पैसे इसी बैंक में जमा हैं, अतः लोगों के बीच अपने बैंक और अपने पैसे को लेकर खास चर्चा है, तो क्या इसका फायदा भाजपा को होगा?

**जम्मू-कश्मीर के जानकार लोग यह याद कर रहे हैं कि इंदिरा गांधी जैसे यहां के लोगों से जुड़कर आकर्षित करती थीं, ठीक वैसी ही कारगर कोशिश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है।**

हालांकि, कुछ लोगों को उम्मीद थी कि प्रधानमंत्री जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा लौटाने या स्थानीय चुनाव संबंधी घोषणा करेंगे? पर शायद अभी इन मुद्दों पर केंद्र सरकार ने अपना मन नहीं बनाया है। यहां इस बात की चर्चा है कि सितंबर से पहले जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव हो सकते हैं। पाकिस्तान की हालत को देखकर यहां लोग भी समझ गए हैं कि अनुच्छेद 370 की बहाली नामुमकिन है और कुछ ही समूह या दल हैं, जो कश्मीरियों को अब भी बरगलाने में लगे हैं। सुप्रीम कोर्ट का भी फैसला आ चुका है और सरकार इस विषय को अब छूने को बिल्कुल तैयार नहीं है।

राजनीतिक विशेषज्ञों का कहना है कि जिस तरह से रैली में लोगों का हुजूम उमड़ा है, हाल ही में जैसे गुज्जर बकरवालों और पहाड़ियों को आरक्षण मिला है, उससे भाजपा को लाभ होगा। पीडीपी के पूर्व सांसद और उनकी पत्नी सफीना बेग का प्रधानमंत्री की रैली में होना साफ बताता कि पहाड़ी लोग भाजपा के साथ हैं।

प्रधानमंत्री ने फारूक अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती का नाम लिए बिना परिवारवाद के प्रति लोगों को सावधान किया है। लगातार परिवारवादी शासन से हुए नुकसान का लोगों को भी अंदाजा है। लोग मजबूत विकल्प की तलाश में हैं और भाजपा एक विकल्प के रूप में खुद को पेश कर रही है। जाहिर है, कश्मीर में भाजपा की मजबूती और जमीनी अमन-चैन के बीच शुरू हुई तरक्की का लाभ पूरे देश में भी पार्टी को मिल सकता है।

लोग एक और बात पर खास गौर कर रहे हैं, कश्मीर में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच *एक्स* पर शंकराचार्य मंदिर और हजरतबल श्राइन, दोनों को समान महत्व दिया है। उन्होंने यह बताने की कोशिश की है कि उनके लिए हिंदू, मुस्लिम एक समान हैं।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

## अपना-अपना तरीका

अपनी शराफत और ईमानदारी के लिए ख्यात एक समुराई एक जेन भिक्षु के पास अपनी जिज्ञासा लेकर पहुंचा। भिक्षु उस समय प्रार्थना कर रहे थे। जब वह प्रार्थना से उठे, तो समुराई ने उनसे पूछा, 'मैंने अनेक कमजोर लोगों की रक्षा की, फिर भी इतनी हीनता क्यों महसूस होती है? फिर आपको यूं ध्यानस्थ देखकर मुझे क्यों लगता है कि मेरी जिंदगी निरर्थक है?'

भिक्षु ने समुराई से कहा, 'प्रतीक्षा करो, मुझे पहले उन लोगों से मिलना होगा, जो मुझसे मिलने आए हैं, फिर तुम्हारे प्रश्न का उत्तर दूंगा।' मठ के बाग में बैठे-बैठे समुराई पूरे दिन लोगों को आते-जाते देखता रहा। उसने गौर किया कि भिक्षु ने समान धैर्य और उज्ज्वल मुस्कान के साथ उन सबका स्वागत किया। जब रात हो गई और सभी आगंतुक चले गए, तब भिक्षु समुराई को एक कक्ष में ले गए, जिसके गवाक्ष से पूर्णिमा का चांद आकाश में चमक रहा था, वहां गहन शांति छाई थी। भिक्षु ने समुराई से पूछा, 'तुमने चांद को देखा, बेहद खूबसूरत है न? कल सुबह सूरज उगेगा। सूर्य की रोशनी इसके प्रकाश से कई गुना चमकदार होगी, उसमें तमाम चीजें साफ-साफ दिखेंगी। मैंने इन दोनों पर वर्षों तक मनन किया, और कभी नहीं पाया कि चांद ने कहा हो: मैं सूरज-सा क्यों नहीं चमकता? क्या इसलिए कि मैं हीन हूं?'

समुराई ने कहा, 'बिल्कुल नहीं! चांद व सूरज, दोनों अलग हैं, दोनों की अपनी खूबसूरती है। आप उनकी तुलना नहीं कर सकते।' जेन भिक्षु ने मुस्कराकर कहा, 'तुम्हें तो उत्तर पता है। हम दोनों दो अलग मनुष्य हैं। दोनों अपने-अपने तरीके से संघर्ष कर रहे हैं। इसलिए अपने-अपने रास्ते से हमें इस दुनिया को एक बेहतर जगह बनाने का प्रयास करते रहना चाहिए।'


पाउलो कोएल्हो

द्रौपदी मुर्मु | राष्ट्रपति, भारत



**जिस भाषा (संस्कृत) में गार्गी, मैत्रेयी, अपाला और लोपामुद्रा जैसी महिला विभूतियों ने ज्ञान का अमर अवदान दिया हो, उसके अध्ययन-अध्यापन में महिलाओं की भागीदारी अधिक से अधिक होनी ही चाहिए।**

अनुलोम-विलोम
संदेशखाली



# मां, माटी, मानुष, तीनों का अपमान

'मां, माटी और मानुष' के नारे के साथ पश्चिम बंगाल में सत्तासीन हुई तृणमूल कांग्रेस के राज में मां, माटी और मानुष, तीनों का अनवरत अपमान हुआ है। मां काली को प्रथम देवी के रूप में पूजने वाली इस संस्कृति में महिलाओं की दयनीय दशा संदेशखाली से उजागर हुई है। ऐसा लगता है कि किसानों और महिलाओं के साथ जो अत्याचार पूर्व की वामपंथी सरकार में किया जाता था, वह तृणमूल कांग्रेस के राज में भी बदस्तूर जारी है। माफिया और गुंडों को सरकारी संरक्षण किस हद तक मिला हुआ है, इस बात का अंदाजा इससे ही हो जाता है कि संदेशखाली के आरोपी शाहजहां शेख को पकड़ने में पश्चिम बंगाल की पुलिस को करीब दो महीने लग गए।

संदेशखाली का बर्बर सच दुनिया के सामने तब आया, जब यहां की महिलाओं ने बड़ा प्रदर्शन किया। झाड़ू और लाठी हाथों में लेकर ये महिलाएं इस 'भद्र देश' में लंबे समय से किए जा रहे अपने जघन्य दैहिक शोषण के विरुद्ध प्रदर्शन करने सड़क पर उतर आईं। उनका कहना था कि संदेशखाली में शायद ही ऐसी कोई महिला है, जो शाहजहां शेख के जुल्म का शिकार न बनी हो। पुलिस उनकी सुन नहीं रही थी, क्योंकि शिकायत करने पर कार्रवाई करने के बजाय पुलिसकर्मी उल्टे यही कहते कि जाकर शाहजहां से समझौता कर लो। इस प्रकार राज्य संरक्षित गुंडों के आतंक के कारण ये महिलाएं अपनी पीड़ा जज्ब किए बैठी थीं। जाहिर है, अब जो भंडाफोड़ हुआ है, उसने पश्चिम बंगाल में राज्य संरक्षित गुंडों द्वारा किए जा रहे आतंक को बेपरदा कर दिया है। इससे यह भी पता चलता है कि यह राज्य किस हद तक अराजक हो गया है। ऐसे में, सभी राजनीतिक दलों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शासन, पुलिस और विशेष रूप से महिला अधिकारों के लिए काम करने वाले संगठनों का दायित्व है कि वे यह पता करें कि राज्य में कहीं और संदेशखाली तो नहीं? इस घटनाक्रम का यह भी संदेश है कि स्त्री-सम्मान किसी एक राजनीतिक संगठन का दायित्व नहीं, बल्कि सभी की जिम्मेदारी है।

स्पष्ट है, पुलिस, प्रशासन और राज्य को अपना हित साधने के बजाय जनता के प्रति जवाबदेह होना चाहिए। अब दलगत राजनीति, भेदभाव और व्यक्तिगत लाभ-हानि को छोड़कर पूरे समाज को साथ लाने की जरूरत है, ताकि ऐसा तीव्र प्रतिरोध खड़ा किया जा सके कि देश में कोई इलाका संदेशखाली न बन सके। अगर कोई शाहजहां शेख स्त्रियों के साथ बर्बरता करता पकड़ा जाए, तो उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। यही ऐसे मामलों का उचित समाधान है।

वंदना गांधी, टिप्पणीकार

# राजनीति के तहत इसे तूल दिया गया

संदेशखाली में जो हुआ है, वह बहुत ही शर्मनाक है। इस मामले में जितनी कठोर कार्रवाई हो सकती है, जरूर की जानी चाहिए। दोषी कोई भी हो, उसे कानून के कठघरे में खड़ा किया जाना चाहिए और अदालत जो भी फैसला सुनाए, उस पर तत्काल अमल होना चाहिए। मगर क्या यह भी सच नहीं कि संदेशखाली को राजनीतिक वजहों से अधिक तूल दिया गया है? क्या महिलाओं के साथ शारीरिक शोषण सिर्फ पश्चिम बंगाल में होता है? हाल-फिलहाल ही ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिनमें महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया गया था। ज्यादा पुरानी बात नहीं है, मणिपुर में दो महिलाओं को सरेआम प्रताड़ित किया गया। उस मामले में क्या कार्रवाई हुई, यह अब तक पता नहीं चल सका है। इसी तरह, देश की महिला पहलवानों ने अपने साथ हुए दुर्व्यवहार का मुद्दा उठाया था और विरोधस्वरूप अपने ओलंपिक पदक भी लौटा दिए थे, लेकिन आरोपी पर क्या कानूनी कार्रवाई हुई? संदेशखाली क्या, देश के किसी भी कोने में अगर महिलाओं के अधिकारों का हनन होता है या उनका शोषण होता है, तो वह अक्षम्य अपराध है, लेकिन हमने यह भी देखा है कि कैसे कुछ खास मामलों पर ही कार्रवाई की गई, बाकी को नजरंदाज किया गया, क्योंकि वहां से राजनीतिक हित सधते नहीं दिख रहे थे?

अपने देश के धर्मग्रंथों में नारी को देवी का दर्जा दिया गया है, लेकिन इस पर व्यावहारिक अमल नहीं होता। अगर हम महिलाओं के प्रति संवेदनशील होते, तो भारत में बलात्कार के रोजाना 86 मामले दर्ज नहीं होते, यानी हर घंटे तकरीबन चार महिलाओं की अस्मत नहीं लुटती। ये तो वे मामले हैं, जो पुलिस फाइलों में दर्ज हुए हैं। ज्यादातर मामले तो परिवार-समाज के दबाव के कारण थानों तक पहुंच ही नहीं पाते। माना जाता है कि ऐसे मामलों की संख्या दर्ज मामलों से बहुत अधिक है। देश में बेटी बचाने की बात तो खूब की जा रही है, लेकिन सियासी दल उसी राज्य में मुखर होते हैं, जहां उन्हें अपनी राजनीतिक रोटी पकने की उम्मीद होती है।

एक आदर्श समाज वही है, जिसमें कोई शोषणमूलक व्यवस्था न हो। भारत इस तरह का समाज रच सकता है, लेकिन संभवतः राजनीतिक दलों की प्राथमिकता में यह नहीं है। वे सिर्फ चुनावी लाभ के लिए मुद्दे उठाते और गिराते हैं। उनके लिए चुनाव जीतना ही सब कुछ है, इसलिए वे बाहुबली को भी खुली छूट दे देते हैं। ऐसे में, जनता यदि जागरूक हो जाए, तो यह व्यवस्था खत्म हो सकती है। मगर क्या हाल-फिलहाल ऐसा हो सकेगा? ऐसा लगता नहीं है, खासकर सियासी दलों के रुख को देखकर।

मोहित, टिप्पणीकार

# जानें ईवी या आईसीई कार में किफायत का सच

**जब से इलेक्ट्रिक वाहनों का चलन शुरू हुआ है, तब से एक और बहस शुरू हो गई है कि किफायती वाहन कौन सा है! यानी ईवी या पेट्रोल-डीजल से चलने वाले वाहनों में सच में सस्ता कौन पड़ता है? बता दें कि कुछ ईवी कारों की कीमतों में हुई कटौती से बचत के समीकरण भी बदले हैं। यहां पेश है एक विश्लेषण**



टाटा मोटर्स ने हाल ही में अपने टिएगो और नेक्सॉन की कीमतें क्रमशः 70 हजार व 1.2 लाख रुपए तक कम कर दी हैं। टिएगो ईवी (इलेक्ट्रिक व्हीकल) की कीमत अब एक्स शोरूम 7.99 लाख रुपए होगी, जबकि नेक्सॉन 14.49 लाख रुपए में आएगी। कीमतें कम होने के बाद टिएगो भारत में दूसरी सबसे सस्ती इलेक्ट्रिक कार होगी, जिसके आगे केवल एमजी कॉमेट है, जिसकी कीमत 6.99 लाख रुपए है। कीमतें कम होने पर ईवी की चाहत रखने वाले खरीदारों के लिए ये और सुलभ होंगी, क्योंकि जीवाश्म ईंधन यानी पेट्रोल और डीजल कारों की तुलना में ईवी के महंगे दाम एक बड़ी बाधा रहे हैं। लेकिन कार की किफायत सिर्फ कीमत से ही नहीं निर्धारित होती। वहीं ईवी और जीवाश्म ईंधन की कारों (आईसीई कारें) की कीमत में जो अंतर है, ईवी के दामों में कटौती से उसकी भरपाई होने की समयावधि भी कम हुई है। कई बातें हैं, जिनके आधार पर बचत की इस गणित को समझा जा सकता है:

### ऐसे समझें किफायत का गणित

इस संदर्भ में यह देखना जरूरी है कि इन दोनों प्रकार की कारों में लंबी अवधि में ईंधन और रखरखाव पर क्या खर्च होता है? एक पहले के विश्लेषण के अनुसार प्रतिदिन 30 किलोमीटर दौड़ने वाली ईवी कार साढ़े छह साल में किफायत देने लगेगी। यहां इसे टाटा टिएगो एक्सटीए (आईसीई यानी जीवाश्म ईंधन की कार) के साथ टाटा टिएगो ईवी एक्सटी (मीडियम रेंज-250 किलोमीटर) की तुलना से समझने की कोशिश है। टिएगो एक्सटी (ईवी) की कीमत 8.99 लाख रुपए है, जबकि टिएगो एक्सटीए 6.95 लाख रुपए में आ सकती है। वहीं ईवी मॉडल पर इंश्योरेंस का शुल्क भी ज्यादा है, लेकिन रजिस्ट्रेशन चार्ज अपेक्षाकृत कम है। अगर रनिंग कॉस्ट को देखें, तो ईवी पर होने वाला खर्च एक समयावधि के बाद कम होता नजर आता है। यानी एक लाख किलोमीटर या 6 साल के संदर्भ में इसे समझा जा सकता है। एक्सटीए मॉडल में इंश्योरेंस का शुल्क, सर्विस और ईंधन का खर्च प्रति 50 हजार किलोमीटर पर 3.73 लाख रुपए है, जबकि इसी मामले में ईवी में 1.06 लाख रुपए का खर्च आता है। ऐसे में रनिंग कॉस्ट के मामले में ईवी दूसरी गाड़ियों के मुकाबले फिट बैठती है।

### सीएनजी क्यों नहीं?

- सीएनजी कारों में बूट स्पेस का मुद्दा अकसर ज्यादा दूरी तय करने वालों के लिए परेशानी बनेगा। सामान के लिए कार की छत पर लगाया गया रूफ कैरियर पैसे और माइलेज पर असर कर सकता है। साथ ही सीएनजी फिलिंग स्टेशन घर से दूर होने पर भी परेशानी आती है, और फिलिंग स्टेशन पर लगी लंबी कतारें भी परेशान कर सकती हैं।
- अगर रोज की रनिंग सीमित है, तो कंपनी फिटेड सीएनजी किट के लिए दिए जाने वाले अतिरिक्त पैसे की भरपाई यानी बचत भी काफी लंबे समय बाद शुरू होती है।

### अब लाभ मिलेगा जल्दी

यह सभी को पता है कि इलेक्ट्रिक कारें जीवाश्म ईंधन की कारों की तुलना में पर्यावरण के लिए अच्छी तो होती हैं, लेकिन महंगी होती हैं। लेकिन कीमत के अंतर की भरपाई वक्त के साथ ईवी कर देती है। लेकिन यह कितना वक्त इसकी भरपाई में लेगी, इसमें भी अब पहले की तुलना में सुधार हुआ है। जैसे पहले के एक लेख से नेक्सॉन ईवी का उदाहरण लें, तो हर दिन 40 किलोमीटर चलने पर इसे 4.2 साल में किफायत देने लायक पाया गया था। जबकि टिएगो ईवी इतनी ही दूरी तय करने में 3.42 साल में किफायती हो जाती है।

इस तरह का अंतर कई बातों पर निर्भर करता है। मसलन टिएगो ईवी की एकमुश्त कीमत नेक्सॉन ईवी के मुकाबले कम होती है, जिससे शुरुआती निवेश आसान होता है। ऐसे में जब वर्तमान में नेक्सॉन और टिएगो के दामों में कटौती हुई है, तो यह भरपाई होने की अवधि पर भी दिखाई देगा। यानी भरपाई भी जल्दी होगी।

दूसरा टिएगो ईवी का रनिंग कॉस्ट तो कम है ही, साथ ही इसमें बैटरी बदलने का खर्च भी कम होता है और इसमें आठ साल या 160000 किमी के बाद बैटरी बदलने की जरूरत होती है।

### इंश्योरेंस या अन्य खर्च

आईसीई कारों के मुकाबले ईवी का इंश्योरेंस खर्च अपेक्षाकृत अधिक होता है, क्योंकि ईवी में बैटरी और मरम्मत की दूसरी जरूरतें सामान्य नहीं होती हैं। ईवी की मरम्मत करने के लिए एडवांस तकनीक की जरूरत होती है, जो आमतौर पर महंगी होती है। इसमें बैटरी और दूसरी इलेक्ट्रिकल चीजों को बदलने का खर्च भी ज्यादा होता है। हालांकि ईवी में इंश्योरेंस की प्रक्रिया दूसरी गाड़ियों के मुकाबले अलग नहीं होती है। इरडा ने 2022-23 में ईवी पर इंश्योरेंस खर्च में 15 प्रतिशत की छूट देने का निर्णय लिया है, जिससे इसकी कीमत और दूसरे खर्च कम हो गए। यह भी समझना होगा कि जितनी ज्यादा संख्या में ईवी सड़क पर दौड़ेंगी, उतना ही उनकी मरम्मत का खर्च कम होगा।

> ईवी दूसरी गाड़ियों के मुकाबले ज्यादा उपयोगी हैं। यह महंगी हैं, परंतु कुछ कंपनियां इसे पेट्रोल कारों के रेट में ले आई हैं। टाटा जैसी कंपनी ने तो पेट्रोल कार के रेट में टिएगो पेश कर दी है। इसकी डेढ़ लाख रुपए कीमत कम कर दी है। रही बात बैटरी की, तो कंपनियां इस पर भी सात से आठ साल तक की गारंटी दे रही हैं। बैटरी भी लिथियम जैसी हाईब्रिड होती हैं। कंपनियां बैटरी की रिप्लेसमेंट की बात करती हैं। परंतु सीएनजी या पेट्रोल के मुकाबले ग्राहक के लिहाज से रोज की रनिंग कॉस्ट बहुत कम हो जाती है। अगर एक लाख किलोमीटर ईवी चलाई, तो एक रुपये खर्च आता है, प्रति किलोमीटर और पेट्रोल गाड़ी में यही खर्च 8 रुपए प्रति किलोमीटर हो जाता है।
>
> – अशोक वर्मा, ऑटो एक्सपर्ट

### चार्जिंग की समस्या भी हो रही दूर

ईवी में चार्जिंग महत्वपूर्ण होती है। पब्लिक चार्जिंग स्टेशनों पर प्रति किलोवॉट चार्जिंग का शुल्क 5 से 15 रुपए होता है। हालांकि फास्ट चार्जिंग की सेवा लेने पर शुल्क ज्यादा हो जाता है। जबकि अगर आप घर में इसे चार्ज करते हैं, तो यही खर्च 2 से 9 रुपये प्रति किलोवॉट हो जाता है। होम चार्जिंग सस्ती पड़ती है, क्योंकि बाहर चार्ज करवाने पर कमर्शियल चार्ज लगता है। इसके अलावा हो सकता है कि चार्जिंग स्टेशन पर पार्किंग और सबस्क्रिप्शन शुल्क भी लिया जाए। इस तरह के चार्जिंग स्टेशन की संख्या देश में बढ़ रही है।

### यह भी दें ध्यान

- अधिकतर अफोर्डेबल ईवी की रेंज कम होती है यानी बैटरी फुल चार्ज होने पर भी ये कम दूरी तय करती हैं। लंबी दूरी की यात्रा के लिए ईवी उपयोगी नहीं।
- 8 साल या 1.60 लाख किलोमीटर चलने के बाद ईवी की बैटरी बदलनी पड़ती है, जिसकी लागत करीब 4.5 लाख रुपए होती है।

mint

## गैजेट्स | फीचर से लबरेज हैं ये फोन

**हाल ही में सैमसंग और लावा ने अपने नए फोन बाजार में उतारे हैं। वाजिब कीमत पर कई फीचर्स और अच्छी क्षमता के कैमरे वाले ये फोन युवाओं को पसंद आएंगे।**



### लावा का ब्लेज कर्व्ड 5जी

लावा ने भारत में अपना ब्लेज सीरीज का सबसे उम्दा फोन पेश कर दिया है। यह फोन दो वेरिएंट 8 जीबी+128 जीबी और 8 जीबी+ 256 जीबी में बाजार में उतारा गया है। इसकी बिक्री 11 मार्च से अमेजन और लावा स्टोर पर शुरू होगी। फोन दो रंगों -व्रीडियन और आइरन ग्लास -में उपलब्ध है।

**क्या है खास** : कंपनी 6.67 कर्व्ड एमोलेड डिस्प्ले की पेशकश लेकर आई है। फोन में कंपनी 8 जीबी एलपीडीडीआर5 रैम और 8 जीबी वर्चुअल रैम दे रही है। यानी कुल रैम 16 जीबी तक की मिल रही है। 256 जीबी तक के इंटरनल स्टोरेज वाले इस फोन में मीडयाटेक डाइमेंसिटी 7050 चिपसेट प्रोसेसर है।

**कैमरा** : इस फोन में एलईडी फ्लैश के साथ तीन कैमरे मिल रहे हैं। इनमें 64 मेगापिक्सल के ईआईएस सोनी सेंसर के साथ एक 8 एमपी का अल्ट्रा-वाइड एंगल लेंस और एक 2 मेगा पिक्सल का मैक्रो कैमरा शामिल है। 32 एमपी का फ्रंट कैमरा है। बैटरी 5000 एमएएच की है और फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करती है। इन-डिस्प्ले फिंगर प्रिंट सेंसर वाला यह फोन एंड्रॉयड 13 पर काम करता है। कनेक्टिविटी के भी कई फीचर्स हैं।

**कीमत** : 128 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 17,999 रुपये, वहीं 256 जीबी स्टोरेज वेरिएंट की कीमत 18,999 रुपये है।




### गैलेक्सी एफ15 5जी

सैमसंग ने गैलेक्सी सीरीज के नए फोन सैमसंग गैलेक्सी एफ15 5जी को भारत में हाल ही में पेश किया है। यह हालिया फोन 4 जीबी +128 जीबी और 6 जीबी+ 128 जीबी के दो विकल्पों में आता है।

**क्या है खास** : फोन में 6.5 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले दिया गया है। फोन 6 जीबी तक की रैम और 128 जीबी के इंटरनल स्टोरेज से लैस है। मीडियाटेक डाइमेंसिटी 6100 प्लस चिपसेट का प्रोसेसर है।

**कैमरा** : एलईडी फ्लैश के साथ तीन कैमरे मिलेंगे, जिनमें 50 एमपी के मुख्य लेंस के साथ एक 5 एमपी का अल्ट्रा वाइड ऐंगल लेंस और एक 2 एमपी का मैक्रो सेंसर शामिल है। वहीं, सेल्फी के लिए कंपनी इस फोन में 13 एमपी का फ्रंट कैमरा है। फोन एंड्रॉयड 14 पर आधारित है, और वनयूआई 6.0 पर काम करता है। इस फोन को कंपनी 4 जेनरेशन तक एंड्रॉयड अपडेट और 5 साल तक सिक्योरिटी अपडेट देगी।

**कीमत** : 6 जीबी रैम वाले वेरिएंट के लिए 16,999 रुपये।

**कीमत**
15,999 रुपये (4 जीबी रैम वाले वेरिएंट के लिए)

फीचर डेस्क

## नई गाड़ी | हुंडई लाई वेन्यू का नया टर्बो वेरिएंट




**दक्षिण कोरियाई कार निर्माता कंपनी हुंडई ने अपनी लोकप्रिय कार वेन्यू का एक और नया अवतार पेश किया है। इसमें नए फीचर्स भी जोड़े गए हैं। आइए जानते हैं**

हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड ने भारतीय बाजार में अपनी लोकप्रिय एसयूवी कार वेन्यू का एक नया वेरिएंट पेश किया है। इसे 'एग्जीक्यूटिव टर्बो' नाम दिया गया है। नया वेरिएंट केवल मैनुअल गियरबॉक्स के साथ बेचा जाएगा। इसके अलावा हुंडई ने वेन्यू एस (ओ) टर्बो ट्रिम में और ज्यादा फीचर्स भी जोड़े हैं।

### फीचर्स क्या हैं?

हुंडई वेन्यू एग्जीक्यूटिव वेरिएंट में बाहर से, इंटीरियर में, सुरक्षा के लिहाज से, तकनीक के लिहाज से, पावरट्रेन में, सुविधा और आराम के लिहाज से कई उल्लेखनीय फीचर्स जोड़े गए हैं।

एक्स्टीरियर यानी बाहर से जो जोड़ा गया है, उसमें सबसे खास है आर 16 डुअल टोन के अंदाज में पहिए, डार्क क्रोम में सामने की ओर की रेडिएटर ग्रिल, रूफ रेल्स और शार्क फिन एंटेना।

### एस (ओ) टर्बो ट्रिम के अपडेट

साथ ही वेन्यू एस (ओ) टर्बो ट्रिम को भी अपडेट किया है। इसमें इलेक्ट्रिक सनरूफ और चालकों और सवारियों के लिए मैप लैंप जोड़े गए हैं। यह ट्रिम कप्पा 1.0आई टी जीडीआई इंजन और 6 स्पीड मैनुअल (6 एमटी) और 7 डीसीटी ट्रांसमिशन विकल्पों में उपलब्ध है।

वेन्यू का अपडेटेड एस (ओ) टर्बो ट्रिम 10,75,200 रुपये (6एमटी संस्करण के लिए) और 11,85,900 (7 डीसीटी संस्करण के लिए) की कीमत पर उपलब्ध है।

नए वेरिएंट में मिलने वाले तकनीकी नए फीचर्स की बात करें तो 20.32 सेंटीमीटर यानी 8.0 इंच डिस्प्ले के साथ एक टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम देखने को मिलता है। साथ में वायरलेस एंड्रॉयड ऑटो/ एपल कार प्ले वॉइस रिकग्निशन के साथ मिलता है। कलर टीएफटी एमआईडी के साथ एक डिजिटल क्लस्टर मिलेगा।

इसके अलावा इसमें 2 सीट रिक्लाइनिंग रियर सीट, स्टोरेज के साथ ड्राइवर का आर्मरेस्ट, 60:40 में बंटी रियर सीट, सभी सवारियों के लिए समायोजित होने वाले हेडरेस्ट दिए हैं।

सुविधा के लिए रियर एअरकंडीशनर वेंट, रियर वाइपर और वॉशर मिलेंगे। स्टीयरिंग पर क्रूज कंट्रोल के साथ अन्य कंट्रोल दिए गए हैं।


वहीं सेफ्टी फीचर्स में 6 एअर बैग, 3 पॉइंट सीट बेल्ट्स दी गई हैं, साथ ही सीट बेल्ट लगाने की याद दिलाता फीचर यानी रिमाइंडर भी है। इस वेरिएंट में इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी कंट्रोल, व्हीकल स्टेबिलिटी मैनेजमेंट, हिल असिस्ट कंट्रोल, डे एंड नाइट इन साइट रियर व्यू मिरर, ऑटोमेटिक हैडलैंप और टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम भी मिलेगा।

### कैसा है पावरट्रेन

एग्जीक्यूटिव टर्बो वेरिएंट के इंजन पावरट्रेन की बात करें तो इसमें 6 स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ 1.0आई-जीडीआई टर्बो इंजन मिलता है, जो 120 पीएस का पावर और 172 एनएम का टॉर्क पैदा करने में सक्षम है। मानक के रूप में इस इंजन को -आइडल स्टॉप एंड गो फीचर मिलता है। इससे वेरिएंट की ईंधन को लेकर कुशलता में बढ़ोतरी होती है। वेन्यू का एग्जीक्यूटिव टर्बो वेरिएंट 9,99,990 रुपये की शुरुआती एक्स शोरूम कीमत पर उपलब्ध है।

गोविंद

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष** : आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं। किसी मित्र से कारोबार का प्रस्ताव मिल सकता है। लाभ के अवसर मिलेंगे। परिश्रम अधिक रहेगा।

**वृष** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** : मन अशांत रहेगा। बातचीत में संतुलित रहें। सेहत का ध्यान रखें। संतान की सेहत में सुधार होगा। बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बनेंगे।

**कर्क** : मन परेशान रहेगा। मन में निराशा और असंतोष रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। कार्यभार बढ़ेगा।

**सिंह** : आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। परंतु संयत रहें। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। परंतु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**कन्या** : मन अशांत रहेगा। आत्मसंयत रहें। मानसिक शांति बनाए रखने के प्रयास करें। कारोबार में कठिनाई आ सकती है। सचेत रहें। सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** : आत्मविश्वास बहुत रहेगा। परंतु मन परेशान भी हो सकता है। कारोबार में उतार-चढ़ाव भी हो सकता है। परंतु फिर भी लाभ के अवसर भी मिल सकते हैं।

**वृश्चिक** : मन अशांत हो सकता है। संतान की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा।

**धनु** : पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। किसी मित्र के सहयोग से कारोबार में सुधार होगा। आय में वृद्धि होगी। परंतु परिश्रम अधिक रहेगा।

**मकर** : मन परेशान हो सकता है। संयत रहें। क्रोध से बचें। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। माता का सान्निध्य मिलेगा। कारोबार में बदलाव के योग बन रहे हैं।

**कुंभ** : आत्मविश्वास तो बहुत रहेगा। परंतु मन परेशान भी हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें। परिवार का साथ मिलेगा। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**मीन** : मन अशांत रहेगा। संयत रहें। शैक्षिक कार्यों पर भी ध्यान दें। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों में वृद्धि होगी। पिता से आर्थिक सहयोग मिलेगा।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

09 मार्च, शनिवार, 19, फाल्गुन (सौर) शक संवत् 1945, 26 फाल्गुन मास प्रविष्टे (पंजाब पंचांग) 2080, 27, शब्बान सन् 1445, फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी (विक्रमी संवत्) सायं 06.18 बजे पश्चात अमावस्या, शतभिषा नक्षत्र रात्रि 4.56 मिनट तक पश्चात पूर्वाभाद्रपदा, सिद्ध योग रात्रि 8.32 बजे तक, विष्टि भद्रा करण, चंद्रमा कुंभ राशि में दिन-रात। सूर्य उत्तरायण। सूर्य दक्षिण गोल। वसंत ऋतु। प्रातः 09 बजे से प्रातः 10 बजकर 30 मिनट तक राहुकालम्। भद्रा प्रातः 08 बजकर 08 मिनट तक।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

ध्वजा या पताका लगाने का वास्तु शास्त्र में क्या महत्व है? इसके नियम क्या हैं?
–नेहा, गोरखपुर

- ध्वज या पताका घर में या किसी भी भवन की छत पर लगाने से नकारात्मकता दूर होती है, सकारात्मकता आती है। शोक व दोष का नाश होता है।
- झंडा सदैव पीला, गेरुआ, भगवा या केसरिया लगाना चाहिए।
- झंडे/पताका पर ॐ, स्वास्तिक या कोई धार्मिक श्लोक लिखा होना चाहिए।
- झंडे का आकार त्रिभुजाकार या द्वि-त्रिभुजाकार होना चाहिए।
- यथासम्भव ध्वज वायव्य कोण में लगाना चाहिए।

### वर्ग पहेली : 7537

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | ■ | 2 | | | 3 | | ■ |
| 4 | | | | ■ | ■ | | ■ | 5 |
| ■ | | ■ | 6 | 7 | | | ■ | |
| 8 | | | ■ | | | 9 | 10 | |
| ■ | | ■ | 11 | | | ■ | | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | | ■ | 14 | | |
| | ■ | 15 | | | 16 | ■ | | ■ |
| | ■ | | ■ | ■ | 17 | | | |
| ■ | 18 | | | | | ■ | | ■ |

**बाएं से दाएं**
2. सहिष्णु; संतोषी; सहने वाला (5)
4. नक्कारे की आवाज; शोरगुल; शोहरत; बालू आदि भरकर की गई मोर्चे बंदी; धुस्स; मोर्चा; धौंसा; नगाड़ा (4)
6. एक जैसा; बराबर सतह वाला; समान तल वाला (4)
8. कन्या; लड़की; पुत्री; बेटी (3)
9. कर्णधार; तारने वाला; पार उतारने वाला (3)
11. दर्पण; शीशा (3)
12. अबोध; पुत्र; बच्चा; लड़का (3)
14. नारी; स्त्री (3)
15. लचर होने का भाव; कमजोरी; तथ्यहीनता; तर्कहीनता (4)
17. परिक्षेत्र; परिधि; भवन क्षेत्र (4)
18. फंसाना; लालच देना; लालसा जगाना; लुब्ध करना (2,3)

**ऊपर से नीचे**
1. जो अवसर के उपयुक्त हो; जो समय के अनुकूल हो; समयानुसार (6)
2. योग; समर्थन; संबंध; समूह; शब्द संधि (3)
3. ठंडक; सर्दी; जड़ता (4)
5. लोहे को अपनी ओर आकर्षित करने वाला; अपनी ओर आकृष्ट करने वाला (3)
7. जिसमें मलाई हो; स्निग्ध (5)
10. आनंद आना; रंग में मग्न होना; (2,4)
12. रुकावट डालने वाला; विघ्नकारक (3)
13. आह भरना; कुढ़ना; बिलखना (4)
16. अपने को तप्त करना; सेंकना (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7536 का उत्तर

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 तं | 2 दु | रु | स्ती | ■ | 3 प | 4 न | प | 5 ना |
| ■ | रु | ■ | ■ | 6 र | ■ | वी | ■ | ता |
| 7 कां | प | ना | ■ | ह | ■ | 8 न | ग | र |
| ■ | यो | ■ | 9 स | म | वे | त | ■ | ख |
| 10 म | ग | 11 र | ■ | दि | ■ | 12 म | 13 र | ना |
| द्य | ■ | 14 स | फ | ल | ता | ■ | वा | ■ |
| 15 नि | वि | दा | ■ | हो | ■ | 16 त | ना | व |
| षे | ■ | य | ■ | ना | ■ | ■ | हो | ■ |
| 17 ध | ध | क | ना | ■ | 18 य | था | ना | म |

### सुडोकू : 7521

* कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | | 5 | 4 |
| | | 4 | 2 | | | | | |
| | 3 | | 4 | 6 | | | | |
| 5 | | | | | 3 | | 8 | 7 |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| 8 | 1 | | 9 | | | | | 3 |
| | | | | 5 | 7 | | 3 | |
| | | | | | 9 | 4 | | |
| 1 | 8 | | | 2 | | | | |

**खेलने का तरीका** : दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7520

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 7 | 8 | 5 | 3 | 1 | 9 | 2 |
| 5 | 1 | 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 3 | 8 |
| 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 4 | 7 | 5 | 6 |
| 1 | 4 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 | 8 | 7 |
| 2 | 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 6 | 4 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 | 1 |
| 6 | 5 | 8 | 7 | 3 | 1 | 2 | 4 | 9 |
| 7 | 2 | 4 | 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 2 | 6 | 8 | 7 | 5 |

## सरकार ने अप्रैल-जून तिमाही के लिए दरों को यथावत रखा

# छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बदलाव नहीं

**फैसला**

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने एक अप्रैल 2024 से शुरू होने वाले अगले वित्त वर्ष की पहली तिमाही के लिए विभिन्न छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में किसी तरह का बदलाव नहीं किया है। सार्वजनिक भविष्य निधि (पीपीएफ) पर पहले की ही तरह 7.1 प्रतिशत ब्याज मिलता रहेगा।

वित्त मंत्रालय ने इस संदर्भ में शुक्रवार को अधिसूचना जारी की। इसके मुताबिक, वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के लिए विभिन्न लघु बचत योजनाओं पर ब्याज दरें चौथी तिमाही (जनवरी-मार्च, 2024) के लिए अधिसूचित दरों के समान होंगी।

**सात तिमाही में पहली बार बदलाव नहीं :** सरकार हर तिमाही में मुख्य रूप से डाकघरों में संचालित छोटी बचत योजनाओं पर देय ब्याज दरों को अधिसूचित करती है। सात तिमाहियों में यह पहली बार हुआ कि जब सरकार ने इन छोटी बचत योजनाओं की ब्याज दरों में बढ़ोतरी नही की है।

**पिछली बार इनमें वृद्धि :** पिछली बार मार्च तिमाही के लिए सरकार ने सुकन्या समृद्धि योजना की ब्याज दरों बढ़ोतरी की थी। वित्त मंत्रालय ने जनवरी से मार्च 2024 तिमाही के लिए इस योजना की ब्याज दर 8 फीसदी से बढ़ाकर 8.20 फीसदी कर दी थी। इसके अलावा तीन साल टाइम डिपॉजिट के लिए ब्याज दरें 7 फीसदी से 7.1 फीसदी की गई थी। डाकघर की छोटी बचत योजनाओं के लिए वित्त मंत्रालय हर तिमाही के लिए दरों का ऐलान करता है।



### ये दरें जारी रहेंगी

| श्रेणी | दर |
|---|---|
| बचत खाता | 04 |
| एक साल की एफडी | 6.9 |
| दो साल की एफडी | 7.0 |
| तीन साल की एफडी | 7.1 |
| पांच साल की एफडी | 7.5 |
| आरडी | 6.5 |
| वरिष्ठ नागरिक जमा | 8.2 |
| एमआईएस | 7.4 |
| एनएससी | 7.7 |
| पीपीएफ | 7.1 |
| किसान विकास पत्र | 7.5 |
| सुकन्या समृद्धि | 8.2 |

■ आंकड़े फीसदी में

### पीपीएफ की दरों में तीन साल से परिवर्तन नहीं

पीपीएफ दरों में पिछले तीन वर्षों से कोई बदलाव नहीं किया गया। इसमें आखिरी बार अप्रैल-जून 2020 में बदलाव किया गया था, जब इसे 7.9 फीसदी से घटाकर 7.1 फीसदी कर दिया गया था। इस बीच ब्याज दरों में कई संशोधन हुए लेकिन पीपीएफ में कोई बदलाव नहीं हुआ।

### इस कारण नहीं बदली

अधिकारियों के अनुसार, पीपीएफ ब्याज दर में ज्यादा बढ़ोतरी न होने का प्रमुख कारण यह है कि इस योजना में टैक्स के बाद रिटर्न अधिक है। उच्चतम कर दायरे के मामले में यह लगभग 10.32 फीसदी तक पहुंच जाता है। इसे देखते हुए ब्याज दर में बदलाव नहीं किया जाता है।

## बैंकों में दो दिन की छुट्टी पर फैसला जल्द

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय बैंक संघ (आईबीए) और बैंक कर्मचारी संगठनों के बीच दो दिन (सभी शनिवार-रविवार) छुट्टी के मुद्दे पर शनिवार को सहमति जताई गई है। लेकिन कामकाज के घंटों में संशोधन का प्रस्ताव सरकार की अधिसूचना के बाद प्रभावी होगा। इसे सरकार के पास भेजा जाएगा, जिस पर छह माह के भीतर फैसला लिया जा सकता है।

बताया जा रहा है कि बैंकिंग संगठन की लंबे समय से अवकाश व वेतन वृद्धि सहित कई मांगों को लेकर आईबीए के साथ वार्ता चल रही थी लेकिन अंतिम सहमति शुक्रवार को बनी। फिलहाल देश में दूसरे और चौथे शनिवार को ही बैंक बंद रहते हैं। पहले और तीसरे शनिवार को बैंक खुलते हैं। इस तरह बैंक कर्मचारियों को महीने के छह साप्ताहिक अवकाश मिलते हैं, जिसे बढ़ाकर आठ करने की मांग की जा रही है।

### सेवानिवृत्त कर्मियों को भी राहत

वहीं, सेवानिवृत्त कर्मचारियों के मामले में इस बात पर सहमति बनी है कि मासिक अनुग्रह राशि का भुगतान पेंशन/ पारिवारिक पेंशन के अतिरिक्त किया जाएगा। यह राशि उन पेंशनभोगियों और पारिवारिक पेंशनभोगियों को मिलेगी जो 31 अक्टूबर, 2022 या उससे पहले पेंशन प्राप्त करने के पात्र बन गए हैं। उस तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले लोग भी इसके दायरे में आएंगे।

## निवेशकों ने म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड तोड़ रकम लगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** छोटे निवेशकों ने इक्विटी म्यूचुअल फंड में रिकॉर्ड तोड़ निवेश किया है। इस साल फरवरी में 26,866 करोड़ रुपये का निवेश म्यूचुअल फंड की विभिन्न योजनाओं में किया गया, जो जनवरी के मुकाबले 23.34 फीसदी अधिक है।

यही नहीं एसआईपी के जरिए निवेश का आंकड़ा पहली बार 19,000 करोड़ रुपये के पार पहुंच गया है। पिछले महीने 18,838 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। म्यूचुअल फंड कंपनियों के निकाय एम्फी के आंकड़ों के मुताबिक, कुल मिलाकर म्यूचुअल फंड उद्योग में फरवरी में 1.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश प्रवाह देखा गया। निवेश की रकम मार्च 2022 के बाद से सबसे ज्यादा है।

## यूपीआई से नेपाल में भुगतान कर पाएंगे

**मुंबई, एजेंसी।** भारतीय नागरिक अब यूपीआई सुविधा के जरिए पड़ोसी देश नेपाल में भी भुगतान कर पाएंगे। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

भारतीय ग्राहक नेपाली व्यापारियों को क्यूआर कोड स्कैन करके भुगतान कर सकते हैं। गौरतलब है कि पिछले साल सितंबर में इस सेवा के लिए दोनों देशों में समझौता हुआ था।

## बाजार 30s

### सरसों के तेल पर पतंजलि का नया शोध

**हरिद्वार।** पतंजलि ने कोल्हू से निकाले सरसों के तेल पर अनुसंधान किया। संस्थान के अनुसार इसमें प्रमाणित हुआ कि परंपरागत लकड़ी के कोल्हू से निकला सरसों का तेल कैंसर से बचाने मददगार होता है। रिसर्च जर्नल फूड केमिस्ट्री में प्रकाशित शोध के अनुसार, इस तेल में कैंसर रोधी तत्व पाया गया। स्वामी रामदेव ने कहा कि यह हमारी परंपरा का प्रत्यक्ष परिणाम है।

### स्पेक्ट्रम नीलामी 20 मई से शुरू होगी

**नई दिल्ली।** स्पेक्ट्रम की अगली नीलामी 20 मई से शुरू होगी। दूरसंचार विभाग के शुक्रवार को आवेदन आमंत्रित करने के लिए जारी नोटिस से यह जानकारी मिली। सरकार मोबाइल फोन सेवाओं के लिए 96,317.65 करोड़ रुपये के आधार मूल्य पर आठ स्पेक्ट्रम बैंड की नीलामी करेगी। दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही कंपनियों के पास मौजूद स्पेक्ट्रम फ्रीक्वेंसी को भी नीलामी में रखा जाएगा।

### कुछ इकाइयों को गुणवत्ता नियंत्रण आदेश से छूट

**नई दिल्ली।** सरकार ने शुक्रवार को अग्रिम स्वीकृति रखने वाली और निर्यात-उन्मुख इकाइयों को निर्यात के लिए कच्चे माल के रूप में उपयोग होने वाले आयातित वस्तुओं को अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेश से छूट दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय ने कहा कि यह छूट पूर्व-आयात शर्तों के साथ होगी और उस कच्चे माल का उपयोग निर्यात उत्पादों के विनिर्माण में ही किया जाएगा।

### 'जेएम फाइनेंशियल जांच में सहयोग करेगा'

**नई दिल्ली।** जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड ने कहा कि वह ऋण प्रतिभूतियों के सार्वजनिक निर्गम को लेकर पूंजी बाजार नियामक सेबी की जांच में पूरा सहयोग करेगी। कंपनी का यह बयान उस समय आया, जब सेबी ने अनुचित व्यापार व्यवहार के कारण जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड को ऋण प्रतिभूतियों के किसी भी सार्वजनिक निर्गम के लिए लीड प्रबंधक के रूप में कार्य करने से रोक दिया है।

## केंद्र सरकार पांच लाख टन प्याज खरीदेगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार इस साल अपने बफर स्टॉक के लिए पांच लाख टन प्याज खरीदने की योजना बना रही है। इसका उपयोग दाम बढ़ने की स्थिति में उसे काबू में करने के लिए किया जा सकता है।

सूत्रों ने शुक्रवार को कहा कि सरकार की तरफ से एनसीसीएफ और नैफेड जैसी एजेंसियां प्याज की खरीद करेंगी। खाद्य एवं उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने पिछले साल पांच लाख टन का बफर स्टॉक बनाया था। इसमें से एक लाख टन अभी भी उपलब्ध है। 'बफर स्टॉक' से रियायती दर पर प्याज बेचने से कीमतों को नियंत्रित करने में मदद मिली है। सरकार इस महीने के अंत में प्याज निर्यात पर प्रतिबंध हटाने पर फैसला लेगी।

## मुद्रा भंडार 6.55 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई, एजेंसी।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मार्च को समाप्त सप्ताह में 6.55 अरब डॉलर बढ़कर 625.63 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे एक सप्ताह पहले कुल विदेशी मुद्रा भंडार 2.97 अरब डॉलर बढ़कर 619.07 अरब डॉलर रहा था। अक्टूबर 2021 में, देश का विदेशी मुद्राभंडार 645 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। पिछले साल से वैश्विक गतिविधियों के कारण उत्पन्न दबाव के बीच केंद्रीय बैंक ने रुपये की गिरावट को रोकने के लिए पूंजी भंडार का उपयोग किया जिससे मुद्रा भंडार प्रभावित हुआ।

**गाजियाबाद नगर निगम**
(I.S.O. 14001, 18001 एवं 19001 प्रमाणित संस्था)

पत्रांक: 31/निर्माण/2023-24 दिनांक 07.03.2024

**ई-टेण्डर सूचना**

गाजियाबाद नगर निगम द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रिक्योरमेन्ट की वेबसाइड **http://etender.up.nic.in** से प्राप्त किया जा सकता है।

शासनादेश संख्या-3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के क्रम में निविदा शुल्क धनराशि नगर निगम गाजियाबाद के खाता संख्या-628601041088, आई.एफ.एस.सी. कोड ICIC0006286 आई.सी.आई.सी.आई. बैंक, शाखा राजनगर में जमा की जायेगी एवं इसके अतिरिक्त अपरिहार्य स्थिति में निर्माण विभाग के मुख्य लिपिक के द्वारा भी सम्बन्धित निविदा शुल्क की धनराशि निगम कोष में जमा कराकर रसीद प्राप्त की जा सकती है, जिसे स्कैन तक तकनीकी बिड में अपलोड करना अनिवार्य होगा। निविदा प्रपत्र को दिनांक 16.03.2024 की सांय 3.00 बजे तक वेबसाईड से डाउनलोड कर अपलोड करना आवश्यक होगा, जिन्हे दिनांक 16.03.2024 की सांय 4.00 बजे से खोला जायेगा। प्रत्येक निविदा हेतु उसके सम्मुख अंकित धरोहर धनराशि की 3 प्रतिशत धनराशि पृथक-पृथक रूप से गाजियाबाद नगर निगम के खाता संख्या-50100264496541 आई.एफ.एस.सी. कोड-HDFC0000153 बैंक का नाम एच.डी.एफ.सी. शाखा राजनगर में आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. आदि के माध्यम से करानी होगी तथा शेष 7 प्रतिशत की धनराशि अनुबन्ध कराते समय एफ.डी.आर. के रूप में कार्यालय में जमा करानी होगी, यदि किसी प्रतिभागी फर्म द्वारा अनुबन्ध के समय एफ.डी.आर. कार्यालय में जमा नही करायी जाती है, तो उसके विरूद्ध निविदा की शर्तों के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

ऐसे निविदादाता/फर्म जो गाजियाबाद नगर निगम में पंजीकृत नही है, के लिए शासनादेश सं0 3890/नौ-5-19-149सा/2019 दिनांक 20.09.2019 के आलोक में निविदादाता को चरित्र प्रमाण-पत्र, हैसियत प्रमाण-पत्र, समान कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र तथा जी. एस.टी. नम्बर वेबसाईट पर अपलोड कराना आवश्यक होगा।

विस्तृत निविदा सूचना/नियम व शर्त **http://etender.up.nic.in** पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता
गाजियाबाद नगर निगम

**OFFICE OF THE CHIEF ELECTORAL OFFICER, DELHI**
**Old St. Stephen's College Building, Kashmere Gate**
**Delhi-110006**
**Email: eoproc11@gmail.com**

**No.: CEO/P&I/1306/2023-24/Vol. III** **Dated:**

**E-tender Notice**

e-Tender for "Selection of Vendor for Installation and implementation of Live Web casting solution and CCTV monitoring services (Audio & Video Recording, Viewing, CCTV & other Services) during the Lok Sabha Election (LSE), 2024 for the NCT of Delhi is invited through e-Procurement portal (**https://govtprocurement.delhi.gov.in**). The important details are as under:-

| | | |
|---|---|---|
| Tender Id | : | 2024_CEO_255717_1 |
| Pre-bid meeting | : | 11.03.2024 at 04.00 PM |
| Last date of submission of Bids | : | 15.03.2024 till 02.00 PM |

**Assistant CEO(P&I)**
DIP/Shabdarth/Classified/0381/23-24

**डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली**
(एनसीटी दिल्ली सरकार द्वारा स्थापित)

No. AUD/06/Acad./2024 Dated: 01.03.2024

**शिक्षण पद हेतु भर्ती की सूचना (अनुबंध कॉन्ट्रैक्चुअल के आधार पर सहायक प्रोफेसर)**

डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली एक राज्य विश्वविद्यालय है जिसकी स्थापना राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के विधानमंडल द्वारा डॉ. बी. आर. अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली अधिनियम, 2007 के माध्यम से की गई है। डॉ. बी. आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली भारत के कुछ प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में से एक है जिसका मुख्य उद्देश्य मानविकी और सामाजिक विज्ञान के अध्ययन को बढ़ावा देना है और ये इन विषयों को बदलते समाज की समझ और कल्पना के लिए महत्वपूर्ण मानता है। विश्वविद्यालय का उद्देश्य नवीन पाठ्यक्रम और शैक्षणिक प्रक्रियाओं के साथ सामाजिक विज्ञान की पुनर्संकल्पना करना है। अम्बेडकर विश्वविद्यालय वर्तमान में दिल्ली में स्थित अपने चार परिसरों कश्मीरी गेट, करमपुरा, लोधी कॉलोनी और कुतुब इंस्टीट्यूशनल एरिया से स्नातक, स्नातकोत्तर और अनुसंधान डिग्री कार्यक्रम संचालित कर रहा है।

विश्वविद्यालय सहायक प्राध्यापक पदों के लिए योग्य उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

अनुबंध (कॉन्ट्रैक्चुअल) के आधार पर सहायक प्रोफेसर (हिंदी):

| स्कूल | अनुशासन | सहायक प्राध्यापक (वेतन स्तर -10) | कुल सीट |
|---|---|---|---|
| स्कूल ऑफ़ लेटर्स | हिंदी | UR - 02, OBC - NCL (दिल्ली)-03, EWS - 01 | 06 |
| | | UR - अनारक्षित<br>OBC- अन्य पिछड़ा वर्ग<br>NCL- नॉन क्रीमी लेयर<br>EWS- आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | |

योग्यता, सामान्य निर्देश, पात्रता मानदंड, ऑनलाइन आवेदन पत्र, शुल्क का भुगतान तथा अन्य विवरण के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट **https://aud.delhi.gov.in** देखें।

DIP/Shabdarth/Classified/0380/23-24 कुल सचिव

उच्च शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

SUMMER & WEDDING COLLECTION
Raymond
Linen, Cotton & Woollen
Formals, Casual & Party Wears
By Economy Sales: 9212758425
upto 60% off
Latest Range of Designs & Colors
GIFT PACKS AVAILABLE
BLAZER • SUIT
KURTA'S • SHIRT • TROUSER • T-SHIRT
Raymond PARK AVENUE ColorPlus parx ARROW
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार**
**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**
**बी-ब्लॉक, विकास भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002**

**पूर्ण रूप से निशुल्क आवासीय विद्यालय**

**पंजीकरण एवं प्रवेश**
सत्र 2024 - 25
कक्षा 1-8, 9, 11 हेतु
**पंजीकरण फार्म उपलब्ध हैं:**
**www.kissdelhi.ac.in**
एवं
के.आई.एस.एस.डी.जी.एस.एस.आर.एस.
ग्राम ईसापुर, नजफगढ़, दिल्ली-110073
फोन नं.: +91-9953274389
सुबह 10.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक

**कलिंग इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज दिल्ली राजकीय उच्चतम माध्यमिक आवासीय विद्यालय - सामान्य जानकारी**

कलिंग इंस्टिटयूट ऑफ़ सोशल साइंसेज दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार तथा कलिंगा इंस्टिटयूट ऑफ सोशल साइंसेज़ (के.आई.एस.एस.), भुवनेश्वर का गैर लाभकारी संयुक्त उपक्रम है। प्रवेश के लिए अनसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/अनाथ वर्गो के बच्चों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. दाखिले कक्षा 1 से 8, 9 और 11 के लिए खुले हैं।
2. स्कूल शिक्षा के CBSE पाठ्रूक्रम का पालन करता है।
3. कक्षा 1 से 8 , 9, और 11 के लिए सीटों की उपलब्धता उन कक्षाओं में रिक्त सीटों पर निर्भर होगी। 50 प्रतिशत सीटें बालिकाओं/छात्राओं के लिए आरक्षित है।
4. चूंकि विद्यालय बालिका शिक्षा को बढ़ावा देता है और हम बालिकाओं को अधिक वरीयता देते है इसलिए 50 प्रतिशत सीटें बालिकाओं के लिए आरक्षित हैं।

**पात्रता मानदंड :**

1. बच्चे की आयु 31 मार्च 2024 को न्यूनतम 05 वर्ष व अधिकतम 15 वर्ष होनी चाहिए।
2. अनुसूचित जाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक/अनाथ, केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के निवासी ही प्रवेश के पात्र होंगे।
3. बच्चों के माता पिता की वार्षिक पारिवारिक आय रु. 3,00,000/- से अधिक नहीं होनी चाहिए।
4. अनुसूचित जातियों/अन्य पिछड़े वर्गो/अल्पसंख्यकों व अनाथ बच्चों को 40:20:20.20 के अनुपात में आरक्षण प्रदान किया जाएगा। यदि किसी वर्ग के छात्रों की संख्या उस वर्ग को प्रदान की जाने वाली सीटों की संख्या से कम होगी तो उनकी सीटें अन्य वर्षों के छात्र/छात्राओं से भरी जायेंगी। कुल उपलब्ध सीटों की 50 प्रतिशत सीटें बालिकाओं के लिए आरक्षित होगी। यदि पर्याप्त बालिकाएं उपलब्ध नहीं होंगी तो वे आरक्षित सीटें लड़कों को प्रदान की जायेगी।
5. 3 प्रतिशत सीटें शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों के लिए आरक्षित है। इस श्रेणी के आवेदकों को सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

KISS KALINGA INSTITUTE OF SOCIAL SCIENCES
**कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़ दिल्ली राजकीय उच्चतम माध्यमिक आवासीय विद्यालय**
(कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़ दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार तथा कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़, भुवनेश्वर का संयुक्त उपक्रम)
ग्राम-ईसापुर, नजफगढ़, दिल्ली-110073
DIP/Shabdarth/Classified/0377/23-24

**एनसीटी दिल्ली सरकार**
**अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, बी-ब्लॉक, विकास भवन, आई.पी. एस्टेट, नई दिल्ली-110002**

**निविदा सूचना**

कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज दिल्ली गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी रेजिडेंशियल स्कूल में किताबें और पत्रिकाएं, स्कूल स्टेशनरी और अध्ययन सामग्री, खेल की वस्तुएं, स्कूल और छात्रावास की वर्दी, स्कूल और छात्रावास का फर्नीचर, बिस्तार का सामान, किराने का सामान, प्रसाधन और सफाई के सामान, सेप्टिक टैंक की सफाई, हाउसकीपिंग सेवाएं, सुरक्षा सेवाएं, कंप्यूटर हार्डवेयर सॉफ्टवेयर और सेवा और पानी के टैंकरों की आपूर्ति के लिए पंजीकृत निर्माता/थोक डीलरों/वितरकों से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विवरण और निविदा प्रपत्र के लिए, कृपया हमारी वेबसाइट www.kissdelhi.ac.in/tender देखें। निविदा विवरण और प्रपत्र स्कूल की वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकते हैं। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि इस विज्ञापन के प्रकाशन की तिथि से 21 दिन पूर्वाह्न 10.00 बजे तक है। निविदाओं की तकनीकी बोलियां उसी दिन पूर्वाह्न 11.00 बजे खोली जाएंगी और अगले दिन केवल तकनीकी बोलियों के योग्य बोलीदाताओं के लिए ही वित्तीय बोलियां खोली जाएंगी।

कलिंगा इंस्टिटयूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़ दिल्ली सरकारी उच्चतम माध्यमिक आवासीय विद्यालय
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार तथा कलिंगा इंस्टिट्यट ऑफ सोशल साइंसेज, भुवनेश्वर (ओडिशा) का संयुक्त उपक्रम)
ग्रामः ईसापुर, नजफगढ़, दिल्ली-110073
DIP/Shabdarth/Classified/0379/23-24

**दिल्ली जल बोर्ड : रा.रा.क्षे. दिल्ली सरकार**
नई दिल्ली-110064
"कोरोना से बचें: मास्क पहनें, दो गज की दूरी बनाए रखें, नियमित रूप से हाथ धोएं"

अल्प प्रेस नि.आ.सू. सं. 87/ईई(टी)-एम 8/(2023-24)

| क्र. सं. | मद का नाम | निविदा राशि | धरोहर राशि | ई-प्रापण समाधान द्वारा निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ईई(एम)-29 के तहत वार्ड नं. 102 तिलक नगर विधानसभा एसी-29 में डबल स्टोरी, हरिजन कालोनी (हाउस नं. 177 से 197), तिलक विहार में नया आउटफाल और सीवर लाइनों का रिअलाइनमेंट प्रदान करके सीवरेज सिस्टम का सुधार। निविदा आईडी 2024_DJB_255311_1 | रु. 25,26,768/- | रु. 50,600/- | 12.03.2024 को अप. 3.00 बजे तक |

विस्तृत में इस विशिष्ट विवरण को वेबसाइट https://govtprocurement.delhi.gov.in पर देख सकते हैं।
ज.सं.अधि. (जल) द्वारा जारी
विज्ञा.सं. ज.सं.वि. 214/2023-24
ह0/- (रमेश कुमार गुप्ता)
ईई (टेंडरिंग) एम-08

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार**
**अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**
**बी- ब्लॉक, विकास भवन, आई पी एस्टेट, नई दिल्ली-110002**

निम्न पदों हेतु अच्छे शैक्षणिक रिकॉर्ड, उत्कर्ष संवाद कौशल, प्रशिक्षित सह पाठयक्रम गतिविधियों में रूचि व दक्षता वाले तथा कंप्यूटर संचालन में निपुण अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं (न्यूनतम 50% अंक सम्पूर्ण कैरियर के दौरान)

1. प्रधानाचार्य
2. उप-प्रधानाचार्य
3. पीजीटी- इंग्लिश, हिंदी, गणित, भौतिक विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, पेंटिंग, आई. टी, कॉमर्स, अर्थशास्त्र, इतिहास, राजनैतिक विज्ञान, शारीरिक विज्ञान
4. टी.जी.टी. - अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, उर्दू, सामाजिक विज्ञान, हिंदी और संस्कृत
5. पी.आर.टी./ सहायक अध्यापक
6. संगीत एवं नृत्य शिक्षक
7. चित्रकला शिक्षक
8. शैक्षिक काउंसलर (महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी)
9. कंप्यूटर शिक्षक
10. विशेष शिक्षक
11. नर्स (महिला उम्मीदवार को प्राथमिकता दी जाएगी)
12. लाइब्रेरियन
13. लेखापाल
14. पी० ई० टी०
15. लैब असिस्टेंट
16. कार्यालय सहायक
17. कार्यालय सचिव
18. एम० टी० एस०
19. छात्रावास वार्डन (महिला एवं पुरुष)
20. शिक्षक समन्वयक

**उपरोक्त पदों हेतु आवश्यक न्यूनतम शैक्षिक योग्यता तथा अनुभव :**

**पद सं. 1 & 2-** M.A., B.Ed, उत्कर्ष अकादमिक रिकॉर्ड, अनुभव -पीजीटी 5 वर्ष / टीजीटी 10 वर्ष + 5 वर्ष प्रशासनिक, अंग्रेजी व हिंदी में भाषा निपुणता।
**पद सं. 3 -** विषय में स्नातकोत्तर, B.Ed, अनुभव- PGT- 3 वर्ष/ - TGT-5 वर्ष।
**पद सं. 4 -** C-TET अनिवार्य है। B.Ed एवं न्यूनतम 3 वर्ष का शिक्षण अनुभव।
**पद सं. 5-** C-TET अनिवार्य है, DIET/JBT एवं न्यूनतम 2 वर्ष का शिक्षण अनुभव।
**पद सं. 6 -** संगीत में स्नातक डिग्री तथा न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव।
**पद सं. 7 -** स्नातक डिग्री और न्यूनतम 2 साल का अनुभव।
**पद सं. 8 -** स्नातक/स्नातकोत्तर बाल विकास मनोविज्ञान / विशिष्ट शिक्षा में न्यूनतम 2 वर्ष का प्रासंगिक अनुभव
**पद सं. 9 -** BCA/MCA की डिग्री धारक आवेदन कर सकते हैं।
**पद सं. 10 -** D.Ed./B.Ed. विशेष शिक्षण न्यूनतम 3 वर्ष का कार्य अनुभव।
**पद सं. 11 -** ANM/GNM तथा पूर्णकालिक नर्स के रूप में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।
**पद सं. 12 -** B.Lib की डिग्री और न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।
**पद सं. 13 -** कॉमर्स ग्रेजुएट या पीजी और न्यूनतम 3+ साल का अनुभव।
**पद सं. 14 -** B.P. Ed/M.P. Ed की डिग्री और न्यूनतम राज्य स्तर पर आउटडोर/इंडोर खेलों में भाग लिया हो।
**पद सं. 15 -** 12वीं पास उम्मीदवार जिसे माध्यमिक स्तर के स्कूल साइंस लैब को बनाये रखने का न्यूनतम 2 साल का अनुभव।
**पद सं. 16 & 17 -** 12 वीं पास उम्मीदवार, ऑफिस में काम करने का न्यूनतम 2 साल का अनुभव और कंप्यूटर में कुशल।
**पद सं. 18 -** 10वीं पास उम्मीदवार, काम करने का न्यूनतम 2 साल का अनुभव।
**पद सं. 19 -** किसी भी विषय में स्नातक डिग्री तथा आवासीय विद्यालय अथवा छात्रावास में वार्डन के रूप में न्यूनतम 2 वर्ष का अनुभव।
**पद सं. 20 -** न्यूनतम 5 वर्ष के शिक्षण अनुभव और अच्छे संचार, आयोजन और नेतृत्व कौशल के साथ किसी भी विषय में पी.जी.।

द्वारका तथा आस-पास के क्षेत्रों के शिक्षकों को प्राथमिकता दी जाएगी। **अपने सी.वी./बायो-डेटा (CV/Bio-data) की हार्ड कॉपी कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़ दिल्ली सरकारी उच्चतम माध्यमिक आवासीय विद्यालय, ग्रामः ईसापुर, नजफगढ़, दिल्ली-110073 पते पर या वेबसाइटः www.kissdelhi.ac.in** के जरिये इस विज्ञापन के प्रकाशन के 10 दिनों के भीतर ऑनलाइन आवेदन करें। कृपया ध्यान दें उपरोक्त सभी पद पूर्ण रूप से अस्थायी तौर पर हैं। कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़ दिल्ली सरकारी उच्चतम माध्यमिक आवासीय विद्यालय पूर्ण रूप से मुफ्त विद्यालय है और यह पूर्ण रूप से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग, तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा सहायता प्राप्त है और कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज, भुवनेश्वर, ओड़िशा के द्वारा संचालित है।

कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़, दिल्ली सरकारी उच्चतम माध्यमिक आवासीय विद्यालय
(राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार तथा कलिंगा इंस्टिट्यूट ऑफ़ सोशल साइंसेज़, भुवनेश्वर (ओडिशा) का संयुक्त उपक्रम)
ग्रामः ईसापुर, नजफगढ़, दिल्ली - 110073
DIP/Shabdarth/Classified/0378/23-24

OTTplay
PREMIUM

# पाएं 29+ OTTs
# एक प्लेटफॉर्म पर



29+ OTTs | 50,000+ TITLES | 300+ LIVE TV CHANNELS

## प्लान शुरू ₹ 199* प्रति माह

*नियम और शर्तें लागू

Available on:
web | android | iPhone | androidtv | firetvstick | tv | JioStore | SAMSUNG | LG


B2B/ISP पार्टनरशिप के लिए कृपया हमें इस पर लिखे: support@ottplay.com

सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें या विज़िट करें:
www.ottplay.com/plans

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

■ भारतीय टीम ने 255 रनों की मजबूत बढ़त बनाई ■ सरफराज और देवदत्त पडिक्कल ने खेली अर्धशतकीय पारियां

# रोहित-गिल के शतकों से शिकंजे में इंग्लैंड



धर्मशाला में शुक्रवार को शतक जड़ने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकार करते भारतीय कप्तान रोहित शर्मा। ● एजेंसी



भारत दौरे पर इंग्लैंड

**धर्मशाला, एजेंसी।** अंग्रेज जिस तेज पिच पर फिरकी में फंसकर मात्र 58 ओवर खेल पाए थे उसी पर भारतीय बल्लेबाज 120 ओवर खेलकर डटे हुए हैं। इंग्लैंड की पारी में सिर्फ तीन छक्के लगे थे जबकि भारत के पांच शीर्ष बल्लेबाजों ने 13 छक्के जड़ दिए। कप्तान रोहित शर्मा और शुभमान गिल ने शतकीय प्रहार किए। सरफराज व पहला टेस्ट खेल रहे देवदत्त पडिक्कल ने अर्धशतक जड़े।

**पहली बार 400 पार :** टीम इंडिया ने पांचवें टेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को आठ विकेट पर 473 रन बना लिए हैं। इससे रोहित एंड कंपनी ने 255 रन की बड़ी बढ़त बनाकर अंग्रेजों पर शिकंजा कस दिया है। दूसरे दिन का खेल खत्म होने तक कुलदीप 27 और जसप्रीत बुमराह 19 रन बनाकर क्रीज पर हैं। एचपीसीए स्टेडियम में पहली बार टेस्ट में चार सौ पार का स्कोर बना। इससे पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में 332 रन बनाए थे।

**शतकीय साझेदारी :** भारत ने एक विकेट पर 135 रन से शुरुआत की। रोहित (103) और गिल (110) की शतकीय साझेदारी को तोड़ने की इंग्लैंड की हर कोशिश नाकाम रही। इंग्लैंड को पहले सत्र में एकमात्र मौका मिला लेकिन क्राउले लेग स्लिप में रोहित का कैच नहीं लपक सके। रोहित ने हार्टले की गेंद पर एक रन लेकर अपना 12वां टेस्ट शतक पूरा किया। दो गेंद बाद गिल ने बशीर को चौका जड़ सौ रन पूरे किए।

**स्टोक्स की पहली गेंद पर रोहित आउट :** पूरी सीरीज में गेंदबाजी न करने वाले स्टोक्स ने लंच के बाद आखिरकार गेंदबाजी का फैसला किया। नौ महीने बाद पहली ही गेंद पर उन्होंने रोहित का ऑफ स्टंप उखाड़ सभी को चौंका दिया। अगले ओवर में एंडरसन ने गिल की गिल्लियां बिखेर दीं।

**मोर्चे पर युवा :** सरफराज (56) और पडिक्कल (65) ने पारी को आगे बढ़ाया। पडिक्कल का ऑफ साइड का खेल इतना जबर्दस्त था कि अधिकांश रन वहीं से बने। सरफराज ने धीमी शुरुआत के बाद लय पकड़ी। उन्होंने सीरीज में तीसरा अर्धशतक पूरा किया। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 77 रन जोड़े। फिर दोनों को इंग्लैंड के स्पिनर बशीर आउट किया।

"मैंने प्रत्येक चौके का पूरा आनंद लिया लेकिन पहले चौके को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा क्योंकि यह टेस्ट क्रिकेट में मेरा पहला रन था। –**देवदत्त पडिक्कल**, भारतीय बल्लेबाज

"हमें सबसे पहले बाकी बचे दो विकेट हासिल करने होंगे। इसके बाद हम खेल की आगे की स्थिति पर काम कर सकते हैं। हम बेहद सकारात्मक हैं। –**जीतन पटेल**, सहायक कोच, इंग्लैंड

**12** वां शतक रोहित शर्मा ने टेस्ट में जबकि शुभमान गिल ने चौथा लगाया

**171** रन रोहित-गिल ने दूसरे विकेट के लिए 244 गेंद में जोड़े

**05** विकेट भारतीय टीम ने आखिरी सत्र में 97 रन के भीतर गंवा दिए

## स्कोर बोर्ड

इंग्लैंड पहली पारी : 218

भारत पहली पारी : 473/8 (120 ओवर)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी स्ट फोक्स ब. बशीर | 57 | 58 | 5/3 |
| रोहित शर्मा ब. स्टोक्स | 103 | 162 | 13/3 |
| शुभमान गिल ब. एंडरसन | 110 | 150 | 12/5 |
| देवदत्त पडिक्कल ब. बशीर | 65 | 103 | 10/1 |
| सरफराज क. रूट ब. बशीर | 56 | 60 | 8/1 |
| जडेजा एलबीडब्ल्यू ब. हार्टले | 15 | 50 | 0/0 |
| ध्रुव क. डकेट ब. बशीर | 15 | 24 | 2/0 |
| रविचंद्रन अश्विन ब. हार्टले | 00 | 05 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नॉटआउट | 27 | 55 | 2/0 |
| जसप्रीत बुमराह नॉटआउट | 19 | 55 | 2/0 |

अतिरिक्त : 06

विकेट पतन : 1/104, 2/275 3/279, 4/376, 5/403, 6/427, 7/427, 8/428.

| गेंदबाजी | |
|---|---|
| जेम्स एंडरसन | 14-1-59-1 |
| मार्क वुड | 15-1-89-0 |
| टॉम हार्टले | 39-3-126-2 |
| शोएब बशीर | 44-5-170-4 |
| बेन स्टोक्स | 5-1-17-1 |
| जो रूट | 3-0-8-0 |



धर्मशाला में शुक्रवार को पारी के दौरान रन लेते शुभमान गिल। ● एजेंसी

## रिकॉर्ड बुक

### बेमिसाल बल्लेबाज रोहित

रोहित का यह टेस्ट में 12वां जबकि कुल 48वां अंतरराष्ट्रीय शतक है। उन्होंने वनडे में 31 और टी-20 में पांच सैकड़े जड़े हैं। इसके साथ ही उन्होंने टीम इंडिया के मौजूदा कोच और पूर्व कप्तान राहुल द्रविड़ (टेस्ट 36, वनडे 12) की बराबरी कर ली। उनसे आगे सचिन (100) और कोहली (80) ही हैं।

**04** शतक ओपनर के रूप में लगाकर रोहित शर्मा ने सुनील गावस्कर के भारतीय रिकॉर्ड की बराबरी की। लोकेश राहुल, मुरली विजय और विजय मर्चंट तीन-तीन संयुक्त दूसरे नंबर पर हैं

**06** शतक पिछले तीन साल (2021 से) में टेस्ट क्रिकेट में रोहित के बल्ले से निकले हैं जो भारत की ओर से इस दौरान सर्वाधिक हैं। गिल (4) दूसरे नंबर पर हैं

**43** वां शतक ओपनर के रूप में लगाकर विंडीज के गेल (42) को पीछे छोड़ा। वॉर्नर (49) और सचिन (45) ही उनसे आगे हैं

### 30 की उम्र के बाद सबसे ज्यादा शतक इनके नाम

| खिलाड़ी | टीम | शतक |
|---|---|---|
| कुमार संगकारा | श्रीलंका | 43 |
| मैथ्यू हेडेन | ऑस्ट्रेलिया | 36 |
| रिकी पोंटिंग | ऑस्ट्रेलिया | 36 |
| रोहित शर्मा | भारत | 35 |
| सचिन तेंदुलकर | भारत | 35 |

### 15 साल बाद शीर्ष पांच भारतीय का पचास प्लस

पिछले 15 साल में पहली जबकि टेस्ट क्रिकेट में कुल पांचवीं बार टीम इंडिया के शीर्ष पांच बल्लेबाजों ने पचास प्लस का स्कोर किया। इससे पहले 2009 में मुंबई में श्रीलंका के खिलाफ मुरली विजय (87), सहवाग (293), द्रविड़ (74), सचिन (53) और लक्ष्मण (62) ने ऐसा किया था। इंग्लैंड के खिलाफ पहली बार ऐसा हुआ। रोहित और गिल ने शतक तो यशस्वी जायसवाल, सरफराज और पडिक्कल ने अर्धशतकीय पारियां खेलीं।

### टेस्ट में पदार्पण करते ही पडिक्कल का अर्धशतक



धर्मशाला में शुक्रवार को अर्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन स्वीकारते देवदत्त पडिक्कल। ● एजेंसी

### पारी में पांच शीर्ष भारतीयों का 50+ का स्कोर

| बनाम | वर्ष | स्थान | परिणाम |
|---|---|---|---|
| ऑस्ट्रेलिया | 1998 | कोलकाता | पारी और 219 रन से जीत |
| न्यूजीलैंड | 1999 | मोहाली | ड्रॉ |
| श्रीलंका | 2009 | मुंबई | पारी और 24 रन से जीत |
| इंग्लैंड | 2024 | धर्मशाला | मुकाबला जारी |

# दीप्ति के दम पर वॉरियर्स ने दिल्ली को एक रन से हराया

डब्ल्यूपीएल



दीप्ति ने 59 रन बनाने के बाद हैट्रिक सहित चार विकेट लिए

**नई दिल्ली।** दीप्ति शर्मा (48 गेंद, 59 रन, 19/4) के ऑलराउंड खेल के दम पर यूपी वॉरियर्स ने शुक्रवार को महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के रोमांचक मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को एक गेंद रहते एक रन से पराजित किया। दीप्ति ने हैट्रिक लगाई। इसके साथ दिल्ली का लगातार चार मैचों से चला आ रहा विजय रथ भी थम गया।

**लेनिंग का अर्धशतक :** यूपी ने पहले खेलते हुए दीप्ति के लगातार दूसरे अर्धशतक से आठ विकेट पर 138 रन बनाए। इसके बाद दिल्ली को 19.5 ओवर में 137 रन पर ढेर कर दिया। दिल्ली ने एक समय मैग लेनिंग (60) की कप्तानी पारी से 14 ओवर में तीन विकेट पर 93 रन बना लिए थे और उसकी जीत तय लग रही थी। दीप्ति ने लेनिंग को एलबीडब्ल्यू कर मैच का पासा पलट दिया। इसके बाद तो दिल्ली ने 44 रन के भीतर अपने शेष सात विकेट गंवा दिए।

**नहीं बने दस रन :** अंतिम ओवर में दिल्ली को दस रन चाहिए थे। ग्रेस हैरिस के इस ओवर में राधा ने पहली गेंद पर छक्का और दूसरी पर दो रन लिए। अगली तीन गेंद पर तीन विकेट गिर गए और यूपी ने जीत दर्ज कर ली। हैरिस और सीमा ने दो-दो विकेट लिए। इससे यूपी की ओर से दीप्ति ने कप्तान एलीसा हीली (29) के साथ दूसरे विकेट के लिए 46 रन जोड़े। हैरिस ने 14 रन बनाए। दिल्ली की ओर से साधु और राधा यादव ने दो-दो विकेट लिए।

# जोश के 'पंजे' से फ्रंटफुट पर ऑस्ट्रेलिया

दूसरा टेस्ट

**क्राइस्टचर्च, एजेंसी।** जोश हेजलवुड के पंजे में फंसकर न्यूजीलैंड की टीम गुरुवार को दूसरे टेस्ट की पहली पारी में 162 रन पर ढेर हो गई जो क्राइस्टचर्च में उसका न्यूनतम स्कोर है। जवाब में ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन का खेल खत्म होने तक चार विकेट पर 124 रन बनाकर खुद को फ्रंटफुट पर बनाए रखा।

मेहमान टीम 38 रन पीछे है जबकि उसके छह विकेट शेष हैं। ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक समय दो विकेट पर 32 रन था जब बेन सियर्स ने टेस्ट क्रिकेट में अपनी तीसरी गेंद पर स्टीव स्मिथ (11) को आउट किया। उस्मान ख्वाजा (16), कैमरन ग्रीन (25) और ट्रेविस हेड (21) को मैट हेनरी ने पवेलियन भेजा। स्टंप के समय मार्नस लाबुशेन 45 के साथ नाथन लियोन एक रन बनाकर क्रीज पर थे।

**विलियम्सन-साउदी :** न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन और टिम साउदी के 100वें टेस्ट का जश्न फीका पड़ गया। विलियम्सन अपने सौवें टेस्ट में 17 रन पर आउट हो गए। टीम की ओर से टॉम लाथम ने सर्वाधिक 38 रन बनाए। टिम साउदी ने 26, हेनरी ने 29 और टॉम ब्लेंडल ने 22 रन का योगदान दिया। हेजलवुड ने केन विलियम्सन, टॉम लाथम, रचिन रविंद्र, डेरिल और हेनरी के विकेट लिए। मिचेल स्टार्क ने विल यंग (14) और ग्लेन फिलिप्स (दो) के अलावा स्कॉट कुग्लेजिन (0) को पवेलियन भेजा।



क्राइस्टचर्च में शुक्रवार को न्यूजीलैंड के केन विलियम्सन का विकेट लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाज जोश हेजलवुड को बधाई देते साथी खिलाड़ी। ● एजेंसी

**162** पर न्यूजीलैंड की पहली पारी समेट कर कंगारुओं ने बनाए चार विकेट पर 124 रन

**05** वें खिलाड़ी हैं केन विलियम्सन न्यूजीलैंड की ओर से सौ टेस्ट खेलने वाले जबकि साउदी छठे

**04** खिलाड़ी साउदी, कोहली वॉर्नर व टेलर ने ही तीनों प्रारूपों में 100 मैच खेले

### डेनिस लिली से आगे निकले मिचेल स्टार्क

स्टार्क ऑस्ट्रेलिया की ओर से सर्वाधिक विकेट लेने वाले चौथे गेंदबाज बन गए। उन्होंने 357 विकेट लेकर दिग्गज डेनिस लिली (355) को पीछे छोड़ा। शेन वॉर्न (708) शीर्ष, ग्लेन मैक्ग्रा (563) दूसरे और नाथन लियोन (527) तीसरे नंबर पर हैं।

## खेल 30s

### सफलता का श्रेय साथियों को : कोहली



**बेंगलुरु।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने इंडियन प्रीमियर लीग में अपनी सफलता का श्रेय साथी खिलाड़ियों और प्रशंसकों को दिया। कोहली निजी कारणों से इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज में नहीं खेल रहे हैं लेकिन उनके आईपीएल में वापसी करने की संभावना है। उनकी टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (आरसीबी) टूर्नामेंट के पहले मैच में 22 मार्च को चेन्नई सुपर किंग्स से भिड़ेगी। आरसीबी के पूर्व कप्तान ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, मुझे आईपीएल से गहरा लगाव है। इसमें आप कई नए खिलाड़ियों के साथ खेलते हो। कई ऐसे खिलाड़ियों के साथ खेलते हो जो आपके देश से नहीं है जिनसे आप अक्सर नहीं मिलते।

### अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हूं : नीरज चोपड़ा

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियन और ओलंपिक पदक विजेता भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने शुक्रवार को कहा कि वह शारीरिक तौर पर बहुत अच्छी स्थिति में हैं और इससे पहले उन्होंने कभी इतना अच्छा महसूस नहीं किया था। चोपड़ा 2024 में पहली बार आउटडोर प्रतियोगिताओं में भाग लेने से पहले इस सप्ताह से तुर्की में अभ्यास शुरू करेंगे। चोपड़ा ने कहा, मैं इस साल होने वाले पेरिस ओलंपिक से पहले अपनी सर्वश्रेष्ठ स्थिति में रहना चाहता हूं।

### अमनदीप ने पांचवें चरण का खिताब जीता

**गुरुग्राम।** अमनदीप द्राल ने चार शॉट की अपनी बढ़त को बरकरार रखते हुए शुक्रवार को यहां हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण का खिताब जीता। अमनदीप ने अपना पिछला खिताब 13 महीने पहले जीता था। उन्होंने यहां आखिरी दौर में एक अंडर 71 का कार्ड खेला और इस तरह से उनका कुल स्कोर 10 अंडर 278 रहा। गौरिका विश्नोई ने 6 अंडर 282 के कुल स्कोर के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। खुशी खानिजाऊ (73) तीसरे स्थान पर रहीं।

### अफगानों ने आयरलैंड को 35 रनों से हराया

**शारजाह।** रहमनुल्लाह गुरबाज की 121 रनों की शतकीय पारी और उसके बाद फजलहक फारूकी के चार विकेट की शानदार गेंदबाजी की बदौलत अफगानिस्तान ने एकदिवसीय मुकाबले में आयरलैंड को 35 रनों से हरा दिया। शारजाह क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में पांच विकेट पर 310 रन बनाए। जवाब में आयरलैंड आठ विकेट के नुकसान पर 275 रन ही बना सका। आयरलैंड के लिए लोर्कन टुके ने सर्वाधिक 85 रन बनाए।

### वीनस विलियम्स वापसी के साथ पहला मैच हारीं

**इंडियन वेल्स।** पिछले छह महीने में पहली बार टूर पर खेल रही अमेरिकी धुरंधर वीनस विलियम्स बीएनपी परीबस ओपन के पहले दौर में क्वालीफायर नाओ हिबिनो से 6-2, 3-6, 0-6 से हार गईं। पिछले साल अगस्त में अमेरिकी ओपन के पहले दौर में हारने के बाद वीनस पहली बार खेल रही थी। एक समय दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी रही वीपस अब शीर्ष 450 में भी नहीं हैं। उन्होंने आखिरी ग्रैंडस्लैम 2008 में विम्बलडन के रूप में जीता था।

### मिलोस से पहले दौर में ही हारे सुमित नागल

**इंडियन वेल्स।** भारत के सुमित नागल को बीएनपी परिवास ओपन के पहले दौर में कनाडा के मिलोस राओनिच ने सीधे सेटों में हरा दिया। राफेल नडाल के नाम वापस लेने के बाद नागल लकी लूजर के तौर पर पहली बार यहां मुख्य ड्रॉ में पहुंचे थे। दुनिया के 101वें खिलाड़ी नागल को राओनिच के हाथों एक घंटे 28 मिनट में 3-6, 3-6 से हार मिली। नागल क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हार गए थे। नागल जनवरी में ऑस्ट्रेलियन ओपन के दूसरे दौर में पहुंचे थे।

# चीनी दीवार नहीं लांघ पाईं पीवी सिंधु

बैडमिंटन



ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेई ने कड़े संघर्ष में सिंधु को हराया

**पेरिस, एजेंसी।** भारतीय शटलर पीवी सिंधु शुक्रवार को फ्रेंच ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में चीनी दीवार नहीं लांघ पाईं। चोट के कारण चार महीने बाद वापसी कर रही सिंधु को ओलंपिक चैंपियन चेन यू फेई के हाथों एक घंटे 32 मिनट तक चले मुकाबले में 24-22, 17-21, 18-21 से हार झेलनी पड़ी है।

उनका लगातार तीसरी मुकाबला तीन गेम में चला। पिछले दोनों मुकाबलों में उन्होंने पहला गेम हारने के बाद वापसी की थी पर इस बार पहला गेम जीतने के बावजूद हार गईं।

सिंधु ने 2019 में दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी चेन को हराकर विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता था। उसके बाद से पिछले दो मैच में वह चेन से हार चुकी है। यह 12 मैच में सिंधु की चेन के खिलाफ छठी हार है।

**लक्ष्य और सात्विक-चिराग सेमीफाइनल में :** सात्विकसाईराज रांकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई। दुनिया की नंबर एक जोड़ी ने थाईलैंड के जोमकोह सुपाक और केडरेन के को 21-19, 21-13 से हराया। यह जोमकोह और केडरेन पर भारतीय जोड़ी लगातार दूसरी जीत है। लक्ष्य सेन ने सिंगापुर के लोह कीन यू को एक घंटे 18 मिनट में 19-21, 21-15, 21-13 से हराकर सत्र के पहले अंतिम चार में जगह बनाई।

## भारतीय कुश्ती महासंघ का समर्थन

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कुश्ती की वैश्विक नियामक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने शुक्रवार को भारतीय कुश्ती महासंघ का समर्थन किया। उसने कहा कि वह अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए के लिए केवल भारतीय कुश्ती महासंघ से ही प्रविष्टियां स्वीकार करेगा।

दिल्ली हाईकोर्ट ने भारतीय ओलंपिक संघ द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल को आगामी एशियाई चैंपियनशिप और ओलंपिक क्वालीफायर के लिए ट्रायल आयोजित करने को कहा था जिसके बाद यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने रुख स्पष्ट किया।

# निशांत जोरदार मुक्के जड़ प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**बुस्तो अर्सिजियो (इटली), एजेंसी।** विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता निशांत देव (71 किग्रा) जोरदार मुक्कों के दम पर पहले विश्व ओलंपिक मुक्केबाजी क्वालीफायर के प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंच गए। निशांत ने शुक्रवार रात जॉर्जिया के मेदीयेव एस्केरखान को 5-0 से पराजित किया।

युवा विश्व चैंपियन अंकुशिता बोरो (66 किग्रा) को फ्रांस की सोविको एमिली ने 3-2 से जबकि राष्ट्रीय चैंपियन संजीत (92 किग्रा) को कजाखस्तान के एबेक ओरलबे ने 5-0 से पराजित किया। भारत ने अब तक पेरिस ओलंपिक के लिए चार कोटे हासिल किए हैं जो महिला वर्ग में निकहत जरीन (50 किग्रा), प्रीति (54 किग्रा), परवीन हुडा (57 किग्रा), लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) ने हासिल किए हैं। दूसरा विश्व क्वालीफाइंग टूर्नामेंट 23 मई से तीन जून तक बैंकॉक में खेला जाएगा।

**सराहना** | महिला दिवस पर मास्टर ब्लास्टर ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा की मैदान से जुड़ी खूबसूरत कहानी, देश की पहली महिला पिच क्यूरेटर की भी प्रशंसा की

# उम्मीद है जैसिंथा जैसी महिलाएं और भी आगे आएंगी : तेंदुलकर

**नई दिल्ली।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर किसी की तारीफ करें तो वह निश्चित तौर पर खास होता है। महिला दिवस पर शुक्रवार को उन्होंने दो महिलाओं की तस्वीरें साझा कीं। एक भारतीय महिला पिच क्यूरेटर जैसिंथा कल्याण की थी और दूसरी एक ग्राउंड स्टाफ महिला की।

उन्होंने इस महिला से जुड़ा खूबसूरत वाकया साझा किया। वहीं, जैसिंथा जैसी दूसरी महिलाओं के आगे आने की उम्मीद जताई। सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर तस्वीरें पोस्ट करते हुए लिखा, पिछले कुछ वर्षों में, भारत और दुनियाभर में खेल में महिलाओं की वृद्धि उत्साहजनक है।

वर्ष 2008 में जब 26/11 हमला हुआ था, उसके बाद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ मैच जीता था। यह जीत पूरे भारत के लिए काफी ज्यादा भावनात्मक थी। मैंने इस जीत का जश्न जिन लोगों के साथ सबसे पहले मनाया था, उनमें एक महिला भी थी। यह महिला तब ग्राउंड स्टाफ की सदस्य थी। यह पल हमेशा के लिए खास बन गया। उन्होंने आगे लिखा, कई वर्षों के बाद, 2024 में एक और महिला जैसिंथा कल्याण भारत की पहली महिला पिच क्यूरेटर बनीं। वह पहली हैं, लेकिन उम्मीद करता हूं कि भविष्य में बहुत सी और महिलाएं हमें दिखेंगी। इस अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चलिए उन रोल मॉडल्स को प्रोत्साहित करते हैं, जो बाधाएं लांघ आगे आ रही हैं। बता दें कि कर्नाटक की जैसिंथा ने फरवरी में में महिला प्रीमियर लीग के बेंगलुरु में हुए शुरुआती 11 मैचों के लिए पिच बनाने की जिम्मेदारी संभाली थी।





सचिन तेंदुलकर ने शुक्रवार को एक्स पर ये दो तस्वीरें पोस्ट कीं। पहली महिला ग्राउंड स्टाफ की व दूसरी जैसिंथा कल्याण की। ● एक्स

## सोशल मीडिया से

भारतीय तेज गेंदबाज दीपक चाहर का एक वीडियो इंस्टाग्राम समेत कई सोशल मीडिया मंचों पर वायरल हो रहा है। वैसे तो वह गेंदबाज हैं मगर वीडियो में वह लंबे शॉट्स खेलने का अभ्यास कर रहे हैं। खास बात यह है कि अभ्यास उन्हें उनकी बहन मालती चाहर करवा रही हैं। मालती उन्हें गेंदबाजी मशीन से गेंद फेंक रही थीं। टीम इंडिया से बाहर चल रहे दीपक दरअसल इन दिनों इंडियन प्रीमियर लीग के लिए तैयारी करने में जुटे हैं।



वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।

### अनुच्छेद 370 को हटाने के फैसले की आलोचना करने पर दर्ज मामला रद्द

# सरकार के काम की आलोचना करना अपराध नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**फैसला**

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 'यदि सरकार के कामकाज की हर आलोचना या विरोध को अपराध माना जाएगा तो लोकतंत्र, जो भारत के संविधान की एक अनिवार्य विशेषता है, जीवित नहीं रहेगा।'

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी अनुच्छेद 370 हटाने के केंद्र सरकार के फैसले की आलोचना करने पर महाराष्ट्र के कोल्हापुर के कॉलेज में एक प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज आपराधिक मुकदमा को रद्द करते हुए की है। जस्टिस अभय एस. ओका और उज्जल भुइयां की पीठ ने अपने फैसले में विशेष तौर पर सार्वजनिक महत्व के मामलों में 'असहमति और आलोचना' व्यक्त करने के लोगों के मौलिक अधिकारों पर जोर दिया है। पीठ ने कहा है कि अनुच्छेद 370 को खत्म करने के केंद्र सरकार के फैसले की आलोचना करना या विरोध में व्हाट्सएप स्टेटस लगाना आईपीसी की धारा 153ए के तहत अपराध नहीं हो सकता है। शीर्ष अदालत ने कहा है कि देश के सभी नागरिकों को जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने और राज्य को दो हिस्सों में विभाजित किए जाने के सरकार की कार्रवाई की आलोचना करने का अधिकार है।

पीठ ने कहा है कि 'जिस दिन जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाया गया, उस दिन को 'काला दिवस' के रूप में वर्णित करना विरोध और पीड़ा की अभिव्यक्ति है। पीठ ने कहा है कि यदि राज्य के कामकाज की हर आलोचना या विरोध को आईपीसी की धारा 153ए के तहत अपराध माना जाएगा, तो लोकतंत्र, जो भारत के संविधान की एक अनिवार्य विशेषता है, जीवित नहीं रहेगा।' इसके अलावा, शीर्ष अदालत ने पाकिस्तान को उसके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देना भी आईपीसी की धारा 153ए की उपधारा 1 के तहत किसी तरह का अपराध नहीं है। शीर्ष अदालत ने अपने फैसले में कहा है कि यदि भारत का कोई नागरिक 14 अगस्त को पाकिस्तानी नागरिकों को उनके स्वतंत्रता दिवस पर शुभकामनाएं देता है, तो इसमें कुछ भी गलत नहीं है। पीठ ने कहा है कि इस तरह के कृत्यों से धार्मिक समूहों के बीच शत्रुता, घृणा या द्वेष की भावना पैदा होगी।

### पुलिस को शिक्षित करने की जरूरत

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 'अब, समय आ गया है कि हमारी पुलिस मशीनरी को संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) द्वारा गारंटीकृत भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अवधारणा और उनके स्वतंत्र भाषण और अभिव्यक्ति पर उचित संयम की सीमा के बारे में जागरूक और शिक्षित किया जाए। पीठ ने कहा है कि हमारे संविधान में निहित लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में पुलिस को संवेदनशील बनाया जाना चाहिए।'



## जांच का मतलब यह नहीं कि आरोपी अपने खिलाफ बयान दे

- शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए यह टिप्पणी की

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि 'आपराधिक मामले की जांच में सहयोग करने का मतलब यह नहीं है कि वह अपने ही खिलाफ बयान दें। शीर्ष अदालत ने भ्रष्टाचार के मामले में आरोपी जूनियर अभियंता को अग्रिम जमानत देते हुए यह टिप्पणी की है।

जस्टिस अनिरूद्ध बोस और संजय कुमार की पीठ ने हरियाणा सरकार की दलील को सिरे से खारिज करते हुए आरोपी जूनियर अभियंता बिजेंदर को अग्रिम जमानत दी।

हरियाणा सरकार ने कहा था कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर आरोपी जांच में शामिल हुआ, लेकिन उसने कोई सहयोग नहीं किया। पीठ ने आरोपी को अग्रिम जमानत देते हुए कहा कि 'जहां गिरफ्तारी से अंतरिम सुरक्षा आरोपी के जांच में सहयोग के अधीन है, उससे ऐसी सुरक्षा वापस ले लेने की पुलिस की धमकी के तहत आत्म-दोषारोपण वाले बयान देने की उम्मीद नहीं की जाती है।'

पीठ ने कहा है कि हम अपीलकर्ता के व्यवहार यानी जांच में सहयोग नहीं किए जाने को अग्रिम जमानत की अपील को खारिज करने के उचित आधार के रूप में नहीं मान सकते।

## इरफान की डायरियों में मिला एक अरब का हिसाब

**कलंक कथा**

**कानपुर, प्रमुख संवाददाता।** जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी के यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को छापेमारी के दौरान कुछ डायरियां भी मिली हैं, जिसमें लगभग एक अरब का हिसाब-किताब मौजूद है।

50 करोड़ की सम्पत्तियों के जो दस्तावेज मिले हैं उसे लेने के लिए फंड कैसे आया ईडी अब इसपर जांच करने में जुटी है। साथ ही विदेश में पैसों के लेनदेन पर भी ईडी की पैनी नजर है। विधायक इरफान सोलंकी के बाद ईडी अब उनके परिवार वालों की सम्पत्तियों के अलावा पैसे के लेनदेन का हिसाब जुटा रही है।

**नकद लेन-देन वालों की अलग सूची तैयार हो रही :** सूत्रों के मुताबिक ईडी को 50 से ज्यादा नाम ऐसे मिले हैं, जिनसे बड़े पैमाने पर विधायक इरफान सोलंकी का नकद में लेनदेन होता था। इन लोगों की अलग सूची तैयार की गई है। सूत्रों के मुताबिक ट्रांजेक्शन का डीटेल पूरा होने के साथ ही इन लोगों को भी ईडी पूछताछ के लिए बुला सकती है। ईडी की टीम विधायक के यहां से 50 करोड़ की सम्पत्तियों के दस्तावेज, चार मोबाइल फोन जब्त किए थे।

## कुट्टू के आटे की पूड़ी खाने से 70 बीमार

**हसनपुर (अमरोहा), संवाददाता।** महाशिवरात्रि पर कुट्टू आटे से बनी पकौड़ी और पकवान खाने के बाद शहर के चार से अधिक मोहल्लों के करीब 70 लोग बीमार पड़ गए। हालांकि, प्रशासन पीड़ितों की संख्या 26 बता रहा है।

पीड़ितों को पेट दर्द, कंपकंपी, उल्टी व दस्त आदि शिकायतों पर नगर के विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई का उपचार जारी है जबकि कुछ को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। सभी की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। एसडीएम, सीओ, विधायक ने अस्पतालों में भर्ती घायलों का हाल जाना है। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर मौजूद है।

## लैंड जेहाद पर सख्ती जारी रहेगी : धामी

**हल्द्वानी, का.सं.।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने टूक कहा है कि देवभूमि में लैंड जेहाद के खिलाफ अभियान जारी रहेगा। अब तक 3500 एकड़ भूमि को कब्जामुक्त कराया गया है।

विपक्ष पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि विपक्षी दल के लोग जनता को बरगलाने का काम कर रहे हैं। हल्द्वानी वनभूलपुरा की हिंसा इसी का नतीजा है। हल्द्वानी के काठगोदाम में मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने शुक्रवार को 778 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में लंबे समय से सरकारी भूमि पर कब्जा करने का षड्यंत्र रचा जा रहा था।

**देश 30s**



असम के नगांव जिले के कलियाबोर में शुक्रवार को सीएए के खिलाफ प्रदर्शन करते विपक्ष के नेता। • एएनआई

### पीएम के दौरे से पहले विरोध प्रदर्शन

**गुवाहाटी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो-दिवसीय दौरे पर शुक्रवार को असम पहुंचने से पहले विपक्षी दलों ने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) के खिलाफ नगांव जिले के कलियाबोर में प्रदर्शन किया। सोलह-सदस्यीय यूनाइटेड अपोजिशन फोरम, असम (यूओएफए) ने काजीरंगा के समीप धरना प्रदर्शन किया। प्रधानमंत्री का यहां रात्रि विश्राम का कार्यक्रम है।

### राजनाथ ने परिवार संग देखी 'आर्टिकल 370'

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने यहां एक थिएटर में अपने परिवार के साथ फिल्म 'आर्टिकल 370' देखी है और यह फिल्म 'समस्या की जटिलता' के साथ-साथ 'चुनौतीपूर्ण समाधान' भी दिखाती है। सिंह ने 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि आज मैं अपने परिवार के साथ दिल्ली के एक सिनेमा हॉल में गया और फिल्म 'आर्टिकल 370' देखी। मैंने कई लोगों से इस फिल्म की प्रशंसा सुनी। यह फिल्म सच्ची घटनाओं से प्रेरित है।

### जूनियर कमीशन अधिकारी का अपहरण

**इंफाल।** मणिपुर के थौबल जिले में भारतीय सेना के जूनियर कमीशन अधिकारी (जेसीओ) का शुक्रवार को असामाजिक तत्वों ने उनके घर से अपहरण कर लिया। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जेसीओ की पहचान चरंगपत ममांग लेईकाई निवासी कोंसम खेड़ा सिंह के रूप में हुई है। कोंसम खेड़ा सिंह शुक्रवार को छुट्टी पर थे। कुछ लोग सुबह नौ बजे उनके घर में घुस गए और उन्हें एक वाहन में ले गए।

## यूपी में किसान 1045 यूनिट बिजली मुफ्त पाएंगे

**आदेश**

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** प्रदेश सरकार के फैसले के बाद पावर कारपोरेशन ने किसानों के निजी नलकूप कनेक्शन पर मुफ्त बिजली का आदेश जारी कर दिया है। किसानों को बिजली खपत करते समय अलर्ट रहना होगा, तय सीमा से अधिक खपत पर अतिरिक्त बिजली का भुगतान करना पड़ेगा।

31 मार्च 2023 तक के बिजली बिल बकाये को शून्य करने पर ही मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। बुंदेलखंड के किसानों को प्रतिमाह 1300 और अन्य किसानों के कनेक्शन पर 1045 यूनिट बिजली मुफ्त होगी। पावर कारपोरेशन के प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने मुफ्त बिजली से संबंधित निर्देश जारी किए हैं।

**बकाये बिल के भुगतान के लिए ब्याजमाफी योजना:** 31 मार्च 2023 से पूर्व के बकाये का भुगतान करने के लिए प्रबंधन ने ब्याज माफी की योजना भी दी है। बकायेदार किसानों को 30 जून 2024 तक इसके लिए रजिस्ट्रेशन कराना पडेगा। रजिस्ट्रेशन में बकाये बिल का 30 फीसदी मूलधन एकमुश्त जमा करना होगा।

## गैंगरेप पीड़िता के पिता को धमकाने वाले गिरफ्तार

**हमीरपुर, संवाददाता।** हमीरपुर में गैंगरेप पीड़िता के पिता को धमकाकर आत्महत्या करने को मजबूर करने वाली ईट-भट्ठा ठेकेदार की पत्नी और बेटी को पुलिस ने शुक्रवार सुबह बस अड्डे से गिरफ्तार कर लिया।

बेटी और भतीजी से गैंगरेप और आत्महत्या करने पर पीड़ित पिता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप है कि ठेकेदार के जेल जाने के बाद ठेकेदार की पत्नी-बेटी धमकी दे रही थीं। कानपुर के घाटमपुर में 28 फरवरी को चचेरी बहनों ने गैंगरेप के बाद फांसी लगा ली थी। दोनों की लाशें भट्ठे से दूर पेड़ पर लटकी मिली थीं। इनमें से एक किशोरी के पिता ने ठेकेदार रामस्वरूप सहित तीन लोगों के खिलाफ गैंगरेप व अन्य धाराओं में केस दर्ज किया था।

घटना के बाद से रामस्वरूप की पत्नी निर्मला और बेटी सुधा पीड़ित परिवार पर केस वापसी का दबाव डाल रही थीं। बताया जा रहा है कि पांच मार्च को निर्मला ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर हंगामा भी किया था।

## प्याज-टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली महंगी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्याज और टमाटर के दाम बढ़ने से शाकाहारी थाली फरवरी महीने में सात प्रतिशत महंगी हो गई। वहीं, चिकेन सस्ता होने से मांसाहरी थाली नौ प्रतिशत तक सस्ती हुई। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने शुक्रवार को जारी अपनी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

शुक्रवार को जारी मासिक रिपोर्ट के मुताबिक, शाकाहारी थाली की कीमत फरवरी में बढ़कर 27.5 रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान अवधि में 25.6 रुपये थी। हालांकि, मासिक आधार पर शाकाहारी थाली की कीमत में दो फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, पोल्ट्री की कीमतों में 20% की गिरावट से फरवरी में मांसाहारी थाली नौ फीसदी सस्ती हो गई। फरवरी में इसकी कीमत 54 रुपये थी। एक साल समान अवधि में कीमत 59.2 रुपये थी। हालांकि, पिछले माह जनवरी के 52 रुपये की तुलना में कीमत अधिक है।


रिपोर्ट के मुताबिक, प्याज और टमाटर की कीमतों में सालाना आधार पर क्रमशः 29 फीसदी और 38 फीसदी की वृद्धि के कारण शाकाहारी थाली की लागत में वृद्धि हुई है। चावल और दाल की कीमतों में क्रमशः 12 फीसदी और 20 फीसदी का इजाफा हुआ है।

## कतर में दुनिया की पहली एआई एयर होस्टेस 'समा'

**नई दिल्ली।** कतर एयरवेज में सफर करने का आनंद अब और बढ़ जाएगा। दरअसल यहां की सरकारी एयरलाइन ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) एयर होस्टेस 'समा' मौजूद रहेगी।

एयरवेज की ओर से समा 2.0 पेश किया गया। यह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित केबिन क्रू है। एयरलाइन ने इसे बर्लिन में आयोजित एक सम्मेलन में प्रस्तुत किया।

**अरबी भाषा में समा का अर्थ आसमान :** इस एआई केबिन क्रू को समा 2.0 नाम दिया गया है। अरबी भाषा में इसका मतलब आसमान होता है। रियल टाइम में ही सभी सवालों का जवाब समा दे सकती है।



एआई एयर होस्टेस समा।

**अन्य भाषाएं भी सिखेगी :** फिलहाल समा धड़ल्ले से अंग्रेजी में बात करती है। भविष्य में इसे और भी भाषाएं सीखने को मिलेगी ताकि दुनिया भर से आने वाले यात्रियों का आंकड़ा बढ़े।

